राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़







/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 सीएम विष्णुदेव साय से मिले केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी......

फिर टेंशन में एकनाथ शिंदे सरकार, चुनाव से पहले मनोज जरांगे.......12



वर्ष : 12 | अंक : 158 | पटना, गुरूवार, 19 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.0°C

न्यूनतम तापमान 17.0°C

**बाजार**

सोना 75,885

चांदी 92,102

सेंसेक्स 83,240

निफ्टी 25,459

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी को मिले उपहारों की ई-नीलामी 2 अक्टूबर तक चलेगी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों और स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी मंगलवार से शुरू हो गई है, जो 2 अक्टूबर तक चलेगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि यह संग्रह भारत की संस्कृति, आध्यात्मिकता, इतिहास और राजनीति के समृद्ध ताने-बाने को दशार्ता है। इस नीलामी की एक खास विशेषता पैरालंपिक खेलों और स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े स्मृति चिह्न हैं, जो देश के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाते हैं। इस नीलामी का आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 600 से अधिक वस्तुएं शामिल हैं। ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोग आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। यह प्रधानमंत्री के स्मृति चिन्हों की नीलामी का छठा संस्करण है, जो पहली बार 2019 में आयोजित किया गया था। अब तक के पांच संस्करणों में 50 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाई जा चुकी है।

**पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक देश एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट सौंपी, केन्द्र ने दी मंजूरी**

# एक देश एक चुनाव को मोदी कैबिनेट की मंजूरी



- देश में अब लोस व विस चुनाव एक साथ करवाने की राह आसान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। एक देश एक चुनाव को बुधवार को मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। अब देश में लोकसभा और विधान सभा चुनाव एक साथ करवाने की राह आसान हो गई है। दरअसल, वन नेशन वन इलेक्शन के लिए एक कमेटी बनाई गई थी जिसके चेयरमैन पूर्व राष्ट्रपति राममानथ कोविंद थे। इस समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाओं पर रिपोर्ट तैयार की और इसे सरकार को सौंपा। इसके बाद मोदी कैबिनेट ने इस रिपोर्ट पर विचार किया और इसे मंजूरी दे दी। इसके साथ ही लॉ कमीशन ने भी वन नेशन वन इलेक्शन पर प्रस्ताव तैयार किया था। इस योजना को लेकर देश के आम लोगों से भी राय मांगी गई थी। कोविंद ने अपनी रिपोर्ट मोदी कैबिनेट को दी जिसके बाद उसे सर्वसम्मति से मंजूर कर दिया गया। हालांकि इसके बाद आगे का सफर आसान नही होने वाला है। इसके लिए संविधान संशोधन और राज्यों की मंजूरी भी जरूरी है, जिसके बाद ही इसे लागू किया जाएगा।

**शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता है बिल :**

एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को आज नरेंद्र मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। माना जा रहा है कि अब केंद्र सरकार इसे शीतकालीन सत्र में संसद में लाएगी। हालांकि, ये संविधान संशोधन वाला बिल है और इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। 2024 के आम चुनाव में बीजेपी ने वन नेशन वन इलेक्शन का वादा किया था। मार्च में, राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में पैनल ने अपनी 18,626 पेज वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। कैबिनेट की ओर से हां के संकेत एक दिन पहले ही मिल गए थे, जब गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि एक राष्ट्र, एक चुनाव मोदी सरकार 3.0 के कार्यकाल के दौरान अगले पांच वर्षों के भीतर लागू किया जाएगा।

**सहयोगी दलों का भी मिला साथ :** भाजपा के सहयोगी, जदयू और लोजपा आर ने भी औपचारिक रूप से इस कदम का समर्थन किया है, वहीं विपक्षी दलों ने विरोध किया है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जदयू एनडीए की एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना का पूरा समर्थन करता है। ऐसा करने से देश को न केवल लगातार चुनावों से छुटकारा मिलेगा, बल्कि केंद्र स्थिर नीतियों और साक्ष्य-आधारित सुधारों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

**वन नेशन वन इलेक्शन क्या है :**

एक देश एक चुनाव लागू होने के बाद एक ही समय या एक ही वर्ष में केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सभी भारतीय लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान करेंगे। यही नहीं वन नेशन वन इलेक्शन के लागू होते ही नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी साथ होंगे। वर्तमान में, केंद्र सरकार का चयन करने के साथ-साथ एक नई राज्य सरकार के लिए भी लोगा मतदान करते हैं। एक देश एक चुनाव लागू होते ही संसाधनों की भी बचत होगी।

### 80 प्रतिशत लोगों ने इस प्रस्ताव का किया समर्थन

केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। अश्वनी वैष्णव ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टियों के नेताओं ने वास्तव में एक देश एक चुनाव पहल का समर्थन किया है। उच्च-स्तरीय बैठकों में बातचीत के दौरान वे अपना इनपुट बहुत संक्षिप्त तरीके और बहुत स्पष्टता के साथ देते हैं। हमारी सरकार उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने में विश्वास करती है, जो लंबे समय में लोकतंत्र और राष्ट्र को प्रभावित करते हैं। यह एक ऐसा विषय है, जिससे हमारा देश मजबूत होगा। विपक्ष, खासकर कांग्रेस के इस पहल का विरोध करने के बारे में वैष्णव ने कहा कि समिति को मिली सिफारिशों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा खासकर युवाओं ने एक साथ चुनाव कराने का पक्ष रखा है। उन्हें लगता है कि आने वाले समय में विपक्ष इस संबंध में आंतरिक दबाव महसूस कर सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मौजूदा कार्यकाल में एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि देश में 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। इसके बाद 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि पांच साल में लोकसभा और सभी विधानसभाओं का एक चुनाव होना चाहिए ताकि देश में विकास होता रहे। उन्होंने बताया कि 2015 में संसदीय समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में सरकार से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाने को कहा था। इसके बाद, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया और उस समिति ने राजनीतिक दलों, न्यायाधीशों, संवैधानिक विशेषज्ञों सहित हितधारकों के व्यापक स्पेक्ट्रम से व्यापक परामर्श किया। वैष्णव ने बताया कि एक देश एक चुनाव दो चरणों में लागू होगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे। दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत और नगरपालिका) होंगे।

**मुख्यमंत्री ने कैमूर में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास**

# जल ही जीवन है : सीएम नीतीश

- बोलें-जल की बबार्दी न हो यह हम सभी का दायित्व है
- मां मुण्डेश्वरी वन्य प्राणी ईको पार्क में पर्यटकों की सुविधाओं का किया लोकार्पण

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैमूर जिले में भगवानपुर प्रखंड में माँ मुण्डेश्वरी वन्य प्राणी इको पार्क का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक ऑटो रिक्शा से नवनिर्मित इको पार्क का निरीक्षण किया साथ ही जल-जीवन-हरियाली अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने तियरा ग्राम का भ्रमण कर विकासात्मक योजनाओं की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल ही जीवन है। इसलिए जल की बबार्दी न हो, इसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। यह हम सभी का दायित्व है। जल एवं हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित है। पौरा पहाड़ी के नीचे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 10.4 करोड़ की लागत से माँ मुण्डेश्वरी वन्य प्राणी ईको पार्क का निर्माण कराया गया है। यह पार्क 13.6 एकड़ में फैला हुआ है। इस पार्क में विभिन्न वन्य प्राणी की प्रतिमायें लगाई गईं हैं, वृक्ष धर, मचान, पुल, बुद्ध सरोवर का जीर्णोद्धार, ओपन एयर थियेटर, गजेबो, फव्वारे, झरने, लाईट आदि यहां लगाए गए हैं। ओपन थियेटर में 300-400 लोगों को एक साथ बैठने की व्यवस्था है। पूरे पार्क में स्वचालित स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिससे पूरे पार्क का पटवन किया जा सके और हरियाली को बरकरार रखा जा सके। माँ मुण्डेश्वरी वन्य प्राणी इको पार्क हरे-भरे पेड़ों और खुबसूरत बागीचों से सुसज्जित है। यह पार्क पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा साथ ही इससे इको टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

**सीएम नीतीश ने की माँ मुण्डेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना :**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माँ मुण्डेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुण्डेश्वरी मंदिर कैमूर जिले के पौरा पहाड़ी के ऊपर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण लगभग 108 ई0 में हुआ था। यह मंदिर भारत के सबसे प्रचीनतम मंदिरों में से एक माना जाता है। मुख्यमंत्री ने माँ मुण्डेश्वरी वन्य प्राणी इको पार्क से ही रिमोट के माध्यम से तेलहार कुण्ड जलप्रपात में पर्यटकों की सुविधाओं का भी लोकार्पण किया। यह जलप्रपात भभुआ से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां का जलप्रपात लगभग 500-600 फीट की ऊंचाई से गिरता है जो देखने में बेहद मनमोहक और पर्यटकों को आकर्षित करता है। पर्यटकों को सुगमता को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 2.25 करोड़ रुपए की लागत से बिहार के सबसे गहरे जलप्रपात तेलहार कुण्ड में पर्यटकीय सुविधायें जैसे-पहुंच पथ, प्रवेश द्वार, सुरक्षा रेलिंग, गजेबो, पार्किंग, बैरक, शौचालय, व्यू प्वाइंट आदि का निर्माण कराया गया है। इन सुविधाओं के विकास के बाद तेलहार कुण्ड जलप्रपात में पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्रीमयंक बरबड़े, पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा विनय कुमार, जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक कैमूर ललित मोहन शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नौकरी के बदले जमीन मामला : लालू, तेजस्वी सहित आठ को समन

- 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश जारी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े धन शोधन के मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद एवं अन्य को बुधवार को तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों को सात अक्टूबर को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने आरोपियों के खिलाफ दाखिल पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया। कोर्ट ने लालू और तेजस्वी को 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। बताया जा रहा है कि, कोर्ट ने यह माना की इस मामले में मुकदमा चलाने के लिए प्रथम दृष्टया में पर्याप्त सबूत हैं। उसके बाद कोर्ट ने कहा कि बड़ी तादात में जमीन का ट्रांसफर हुआ है और लालू यादव और उनके परिवार द्वारा पद का दुरुपयोग किया गया है। कोर्ट ने कहा कि लालू यादव परिवार के नाम पर जमीन का ट्रांसफर हुआ है और खुद लालू यादव भी मनी लांड्रिंग में शामिल थे। वहीं, कोर्ट ने कहा कि तेजस्वी यादव के खिलाफ भी मामले में पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने कहा कि किरण देवी ने मीसा भारती के नाम पर जमीन ट्रांसफर किया। जिसके बदले में किरण देवी के बेटे को नौकरी दी गई, इसमें किरण देवी के पति भी शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि अङ इंफोसिस्टम द्वारा बिहार के राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को 2014 में बड़ी तादात में जमीन ट्रांसफर किया गया है। कोर्ट ने कहा कि तेज प्रताप यादव भी लालू यादव परिवार के सदस्य है और मनी लांड्रिंग में इनकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। उसके बाद कोर्ट ने कहा कि मामले में तेज प्रताव यादव को समन जारी किया जाता है। दरअलसल, यह मामला साल 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि उनके कार्यकाल में रेलवे ग्रुप डी के पदों पर कई लोगों को नियमों की अवहेलना करते हुए नौकरी दी गई थी। इसकी एवज में लालू परिवार और करीबियों के नाम पर जमीनें लिखवाई गई थीं। इस केस के आपराधिक पहलू की जांच सीबीआई कर रही है। वहीं, मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े पहलू की जांच प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के पास है। ईडी ने बीते 6 अगस्त को इस केस में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। इनमें 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव : पहले चरण में 58.85 फीसदी मतदान

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को 24 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। चुनाव आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 7 जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतदाताओं ने काफी उत्साह से मतदान में हिस्सा लिया। अगस्त में धारा 370 निरस्त किये जाने के बाद केंद्रशासित प्रदेश में यह पहला विधानसभा चुनाव था। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 7:30 बजे तक पहले चरण में 58.85 फीसदी मतदान हुए हैं। पहले चरण से पहले जम्मू-कश्मीर में 124 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जब्ती दर्ज की गई और नशीले पदार्थों पर कड़ी कार्रवाई की गई। बुधवार सुबह सात बजे से जिन विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को मतदान हुआ है। वे राजपोरा, जैनापोरा, शोपियां, डीएच पोरा, कुलगाम, त्राल, पुलवामा, देवसर, डूरू, कोकरनाग (एसटी), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा, शांगस-अनंतनाग पूर्व, पहलगाम थे। ये सभी दक्षिण कश्मीर में हैं, जो कभी उग्रवाद का गढ़ हुआ करता था। जम्मू-कश्मीर के पहले चरण में 24 सीटों पर 58.85 फीसदी पोलिंग, 219 उम्मीदवारों की किस्मत एश्ट में कैद : जम्मू-कश्मीर के पहले चरण में 24 सीटों पर बुधवार को मतदान संपन्न हुआ. चुनाव आयोग के अनुसार शाम 7:30 बजे तक 58.85 फीसदी मतदान हुआ है। अगले दो चरणों के मतदान 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे. रिजल्ट आठ अक्टूबर को घोषित किये जाएंगे।

# भारतीय हॉकी टीम ने रचा इतिहास, 5 वीं बार जीता एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हरा दिया है। इस मैच की शुरूआत में दोनों टीमों की तरफ से कोई भी गोल नहीं कर पाया था। फिर मैच खत्म होने के कुछ मिनट पहले ही भारत के लिए जुगराज सिंह ने गोल किया। इसी गोल की वजह से भारतीय हॉकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। भारत ने कुल पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। चीन ने पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी और उससे पहली ही बार में शिकस्त मिली है। पहले तीन क्वार्टर तक दोनों टीमों की तरफ से नहीं हुआ था गोल पहले क्वार्टर में दोनों टीमों की तरफ से प्लेयर्स गोल करने में नाकाम रहे। भारत ने गोल करने के मौके बनाए, लेकिन टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला। पर भारतीय हॉकी टीम उसे भुना नहीं पाई। दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों की तरफ से कोई गोल नहीं हुआ। इस क्वार्टर में चीन के डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और भारतीय प्लेयर्स को रोके रखा। तीसरे क्वार्टर में चीन ने गोल करने के लिए कई हमले किए हैं, लेकिन उनकी भारतीय गोलकीपर कृष्णा पाठक के आगे एक ना चली। जुगराज सिंह ने किया दमदार गोल जब दोनों टीमों के बीच तीसरे क्वार्टर तक कोई गोल नहीं हुआ। ऐसे में लग रहा था कि मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में चला जाएगा। लेकिन इसके बाद जुगराज सिंह ने बेहतरीन मैदानी गोल करके टीम को मैच में 1-0 की बढ़त दिला दी। इससे भारतीय हॉकी टीम को जीतने की उम्मीदें बढ़ गईं। इसके बाद भारत ने चीन को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। जुगराज का फाइनल में किया गोल टीम को ट्रॉफी जिताने में अहम साबित हुआ।

**कैबिनेट फैसला** किसानों की मदद के लिए पीएम-आशा पर खर्च होंगे 35 हजार करोड़......................

# प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान को जारी रखने का फैसला

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने 35 हजार करोड़ रुपये के आवंटन से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) को जारी रखने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि किसानों को लाभकारी मूल्य देने तथा उपभोक्ताओं के लिये आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिये प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी गयी है। उन्होंने बताया कि इसमें वर्ष 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग के दौरान कुल वित्तीय व्यय 35,000 करोड़ रुपये होगा।

**एनपीके उर्वरकों के लिए 24,475 करोड़ की सब्सिडी आवंटित करने को मंजूरी :**

वहीं, एनपीके उर्वरकों के लिए 24,475 करोड़ रुपये की सब्सिडी आवंटित करने को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों का एलान किया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की कैबिनेट ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए एक के बाद एक योजनाओं को मंजूरी दी है। एनपीके उर्वरकों पर 24,475 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी उन्होंने कहा, आज एनपीके उर्वरकों के लिए 24,475 करोड़ रुपये की सब्सिडी आवंटित करने को मंजूरी दी गई है। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला और वैश्विक कीमतों में जो व्यवधान चल रहा है उससे किसानों को अछूता रखने के लिए सरकार ने बड़े निर्णय लिए हैं। खासकर मध्य पूर्व और रूस-यूक्रेन में संघर्ष से पैदा हुई चुनौतियों से किसानों को अप्रभावित रखने के लिए कैबिनेट ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी आवंटित करने का यह निर्णय लिया है।

**भारत चांद पर भेजेगा मानव मिशन**

कैबिनेट के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चंद्रयान-4 मिशन में और अधिक तत्वों को जोड़ने के लिए विस्तारित किया गया है। अगला कदम चंद्रमा पर मानव मिशन भेजना है। इसके लिए सभी प्रारंभिक कदमों को मंजूरी दे दी गई है। वीनस ऑर्बिटर मिशन, गगनयान फॉलो-ऑन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तथा अगली पीढ़ी के लॉन्च व्हीकल विकास को भी मंजूरी दी गई है।

**चंद्रयान 4 पर खर्च होंगे 2,104 करोड़ रुपये**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनैट की ब्रीफिंग के दौरान बताया कि चंद्रयान 4 के विस्तारित मिशन पर 2,104 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी गई है। चंद्रयान 4 के विस्तारित मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों का एक दल चांद पर जाकर वापस आएगा। केंद्रीय कैबिनेट ने वीनस ऑर्बिटर मिशन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पहले माड्यूल को भी मंजूरी दी।

# बिहार के किसानों को केन्द्र सरकार करेगी पूरी मदद : शिवराज

**केन्द्रीय कृषि मंत्री बिहार में संचालित केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को लेकर की बैठक**

प्रात : किरण




पटना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कृषि भवन नई दिल्ली में बुधवार को बिहार में संचालित केन्द्र प्रायोजित योजनाओं, बीज, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल तथा विभागीय अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहें। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार के किसानों को केन्द्र सरकार हरसंभव मदद करेंगी। सचिव, कृषि विभाग, बिहार श्री संजय कुमार अग्रवाल द्वारा एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए भारत सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए 45 करोड़ रुपए द्वितीय किस्त जारी की गयी। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के द्वारा कृषि भवन पटना में एपीडा का कार्यालय खोलने पर अपनी सहमति दी गई। राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केन्द्र मुजफ्फरपुर में शहद के अनुसंधान तथा लैब टेस्टिंग हेतु सहमति प्रदान की गई। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना तथा कृषोन्नति योजना के लिए उद्व्यय राशि में वृद्धि करने हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। 200 करोड़ की राशि की माँग बिहार द्वारा की गई। मखाना तथा मक्का अनुसंधान केन्द्र के सुदृढ़ीकरण का निदेश महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्-सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार को दिया गया। ई-नाम में 100 करोड़ रुपए की माँग पर सकारात्मक चर्चा की गई। डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए 10 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। गेहूँ के 5,000 क्विंटल आधार बीज उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। बागवानी विकास मिशन में उद्व्यय राशि दोगुना करने के अनुरोध पर सकारात्मक निर्णय लिया गया। मखाना निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एचएस कोड अलग किये जाने का निदेश दिया गया। यांत्रिकरण योजना में 50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त माँग पर सकारात्मक निर्णय लिया गया। कृषि मंत्री मंगल पांडे ने बताया कि 23 अगस्त को केन्द्रीय कृषि द्वारा कृषि भवन पटना में किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा भारत सरकार से अपेक्षा से संबंधित एक ज्ञापन सौपा गया था। केन्द्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही नई दिल्ली में बिहार के किसानों को सहायता हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की जायेगी। आज की बैठक इसी परिपेक्ष्य में आयोजित की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### टुनटुन यादव ने कई नवनिर्मित योजनाओं का किया उद्घाटन

फतुहा। बुधवार को मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने नगर परिषद के विभिन्न वार्डो में लगभग दस करोड़ की योजना से बने नल-जल, सड़क, नाला आदि का फीता काट कर और शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही कई नल-जल, सड़क, नाला निर्माण के लिए चिन्हित किया गया। उनके साथ कार्यपालक अधिकारी विनय कुमार, सिटी मैनेजर साकेश कुमार सिन्हा, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, पार्षदों में दीपक कुमार, अजीत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी, संजीव कुमार, संतोष चंद्रवंशी, मनोज कुमार, अनिल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, श्याम सुंदर केशरी सहित अन्य लोग मौजूद थे। टुनटुन यादव ने बताया ने बताया कि वार्ड संख्या-2, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 11, 12, 13, 15, 20, 22, 23, 25 और 27 में उद्घाटन किया गया। इस संबंध में टुनटुन यादव ने बताया कि शहर के कई वार्डो में करोड़ों की योजनाओं का कार्य चल रहा है। हम विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पीएम के जन्मदिन पर कारीगरों का किया सम्मान, पौधारोपण भी

पटना सिटी, आधुनिक भारत के निमार्ता, शिल्पकार पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा की ओर से गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित भामाशाह भवन में सदस्यता अभियान सह विश्वकर्मा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मतदाताओं व आमलोगो के मोबाइल पर 8800002024 डायल के साथ नाम और पता भर कर सदस्य बनाया गया। किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने बताया कि विश्वकर्मा समाज के बढ़ई, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, बिजली मिस्त्री, प्लंबर, वेल्डर सहित अन्य लोगों को अंग वस्त्र और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। संचालन चौक मंडल अध्यक्ष नवल सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन नित्यानंद चंद्रवंशी ने किया। समारोह में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल, चौक मंडल के महामंत्री विनय कुमार, मनोज यादव, प्रभारी बलराम माथुरी, दयानंद यादव, नीरज मिश्रा, दिनेश कुमार, महेंद्र अरोड़ा, मो नैयर इकबाल, रामनाथ सुमन आदि शामिल हुए। दूसरी ओर सूर्य मंदिर में पौधारोपण मरची गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में प्रदेश भाजपा कार्यालय के मीडिया प्रभारी विनीत कुशवाहा, उदयभान सिंह, विकास मेहता, अमन कुमार और राजू यादव ने बेल, पारिजात, अशोक, गुलमोहर और अमलतास के पौधे लगाए। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार कुमार दिनेश और पूर्व मुखिया बिंदेश्वर प्रसाद सिंह ने भी पौधे लगाए।

### मंत्री-विधायक का पुतला फूंका

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा विभाग की ओर से रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड का मालसलामी के पास पुतला जलाया गया। साथ ही केंद्र सरकार से मांग है कि दोनों नेता को तत्काल बर्खास्त किया जाए। आयोजन में प्रदेश पिछड़ा विभाग के महासचिव अशोक यादव, उमेश गुप्ता, सतीश यादव, बाल किशोर राय, विजय महतो, दीपक पासवान, श्याम यादव, नेपाली यादव आदि थे। नेताओं ने कहा कि इन सबों ने संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं।

### दवा डॉ की सलाह से लें, न कि दुकानदार व किसी के बताने से : डॉ पांडेय



पटना सिटी,राष्ट्रीय औषधि सतर्कता सप्ताह का आयोजन नाईपर (हाजीपुर) एवं आरएमआरआई के संयुक्त तत्वावधान में आरएमआरआई के ओपीडी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएमआरआई के निदेशक डॉक्टर कृष्णा पांडेय ने की। उन्होंने मरीजों को दवा का प्रयोग किस प्रकार करना चाहिए, इसकी विस्तार से जानकारी दी। बिना चिकित्सक के परामर्श के दवा का प्रयोग घातक हो सकता है। दवा के प्रभाव तथा दुष्प्रभाव की जानकारी मरीज को होनी चाहिए। किसी भी दवा का प्रयोग दवा दुकानदार या अन्य किसी की सलाह पर नहीं करनी चाहिए। इस सब विषय पर आरएमआरआई के डॉक्टर एवं वैज्ञानिक तथा नाइपर हाजीपुर के प्रोफेसर ने मरीजों को जागरूक किया। औषधि सतर्कता सप्ताह के माध्यम से मरीज को क्या सावधानी रखनी चाहिए, इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ कृष्णा पांडेय, डॉ रोशन कमल टोपनो, डॉ गोपाल विश्वास तथा नाइपर हाजीपुर के डॉ समीर ढिंगरा, डॉ कृष्णमूर्ति एवं नाईपर के छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित रहे।

# एम्स पटना में विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह पर रोगी सुरक्षा पर रोल प्ले और विचार-मंथन सत्र का किया आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। चल रहे विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह के एक भाग के रूप में, एम्स पटना ने आज एक रोल प्ले और विचार-मंथन सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो रोगी की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली सामान्य चिकित्सा त्रुटियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित था। सत्र का समन्वय कार्यकारी निदेशक डॉ जी के पाल के नेतृत्व में आपातकालीन चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल की उपस्थिति रही। सत्र में सम्मानित अतिथि, डॉ. एल. स्वस्तिचरण (स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक और प्रमुख, रोगी सुरक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) और डॉ. अविनाश सुंथलिया (उप अतिरिक्त महानिदेशक, रोगी सुरक्षा, मंत्रालय) ने भी भाग लिया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पैनल में शामिल हुए। आपातकालीन चिकित्सा विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों - डॉ. इकबाल, डॉ. जैनुल, डॉ. मुस्कान, डॉ. गौतम, डॉ. हितेश और डॉ. अपर्णा ने वास्तविक जीवन के चिकित्सा परिदृश्यों को दशार्ते हुए रोल प्ले की एक श्रृंखला प्रस्तुत की, जो रोगी की सुरक्षा के लिए खतरा है। . इन परिदृश्यों में शामिल हैं:

सर्जरी से पहले प्री-एनेस्थीसिया चेकअप (पीएसी) को नजरअंदाज करना। इलाज के लिए आगे बढ़ने से पहले महत्वपूर्ण लैब रिपोर्ट का इंतजार नहीं करना चाहिए। अनुचित मार्गो से नशीली दवाओं का प्रबंध करना। मरीजों की असुविधा की शिकायतों को नजरअंदाज करना। गलतबयानी और दवाओं की अनुचित खुराक. मानक जांच सूचियों और प्रोटोकॉल का पालन करने में विफलता। रोल प्ले के बाद, एक गतिशील विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया जहां सम्मानित पैनलिस्टों ने चिकित्सा पद्धति में इन सामान्य त्रुटियों पर चर्चा की। पैनल में एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रोफेसर उमेश भदानी, जनरल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर प्रशांत सिंह, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर भास्कर ठाकुरिया, जनरल मेडिसिन विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार और श्रीमती रमाया नर्सिंग अधीक्षक शामिल हैं। पैनल ने ऐसी त्रुटियों को रोकने के लिए व्यावहारिक समाधान तलाशे और नैदानिक प्रोटोकॉल का पालन करने, रोगी की स्थितियों की सतर्क निगरानी और रोगी सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। चर्चा ने चिकित्सा पेशेवरों और प्रशिक्षुओं दोनों के लिए रोगी सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ाने, स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में त्रुटि की रोकथाम के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। यह आयोजन रोगी सुरक्षा को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य देखभाल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एम्स पटना की चल रही प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह अधिक आकर्षक सत्रों और गतिविधियों के साथ जारी है जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और सभी विभागों में रोगी देखभाल में सुधार करना है।

## पूर्व सांसद रामकृपाल यादव नसरीगंज फक्कड़ महतो घाट पहुंचे



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत। दियारा क्षेत्र के हेतनपुर, कासीमचक, पुरानी पानापुर, मानस, गंगाहारा, पतलापुर, नवदियरी समेत सात पंचायतों के दर्जनों गांव में गंगा का पानी फैल चूका हैं। सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें पानी में डूब कर बर्बाद हो चूके है। क्षेत्र के लगभग सभी स्कूलों में गंगा का पानी घुसने से छात्रों के साथ-साथ शिक्षक भी परेशान हैं। गांव के लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। रोजमर्रा की जिंदगी ठप पड़ गई। मंगलवार को पूर्व सांसद रामकृपाल यादव व भाई सनोज यादव गंगा के बढ़े जलस्तर को देखने नसरीगंज फक्कड़ महतो घाट पहुंच मानस में डूबे युवक को खोजने के लिए टीम को भेजा। उन्होने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मुख्यमंत्री से बात कर अविलंब सहायता पहुंचाने की बात कही। वहीं दियारा में टीकाकरण करने जा रही पीएचसी की एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कर्मी पूर्व सांसद से मिलकर समस्या से अवगत कराया। उन्होने गंगा के विकराल रूप के बीच बिना लाइफ जैकेट के नाव से जाने में अपने डर को बताया। खगौल पीएचसी की एएनएम कर्मी रतना सिन्हा ने कहा कि गंगा पार दियारा जाने के लिए हमलोगों की सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं किया गया है। गंगा की उफान देखकर उसपार जाने की उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। वहीं पूर्व सांसद इसको लेकर सिविल सर्जन से बात की और दियारा क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराते हुए लाइफ जैकेट उपलब्ध करवाने के लिए कहा। इस दौरान समाजसेवी रामभजन सिंह यादव एवं मोलवी हसन उर्फ मक्खन भी फक्कर महतो घाट पहुंचे एवं मुख्यमंत्री और आपदा प्रबंधन मंत्री से सरकारी स्तर पर नाव के परिचालन और राहत कार्य, दवा व जानवरों के लिए चारा की व्यवस्था करने की मांग की है।

## गंगा नदी में उफान, जेपी सेतु से गायघाट एप्रोच से भद्र घाट रास्ता को किया बंद

### भद्र घाट से सीढ़ी घाट व हीरानंद साह से किला घाट के बीच गंगा पथ पर पानी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर में नाममात्र की बारिश हुई, मगर गंगा नदी में उफान आ गया। गंगा नदी के किनारे भद्र घाट से लेकर पटना घाट और उसके आगे तक गंगा पथ के अधिकांश हिस्से में गंगा नदी का पानी आ गया है। इससे वाहनों का परिचालन प्रभावित हो गया है। स्थिति यह है कि जेपी सेतु पर से गायघाट उतरने वाले फ्लैंक से होते हुए भद्र घाट जाने वाले रास्ते को बेरियर लगा कर प्रशासन के द्वारा बंद कर दिया गया है। भद्र घाट से लेकर सीढ़ी घाट तक दो से तीन फीट तक रोड पर पानी है। मितन घाट में भी गंगा फुटपाथ को पार कर रोड पर आने को आतुर है। दूसरी तरफ कंगन घाट के चारों ओर गंगा नदी का पानी ही पानी है। कंगन घाट को जाने वाले बने रास्ते पर भी गंगा नदी का पानी आ गया है। सारी सीढ़ियां डूब चुकी हैं। इसके बावजूद लोग यहां पानी में अठखेलियां कर स्नान कर रहे हैं, जो जानलेवा साबित हो सकता है। इधर कंगन घाट रोड पर भी गंगा नदी का पानी आ गया है। विदित हो कि करीब दो साल पूर्व भी कंगन घाट पर गंगा नदी ने रौद्र रूप लिया था और गंगा नदी का पानी पुराना कंगन घाट गुरुद्वारा तक पहुंच गया था। स्थिति यह रही कि नए बने कंगन घाट गुरुद्वारा में ग्रंथी, रागी और संगतों को जाने के लिए लोहे का पाट देकर बनाया गया था, ताकि गुरुद्वारा में आना-जाना हो सके। खाजेकलां घाट, सीता घाट सहित अन्य घाटों पर भी गंगा नदी फुटपाथ को पार कर पाथवे पर आने को बेताब है। वहीं खाजेकलां घाट पर शव का संस्कार करना मुश्किल हो रहा है। स्थिति यह है कि विद्युत शवदाह गृह के पूरब की ओर बमुश्किल एक बार में दो से अधिक शव का संस्कार करना मुश्किल हो रहा है। यदि स्थिति यही रही और गंगा नदी के जलस्तर में आधा से एक फीट की भी बढ़ोतरी हुई, तो गंगा पाथवे पर गंगा नदी का पानी पूरी तरह से आ जाएगा।

### उत्तम ब्रह्मचर्य के साथ दसलक्षण महापर्व का समापन

पटना सिटीः दिगम्बर जैन धर्म का 10 दिवसीय पवित्र दसलक्षण महापर्व का समापन मंगलवार को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना के साथ हुई। लंगूर गली हाजीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर, जिरिया तमोलीन गली खाजेकलां स्थित अतिशयकारी श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, कचौड़ी गली जैन मंदिर समेत पटना सिटी के सभी जैन मंदिरों में 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी का निर्वाण महोत्सव निर्वाण लाडू चढ़ाकर श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सुबह मंत्रोच्चारण के साथ भगवान का मंगल अभिषेक, शांतिधारा व अर्घ्य सजाकर निर्वाण काण्ड पाठ कर विशेष पूजा-आराधना की गई। जैन समाज से प्रवीण जैन ने बताया कि भगवान वासुपूज्य को बांका जिले के मंदार पर्वत चोटी से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी, जहां उन्होंने तप व कैवल्य ज्ञान की भी प्राप्ति की थी। भगवान वासुपूज्य की निर्वाण स्थली मंदारगिरी को स्मरण कर पूरे देश-विदेश में जैन श्रद्धालु निर्वाण लाडू चढ़ाते है।

## दानापुर रेल मंडल में शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा, दिलाई स्वच्छता का शपथ

प्रात :किरण संवाददाता




दानापुर खगौल रेल मंडल में 17 तारीख से शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा व 2 अक्टूबर तक चलेगा इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर द्वारा मंडल कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा सहित अधिकारी एवं रेलकर्मी व सफाई कर्मी उपस्थित रहे शपथ मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहुँगा, और उसके लिए समय दूँगा हर वर्ष 100 घंटा यानि हर सप्ताह घंटा श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा।मैं अपने कार्यालय में न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दुँगा।सबसे पहले मैं स्वयं से,मेरे परिवार से,मेरे मुहल्ले से,मेरे गाँव एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा.मैं अपने परिवार से एवं बच्चों के साथ घर की सफाई करूँगा तथा कचरे को निर्धारित स्थान पर, उचित तरीके से निष्पादित करूँगा मैं यह मानता हुँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं; उसका कारण यह है, कि वहाँ के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा।मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। वही मंडल रेल प्रबंधक अन्य अधिकारियों, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, शालिनी चौधरी अन्य सदस्यायों सहित कर्मचारियों, स्काउट के सदस्यों द्वारा दानापुर रेलवे कॉलोनी में प्रभातफेरी निकली गई तथा श्रमदान कर रेलवे कॉलोनी में सफाई की गयी एवं वृक्षारोपण भी किया गया ।वहीं मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन, रेलवे प्लेटफॉर्म, रेलवे ट्रैक, रेलवे कॉलोनी, कार्यालय आदि स्थानों पर प्रभात फेरी निकली गई एवं विशेष साफ सफाई की गई। साथ ही साथ लोगों को स्वच्छता एवं सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया।

## स्व. साह के अच्छे कार्यों की याद दिलाता रहेगा वॉच टावर : नंदकिशोर



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की पटना सिटी शाखा के संरक्षक ओपी साह के पावन स्मृति में एनएच30 के महादेव स्थान (ओपी साह चौक) में बने वॉच टावर का लोकार्पण बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान श्री यादव ने कहा कि वॉच टावर का निर्माण नगर समाज को स्व साह के अच्छे कार्यों की अहर्निश याद दिलाता रहेगा। मुख्य अतिथि स्व ओपी साह की धर्मपत्नी व मारवाड़ी महिला समिति सिटी की पूर्व अध्यक्ष उर्मिला साह ने कहा कि उनके पति द्वारा किए गए मानव सेवा के कार्यों को उनका परिवार आगे बढ़ाता रहेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वार्ड 62 की पार्षद तारा देवी मौजूद थीं। अध्यक्षता चेयरमैन गोविन्द कानोडिया ने किया। अतिथियों का स्वागत वाइस चेयरमैन प्रदीप बरेलिया, कोषाध्यक्ष संदीप ड्रोलिया, राजेश चौधरी, संजय ड्रोलिया, राजकुमार गोयनका, इंदु अग्रवाल आदि ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर किया। मंच का संचालन शिक्षाविद् विजय कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव तारा झुनझुनवाला ने किया। कार्यक्रम में गौरव साह, विवेक साह, रंजना साह, शालू साह, राजेश कानोडिया, श्वेता कानोडिया, राकेश ड्रोलिया, श्वेता ड्रोलिया, पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता, संजीव देवड़ा, संजीव कुमार यादव, अनन्त अरोड़ा, देवराज वल्लभ, देवेश नवाडिया, रविरोशन मेहता आदि उपस्थित रहे।

## मासिक धर्म में स्वच्छता के प्रति किशोरियां हो रही जागरूक

### स्कूल के स्वास्थ्य शिविर में मिली जानकारी के बाद रिंकी का बदला नजरिया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राजधानी के केसरी नगर की रहने वाली 17 वर्षीय रिंकी कुमारी (बदला हुआ नाम) माहवारी के दौरान अब नियमित रूप से सैनिटरी नैपकिन का इस्तेमाल करती है. उसके स्कूल में हुए एक स्वास्थ्य शिविर में जब महिला चिकित्सकों और अन्य विशेषज्ञों ने इसके बारे में बताया तो वह साकांक्ष हुई. इसके पहले वह माँ के सिखाने पर कपड़े का इस्तेमाल करती थी. वह बताती है कि उसने घर में अपनी माँ को माहवारी के दौरान हमेशा कपड़ा इस्तेमाल करते हुए ही देखा था. उसकी माहवारी शुरू होने पर माँ ने उसे भी कपड़े का इस्तेमाल करना सिखाया. हालांकि तब तक संकोचवश वह इस बारे में किसी अन्य से या स्कूल की सहेलियों से इस बारे में कोई बात नहीं करती थी. लेकिन स्कूल में एक बार आयोजित स्वास्थ्य शिविर ने उसकी आँखें खोल दी. अब उसकी माँ भी उसके समझाने पर सैनिटरी नैपकिन का ही इस्तेमाल करतीं हैं. शिविर में छात्राओं को माहवारी स्वच्छता का महत्व बताया गया था और माहवारी के दौरान नैपकिन इस्तेमाल करने की सलाह दी गयी थी। राज्य के सभी जिलों में मेंस्ट्रुअल हाइजीन प्रोग्राम को क्रियान्वित किया जा



● कपड़े के उपयोग से बढ़ता है नमी व गीलापन, जो बनाता है संक्रमण को संभव

रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय नहीं जाने वाली किशोरियों को आशा द्वारा सामाजिक विपणन के माध्यम से सेनेटरी नैपकिन (प्रति पैकेट फ२ 6) वितरित किया जाता है। विद्यालय जानेवाली किशोरियों को शिक्षा विभाग के माध्यम से सेनेटरी नैपकीन हेतु वर्ष में एक बार एकमुश्त राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत भी किशोरियों को सुरक्षित मासिक धर्म एवं स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाता है। नियमित अंतराल पर सैनिटरी नैपकिन बदलने की जरूरतःफुलवारीशरीफ प्रखंड के वार्ड संख्या 9 स्थित गोनपुरा स्वास्थ्य उप केंद्र से संबद्ध आशा सबीना खातून ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता नहीं होती है, जिससे लड़कियां माहवारी के दौरान कपड़ा का इस्तेमाल करती हैं. सबीना ने यह बताया कि वह लड़कियों को समझती हैं कि ज्यादा नमी के दौरान गीले कपड़े से खुजली होती है एवं संक्रमण बढ़ने का खतरा रहता है। माहवारी स्वच्छता जरूरीः पटना एम्स में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डॉ. इंदिरा प्रसाद बताती हैं कि मासिक धर्म किशोरावस्था से जुड़ी सामान्य परिवर्तन की प्रक्रिया है जिसमें स्वच्छता के अभाव में कई प्रकार के संक्रमण और रोग जैसे सरवाइकल कैंसर, हेपेटाइटिस-बी संक्रमण, यूरिनरी ट्रेक्ट इन्फैकशन हो सकते हैं. इससे बच्चेदानी की नली और अंदरूनी भाग क्षतिग्रस्त होकर सुरक्षित मातृत्व के लिए बाधक हो सकते हैं. इससे बचने के लिए किशोरियों को अपने शरीर की स्वच्छता और जननांग की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. इसके लिए रोजाना साबुन और पानी से नहाना एवं 4 से 6 घंटे में सैनिटरी नैपकिन बदलना और बदलते समय तथा नहाते समय जननांगों की अच्छी तरह साफ-सफाई जरूरी है।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ-सफाई व पौधा रोपण का कार्यक्रम किया




प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने पर स्वच्छता के क्षेत्र में आये बदलाव व उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाते मंगलवार को खगौल नगर परिषद द्वारा विभिन्य क्षेत्रो व स्लम बस्तियों में सफाई कार्य किया। नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्य में इसकी शुरूआत जगवीजन स्टेडियम से की गई। सफाई कार्यक्रम के पूर्व पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर कार्यपालक अधिकारी अभिनव कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी विजय कुमार, नगर प्रबंधक कंचन कुमारी आदी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। वही दानापुर नगर परिषद द्वारा भी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा नगरवासियों कोसाफ-सफाई,कचरे का निष्पादन आदि के बारे में जानकारी दी गई। उधर कैंट बोर्ड के द्वार स्वच्छता ही सेवा 2024 का प्रारम्भ किया गया। जिसमें कर्मचारी नागरिक के द्वार स्वच्छता शपथ ली गई। साथ ही सफाई कर्मचारी और नगरिकों के लिए स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें सफाई कर्मचारी और नागरिक को मिलाकर 218 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। केंट बोर्ड के अध्यक्ष ब्रिगेडियर अमित शर्मा के द्वारा आम नागरिकों से स्वच्छता ही सेवा में भाग लेने की अपील की गई है।

## स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत पटना सिटी में चलाया स्वच्छता अभियान

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वाधान में इस वर्ष का विषय स्वच्छता ही सेवा-2004 ह्यस्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छताह्य है, जो 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2024 के साथ 2 अक्टूबर-2024 को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जायेगा, जिसे सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) भारत सरकार, पटना द्वारा बुधवार ( 18 सितम्बरह्य 2024) को ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्न के अंतर्गत्त ह्यस्वच्छता ही सेवा 2024ह्य के तहत बड़ी पटनदेवी मंदिर की परिसर एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य उप महानिदेशक रोशन लाल साहू के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में पटना नगर निगम की महापौर, सीता साहू



एवं बड़ी पटनदेवी मंदिर के ट्रस्टी बिजय शंकर गिरी(महंत बाबा) भी उपस्थित थे । रोशन लाल साहू, उप महानिदेशक के द्वारा वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए ह्यएक पेड़.माँ के नामह्न कार्यक्रम के तहत गंगा के तट पर वार्ड पार्षद के उपस्थित में पौधारोपण का शुरूआत किया गया। श्री साहू ने वहाँ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि संर्पूण स्वच्छता जन-सहभागिता से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। ह्यस्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छताह्य से अनुप्राणित जीवन वर्तमान समय की माँग है। उन्होने लोगों का आह्वान किया कि सभी को प्रत्येक सप्ताह दो घंटे अपने मोहल्ले की साफ-सफाई हेतु श्रमदान करना चाहिए। जन-सहभागिता स्वच्छ भारत-समृद्ध भारत कि प्रथम शर्त हैं। सूखे कचड़े एवं गीले कचड़े के लिए निर्धारित डस्टबिन में ही घर के कचड़े को डालें। पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने भी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए प्लास्टिक के न्यूनतम प्रयोग पर बल दिया। उन्होने साफ-सफाई को ह्यआदत से आंदोलनह्य बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर सहायक निदेशक अभिषेक गौरव, एवं वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सुधीर कुमार झा, रश्मि रंजन, मनोज कुमार गुप्ता, सुषील कुमार सिंह, डी.एन.प्रसाद, के.के.गुप्ता, जितेन्द्र राय, प्रियंका कुमारी, मंजूषा कुमारी, कुमार इन्द्रजीत तथा उमेष प्रसाद, सोमेन्द्र कुमार, आलोक कुमार पाण्डे, संस्कृति भारती के साथ-साथ अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## प्रीपेड मीटर के विरुद्ध की 70 से अधिक नुक्कड़ सभाएं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जनता के जीवन पर बिजली गिराने वाले प्रीपेड मीटर के विरुद्ध जनजागरण कारवां निकाला गया। पटना जिला परिषद भाकपा के सचिव विश्वजीत कुमार ने कहा कि एक ओर जहां अन्य राज्यों में बिजली दर में कमी करने के साथ-साथ 200-300 यूनिट फ्री उपलब्ध करा रही है, वहीं दूसरी ओर बिहार जैसे पिछड़े एवं गरीब राज्य, जिसमें नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 51.91 प्रतिशत जनता गरीबी रेखा के नीचे का जीवन व्यतीत कर रही है, उन पर प्रीपेड मीटर के नाम पर अग्रिम राशि लेकर महंगे दर और मनमाने बिल की मार मारना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। उनकी पार्टी केंद्र की सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल का भी विरोध कर रही है। दो अक्टूबर को 11 बजे दिन में कारगिल चौक गांधी मैदान में वक्फ बिल के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जनता से अपील भी की। कारवां के आयोजक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव बसी अख्तर, ने जनता कहा कि प्रीपेड मीटर दरअसल बिहार के आम लोगों को तंगो तबाह कर देने वाला स्कीम है। भाकपा बिहार राज्य परिषद के वरिष्ठ सदस्य गुलाम सरवर आजाद ने कहा कि सरकार की मंशा किसी भी प्रकार जनता को सहूलियत देने का नहीं है। पटना जिला परिषद भाकपा कार्यकारिणी सदस्य देवरतन प्रसाद ने कहा कि बिहार जैसे पिछड़े राज्य जहां 25- 26 प्रतिशत लोग मात्र छह से 15 हजार की आमदनी पर जी रहे हों, उन पर प्रीपेड मीटर के माध्यम से मनमाने बिजली बिल का बोझ डालना किसी प्रकार उचित नहीं है। देवरत्न ने जनता से इस मनमानी के विरुद्ध उठ खड़े होने की अपील की। मौके पर मो कैसर, पवन कुमार, मो इम्तियाज खान, आरिफ कुरैशी आदि ने सभा को संबोधित किया।

## मुन्ना शर्मा के हत्यारों को मिलेगी कड़ी से कड़ी सजा : डॉ दिलीप जायसवाल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बिहार सरकार में भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने मृतक मुन्ना शर्मा के परिजनों से गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित उनके निवास पर जाकर बुधवार को मुलाकात की। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी थे। उन्होंने स्व श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्व मुन्ना शर्मा की पत्नी, पुत्र एवं परिजनों से मुलाकात कर आश्वस्त किया कि दुख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार आपके साथ खड़ा है। प्रशासन जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़ का कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का कार्य करेगी। उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए कहा डॉ जायसवाल ने कहा कि मुन्ना शर्मा की हत्या से वे निजी तौर पर मर्माहत हैं। प्रशासन हत्यारों के साथ सख्ती से पेश आएगी। जल्द ही सभी आरोपी कानून के शिकंजे में होंगे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, संजीव यादव, अमित कानोडिया, चंद्रशेखर शर्मा, सन्नी यादव, शंकर मेहता, हरजीत सिंह, नवल किशोर सिन्हा, दयानंद सिंह, विनय कुमार, नीरज मिश्रा, बलराम माथुरी, नैयर इकबाल, मनोज यादव, अशोक गिरि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 2030 तक टीबी हारेगा और भारत जीतेगा : मंगल

## पीएम मोदी व सीएम नीतीश के प्रयासों से निर्धारित लक्ष्य से पहले भारत होगा टीबी मुक्त

- स्वास्थ्य मंत्री ने यक्ष्मा उन्मूलन के लिए कल्याणकारी योजनाओं का किया शुभारंभ



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 2030 तक टीबी हारेगा और भारत जीतेगा। 2030 तक दुनिया में यक्ष्मा उन्मूलन करना है। मगर भारत में जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में यक्ष्मा उन्मूलन के कार्यक्रम चल रहे हैं। उससे यह तय है कि निर्धारित लक्ष्य से पहले भारत टीबी मुक्त हो जाएगा। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के सभागार से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को टीबी उन्मूलन में सहायक कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की। इस अवसर पर पटना जिला के मरीजों के पोषण हेतु निक्षय पोषण योजना के तहत स्वास्थ्य मंत्री ने 10 हजार 104 टीबी मरीजों के लिए एक मुस्त 1 करोड़ 62 लाख रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधा मरीजों के खाते में भेजा। इस अवसर पर शुरू की गयी योजनाओं में टीबी जांच हेतु नव अधिष्ठापित 232 टू नेट मशीन का लोकार्पण, सभी जिलों में डिफरेंशिएटेड टीबी केयर मॉडल का शुभारंभ एवं मार्गदर्शिका का विमोचन किया गया। साथ ही टीबी मुक्त पंचायत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारियों समेत टीबी चौंपियन को प्रशस्ति पत्र देकर स्वास्थ्य मंत्री ने सम्मानित किया।

स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि टीबी उन्मुलन के लिए स्वास्थ्य विभाग 100 करोड़ रुपए देने वाली है। उन्होंने ये भी घोषणा की है कि पटना के एनएमसीएच के बगल में 28.34 करोड़ की लागत से बन रहे टीबीडीसी को एक वर्ष में तैयार कर लिया जाएगा। हमें उम्मीद है कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के तहत वैश्विक लक्ष्य वर्ष 2030 से पहले राज्य टीबी उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। हमें लक्ष्य तय कर लोकल स्तर पर टीबी उन्मूलन के लिए कार्य प्रणाली विकसित करनी होगी। तभी टीबी का उन्मूलन संभव है।

श्री पांडेय ने कहा कि टीबी के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए टीबी मरीजों का सीबी नाट एवं टू नेट मशीनों के द्वारा जांच किया जाना आवश्यक है। ताकि टीबी मरीजों की यथाशीघ्र पहचान कर उपचार प्रारंभ की जा सके। वर्तमान में राज्य में लगभग 500 टू नेट व्यवहार में हैं। प्रदेश में 207 टू नेट तथा 84 सीबी नाट मशीनों से पहले से जांच हो रही थी। आज 232 टू नेट मशीन और राज्य को समर्पित कर रहा हूं। इसके साथ ही 3 लाख टू नेट चिप्स की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार के निर्धारित मानकों के आधार पर राज्य के 6 जिलों के 28 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के रूप में घोषित किया गया। इस मौके पर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, बीएमएसआइसीएल के एमडी धर्मेंद्र कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा डॉ बीके मिश्रा, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह समेत विभिन्न जिलों से आए यक्ष्मा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन राज्य स्वास्थ्य समिति की डॉ स्नेहनिधी ने की।

# मुख्यमंत्री ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर मुख्य सचिवालय प्रांगण में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा, नवीन पुलिस केन्द्र स्थित राज्य पुलिस परिवहन मुख्यालय में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा, पटना हवाई अड्डा स्थित स्टेट हँगर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा तथा विशेष सुरक्षा बल के कार्यालय परिसर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व पूर्वाह्न में मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा से राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर समस्त राज्यवासियों एवं देशवासियों को मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री आलोक राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, सचिव वित्त (व्यय) दीपक आनंद, सचिव वित्त (संसाधन) जय सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय जितेन्द्र सिंह गंगवार, पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा विनय कुमार, आईजी पटना प्रक्षेत्र श्रीमती गरिमा मलिक, पुलिस उप महानिरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल दीपक कुमार वर्णवाल, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, मंत्रिमंडल सचिवालय के विशेष सचिव नीलेश देवड़े, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की हुई शुरूआत

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन, 74 किलो का बांटा गया लड्डू



- पीएम मोदी आधुनिक भारत के नव विश्वकर्मा : दिलीप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वें जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को बिहार भाजपा द्वारा सेवा पखवारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सेवा पखवारे के तहत भाजयुमो बिहार प्रदेश द्वारा रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यलय के अटल सभागार मे आयोजित इस शिविर में 73 लोगों ने रक्तदान किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दीलीप जायसवाल, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित एंव पुष्पांजलि कर इस कार्यकम की शुरूआत की। इस अवसर पर पार्टी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने नरेन्द्र मोदी के विकासात्मक कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया के स्तर पर भारत को स्थापित करने का कार्य किया। आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का नव विश्वकर्मा बताते हुए कहा कि आज नए भारत का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है उन्होने भारत को विश्व पटल पर पहुंचाया है। इस अवसर पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा ने किया। जिसमे युवा मोर्चा के 73 कार्यकता और पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया, सेवा पखवारा संयोजक प्रेम रंजन पटेल , शीला प्रजापति सह संयोजक, संजय गुप्ता, त्रिविक्रम सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु सहित कई नेता एंव पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और व्यक्तित्व तथा उनके प्रधानमंत्री के तौर पर किए गए कार्यों पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कैलाशपति मिश्र सभागार में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने किया। इस चित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े अनछुये पहलुओ को चित्र के माध्यम से दशार्या गया। साथ ही उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों से जुड़ी तस्वीरों को भी प्रदर्शनी में स्थान दिया गया है। इधर, पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. मृणाल झा द्वारा प्रधानमंत्री के 74वें जन्मदिन पर 74 किलो बूंदी से बने एकमात्र लड्डू को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान भाजपा के अध्यक्ष डॉ. जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा ने एक दूसरे का लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान सभी कार्यकताओं के बीच लड्डू का वितरण किया गया।

# मुख्यमंत्री ने स्वर्ण पदक जीतने वाली माही श्वेत राज को किया सम्मानित



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में 77वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में 3 स्वर्ण पदक जीतनेवाली माही श्वेत राज को 2 लाख रुपए का चेक तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने माही श्वेत राज को मेडल पहनाकर भी उन्हें सम्मानित किया। ज्ञातव्य है कि माही श्वेत राज देश की सबसे तेज तैराक हैं। मुख्यमंत्री ने माही श्वेत राज के प्रशिक्षक प्रतीम मजूमदार को भी 2 लाख रुपए का चेक तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। राज्य सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत माही श्वेत राज को बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री ने माही श्वेत राज को कर्नाटक राज्य के मंगलुरू में आयोजित 77वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने के लिये बधाई एवं शुभकामनायें दी और कहा कि आपने यह उपलब्धि हासिल कर बिहार का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन एवं खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्दर, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक डॉ रवीन्द्रन शंकरण तथा मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि उपस्थित थे।

# फॉर्म भरकर 12 से 13 लाख भाजपा के सदस्य बने : दिलीप

पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कहा कि बिहार भाजपा ने पिछले छह से सात दिनों में फॉर्म भरकर 12 से 13 लाख लोगों को सदस्य बनाया है। मिस्ड कॉल कर सदस्य बनने वालों की संख्या बहुत बड़ी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान डॉ. जायसवाल ने कहा कि सदस्य बनाने को लेकर लक्ष्य की कोई बात नहीं है, अधिक से अधिक लोग सदस्य बनाए जाएंगे, यही लक्ष्य है, यही प्रयास है। उन्होंने प्रतिपक्ष के नेता के एक बयान को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि विपक्ष के नेता की सच्चाई क्या है, सभी जानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितने पढ़े हैं, यह देश की जनता जानती है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान देने से पहले विपक्ष के नेता को ज्ञानवर्धन करना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने जोर देकर कहा कि विपक्ष के नेता का ग्राफ गिरता जा रहा है। अब उनको भी लगने लगा है कि उनके परिवार से जनता का मोह-माया अब समाप्त होने लगा है। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा सत्र चलता है तब वे जनता की आवाज उठाने के बजाय गायब हो जाते हैं। जब बिहार में बाढ़ आती है तब भी वे विदेश चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता ही अब इस बारे में समझेगी, इसपर वे क्या बोलेंगे?

# जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र के नए युग का सूत्रपात : विजय

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के साथ ही भारतीय लोकतंत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत हुई है। जिस जम्मू-कश्मीर के लोग बीते वर्षों में आतंकवाद और कट्टरवाद के साये में जीने को अभिशप्त थे वहां आज प्रजातंत्र का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद राज्य के समेकित विकास के लिए केंद्र सरकार के सतत प्रयासों का नतीजा है कि 35 वर्षों में पहली बार विधानसभा चुनाव में आम जनता की भयमुक्त भागीदारी देखने को मिल रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के दौरान भी जम्मू-कश्मीर की जनता का उत्साह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यापक रूप से दिखा था। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में 58.46 फीसदी मतदाताओं ने भाग लिया था। विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राज्य में देर रात तक रैलियों का आयोजन हुआ है, अलगाववाद की भाषा बोलने वाले लोगों ने भी लोकतंत्र का दामन थामा है, उसे देख कर उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर की जनता इस बार मतदान के दौरान रिकॉर्डतोड़ भागीदारी करने जा रही है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी जी के सरकार के प्रयासों के कारण अपने नागरिक अधिकारों से वंचित रहे गोरखा, वाल्मीकि सहित अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित हुई है। बड़ी संख्या में जम्मू और कश्मीर घाटी की महिलाओं और युवाओं की शिरकत भी विधानसभा चुनाव में देखने को मिल रही है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर ट्रांजिशन के दौर में नहीं है बल्कि पूरी तरह ट्रांसफॉर्म हो चुका है। निश्चित रूप से इस बदलाव में वहां के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी की भी सराहनीय भूमिका रही है।

# शंभुनाथ सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ों ने थामा जदयू का दामन

## राजद को लोकसभा चुनाव में जनता ने नकारा : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बुधवार को जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में स्वामी सहजानंद सरस्वती विचार केंद्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई शम्भूनाथ सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने पार्टी का दामन थामा। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी को पर्ची देकर जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले विरोधियों द्वारा लगातार हमारी पार्टी के विषय में भ्रामक दावे किए जा रहे थे लेकिन चुनाव परिणाम ने सभी के जुबान पर ताला जड़ दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि ई शम्भूनाथ सिन्हा और उनकी पूरी टीम जदयू परिवार में शामिल होकर सामाजिक न्याय के साथ विकास की धारा को मजबूत बनाने का काम करेंगे। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से सतीश शर्मा, डॉ संजय कुमार, पूर्व विधायक प्रत्याशी सुबोध प्रसाद यादव, अनिल कुमार नाग, अमरेन्द्र कुमार, अभय पाण्डे, राजकिशोर सिंह, राजीव सिंह, रविंद्र सिंह एवं सैकड़ों लोग थे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, विधानपार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ,विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं अन्य मौजूद रहे।



### समाजसेवी कमल किशोर प्रसाद ने जदयू की सदस्यता ली

पटना। जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में बुधवार को नालंदा जिला पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी कमल किशोर प्रसाद ने जनता दल यू का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। प्रदेश अधक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार प्रदेश के विकास एवं जन कल्याण की दिशा में निरंतर काम कर रही है इसलिए बिहार की 14 करोड़ जनता-जनार्दन का झुकाव जनता दल यू की ओर है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से ब्रजेश कुमार, संतोष पासवान एवं अन्य लोग थे। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधानपार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, विधानपार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व विधानपार्षद वाल्मीकि सिंह, जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामचरित्र प्रसाद, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह, प्रदेश महासचिवी वासुदेव कुशवाहा मौजूद रहे।

# राजद के सदस्यता अभियान की शुरूआत आज से : एजाज



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि आज यानी गुरूवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद नई दिल्ली से और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव राजद कार्यालय पटना के कपुरी सभागार से राजद के सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहेंगे। नई दिल्ली के कार्यक्रम में सांसद और राष्ट्रीय पदाधिकारी तथा दिल्ली इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे, वहीं पटना में विधायक, विधान पार्षद के साथ पूर्व विधायक पूर्व विधान पार्षद ,प्रदेश के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# तेजस्वी यादव की बिहार यात्रा पूरी तरह से फ्लॉप साबित होगा : श्रवण

- विद्यालयों मरम्मती के लिए प्रधानाध्यापकों को आवंटित होंगे राशि : सुनील



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव को जब काम करने का मौका मिला तो उन्होंने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि अराजकता फैलाने का काम किया और चुनाव नजदीक आते ही अब यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद राजद के लोग जनता को भूल जाते हैं इसलिए उनकी यात्रा पूरी तरह से फ्लॉप साबित होगा। लैंड फॉर जॉब मामले में कोर्ट द्वारा जारी समन पर उन्होंने कहा कि कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों को अनेक प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, कोई भी इसे टाल नहीं सकता है। मंत्री बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम बाद मीडिया से मुखातिब हुए। इस मौके पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में छोटे-छोटे मरम्मत कार्य करने के लिए प्रधानाध्यापकों को 50-50 हजार रुपये आवंटित किए जाएंगे। विद्यालयों में साफ-सफाई, बल्ब, पंखा, ट्यूब लाइट, शौचालय, नल, टंकी, खिड़की, किवाडी ब्लैक बोर्ड बेंच-डेस्क, टेबुल, किचेन सामग्री, खेलकूद से संबंधित समार्गी, स्कूल की छत, टूटे हुए फर्श आदि कि मरम्मति उक्त राशि से कराई जाएगी। इस निर्णय से विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं में बेहतरी आएगी और बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक सिद्धार्थ पटेल, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह एवं प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# अमर्यादित टिप्पणी मानसिक दिवालियापन का परिचायक : अखिलेश

पटना। राहुल गांधी पर एनडीए नेताओं के द्वारा हाल में किए गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उनको आतंकी कहे जाने के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने बुधवार को इनकम टैक्स गोलंबर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कर ऐसे नेताओं को चेताया। विरोध प्रदर्शन के पश्चात बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिनका देश के बलिदान का एक लंबा इतिहास रहा है और ऐसी अमर्यादित और ओछी मानसिकता के साथ एनडीए के नेता स्वामी भक्ति में लीन होकर जो टिप्पणी कर रहे हैं

# भाजपा एवं जदयू नेताओं की प्रतिक्रिया हास्यास्पद : गगन



पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि लैंड फॉर जॉब मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव सहित अन्य लोगों को सम्मन जारी किए जाने पर भाजपा एवं जदयू नेता हास्यास्पद बयानबाजी कर रहे हैं। यह तो सामान्य न्यायिक प्रक्रिया है कि जब किसी मामले में कोई पूरक चार्जशीट कोर्ट के समक्ष दाखिल किया जाता है तो कोर्ट आरोपियों के खिलाफ सम्मन जारी करती है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का हम सम्मान करते हैं और हमें न्यायालय पर पुरा भरोसा है। पर भाजपा और जदयू के लोग इस सम्मन को लेकर जैसी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं इससे न केवल उनकी अज्ञानता दिखाई पड़ रहा है बल्कि यह भी प्रमाणित हो जा रहा है कि यह मामला लालू जी और तेजस्वी जी सहित उनके परिवार को परेशान करने की उनके द्वारा की जा रही साजिश का हीं एक एपिसोड है। इस मामले में पहले हीं लालू जी और तेजस्वी जी को नियमित जमानत मिल चुकी है। आगे भी न्यायालय का जो भी आदेश होगा उसका सम्मान किया जाएगा। और अन्ततः सत्य की जीत होगी। राजद प्रवक्ता ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता हकीकत को समझ रही है और गत लोकसभा चुनाव में चेतावनी भी दे चुकी है। साथ हीं आगे आने वाले विधानसभा चुनाव में इन्हें माकूल जवाब देने का भी काम करेगी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना**

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–23 वर्ष 2024–25

स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी (iv) में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 25.09.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 1:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ | मात्रा | इकाई | उद्वत की जानेवाली दर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Name of Work – Supply of printed forms, office Stationary and Computer accessories to Office of The Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Patna for the year 2024-25** | | | |
| | (i) Signature Pad | 4 nos | Each | |
| | (ii) Ink Pad (Best quality) | 12 nos | Each | |
| | (iii) Writing Pad (100 page booklet) | 20 Nos | Each | |
| | (iv) Guard file (good quality) | 36 nos | Each | |
| | (v) Flat file (good quality) | 100 nos | Each | |
| | (vi) Plain paper (good quality) | 20 Rim | Each | |
| | (vii) Printed form of Money receipt (100 page booklet) | 10 nos | Each | |
| | (viii) Carbon (kores/camel) | 2 nos | Each | |
| | (ix) Tag (50 piece pack) | 36 nos | Each | |
| | (x) Gum (200 ml) | 10 nos | Each | |
| | (xi) Gum Tube (50 ml) | 12 nos | Each | |
| | (xii) Stapler pin (10 NO) | 40 nos | Each | |
| | (xiii) Stapler (24/6 NO) | 8 nos | Each | |
| | (xiv) Stapler pin (24/6 NO) | 20 nos | Each | |
| | (xv) Paper flag | 20 nos | Each | |
| | (xvi) Plastic Cover Bag (Best Quality) | 50 nos | Each | |
| | (xvii) Envelope (Best Quality 3x7") | 500 nos | Each | |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन

➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

**PR. No. 008278 (BCD ) 2024-25**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# सूबे में बड़ी संख्या में पर्यटकों का हुआ आगमन : नीतीश

## बिहार पर्यटन की चार योजनाओं का पर्यटन मंत्री ने किया शुभारंभ व लोकार्पण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



**बोलें- बिहार पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहा है आगे**

पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बुधवार को बिहार पर्यटन की चार योजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। पर्यटन मंत्री ने मेरा प्रखण्ड मेरा गौरव प्रतियोगिता, इन्फ्लुयेंसर की नजर में बिहार पर्यटन प्रतियोगिता, बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति और मुख्यमंत्री होमस्टे/बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि बिहार पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमारे राज्य में विगत वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन हुआ और विविध क्षेत्रों का भ्रमण किया। इसमें बड़ी संख्या विदेश से आए पर्यटकों की भी है, देश के विभिन्न राज्यों से भी अच्छी संख्या में पर्यटक हमारे नयनाभिराम स्थलों को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। इन स्थलों पर बुनियादी संरचना बेहतर हो तथा पर्यटकों को ज्यादा सुविधाएं मिले, हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सकारात्मक कार्य कर रहे हमारे इन्फ्लूएंसर और मुख्यधारा की मीडिया हमारे इस अभियान में अपना सहयोग करें, इसे ध्यान में रखते हुए दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जहां मेरा प्रखण्ड मेरा गौरव प्रतियोगिता में आम जनता हमें खुद लेखन और वीडियो के माध्यम से बताएगी कि उनके प्रखंड में कौन से पर्यटन स्थल को संवारने की आवश्यकता है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा वहीं इन्फ्लूयेंसर की नजर में बिहार पर्यटन प्रतियोगिता का उद्देश्य यह है कि हमारे इन्फ्लूएंसर हमारे पर्यटन स्थलों पर और काम करें और अपने वीडियो के जरिए हमें बिहार की विशिष्टताओं को दिखाएं। उनको भी पुरस्कृत किया जाएगा और उनके वीडियो को बिहार पर्यटन अपने सोशल मीडिया हैंडल और विविध प्रसार सामग्रियों के रूप में प्रयोग में लाएगा। आगामी दो अक्टूबर से दोनों प्रतियोगिताओं की औपचारिक रूप से शुरूआत हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए आप बिहार पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। इसी प्रकार बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति के बाद हम ब्रांड एंबेसडर के साथ राज्य का अपना पर्यटन गीत भी बना सकेंगे। मुख्यमंत्री होमस्टे/बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ करने का उद्देश्य यह है कि पर्यटन स्थलों के समीप आमलोग अपने घरों को होटल के रूप में उपयोग में लाएंगे तो उन्हें सरकार ब्याज की राशि और इन्सेन्टिव प्रदान करेगी।

पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारी नयी नीतियों और प्रतियोगिताओं का सीधा सरोकार हमारी आम जनता से है। पर्यटन में जनभागीदारी के बगैर इसका समग्र विस्तार नहीं हो सकता है। आप लोग हमसे जुडिए और बिहार पर्यटन को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। प्रबंध निदेशक, पर्यटन विकास निगम नंदकिशोर ने अपने संबोधन में कहा कि नई नीतियों से बिहार पर्यटन का और विस्तार होगा। स्वागत संबोधन पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय और धन्यवाद ज्ञापन पर्यटन उप सचिव इंदु कुमारी ने किया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस एण्ड टी/सिग/2024/16 दानापुर, दिनांक 16.09.2024. भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :–

1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल के विभिन्न खंडों के दोषपूर्ण सिग्नलिंग केबल (50 किमी) के प्रतिस्थापन सहित सीटीआर, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस +डब्ल्यूसीएमएससी), टीएसआर (पी), टीबीआर/टीओ कार्यों से संबंधित सिग्नलिंग कार्य। 2. अनुमानित लागत : ₹1,50,05,540.72, 3. बयाना राशि : ₹2,25,000.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 04.10.2024 को 15.00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.10.2024 को 15.30 बजे। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता/पूमरे/दानापुर

पीआर/01144/डीएनआर/सि./टी/24–25/36

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

**खुली निविदा सूचना सं. : SPJ-SnT-S-17-2024**

मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/समस्तीपुर निम्न कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति के ओर से खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**(क) कार्य का नाम एवं स्थान :** समस्तीपुर मंडल के JYG यार्ड में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का प्रावधान। **(ख) अनुमानित लागत :** रूपये 3,51,12,523/– (रूपये तीन करोड़ इक्यावन लाख बारह हजार पांच सौ तेईस मात्र)। **(ग) अग्रधन/बिड सिक्योरिटी जो जमा करना है :** रूपये 3,25,600.00/– (रूपये तीन लाख पच्चीस हजार छः सौ रुपये मात्र)। **(घ) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 03/10/2024 अपराह्न 16:00 तक। 03/10/2024 अपराह्न 16:30। **(ङ) वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। रेलवे के पास निविदा को स्थगित/निरस्त करने या निविदा में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।

**मंडल रेल प्रबंधक/संकेत एवं दूरसंचार पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**

**पीआर/01131/एसपीजे/एस&टी/टी/24–25/32**

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले को मुख्य धारा मे लाएगी राजद : तेजस्वी यादव

मुजफ्फरपुर। राजद प्रदेश के गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करनेवाले परिवारों को मुख्य धारा में लाने का काम करेगी ।पूरे बिहार में 94 लाख परिवार गरीब है असल मे काम उनके लिये ही करना है ।2025 चुनाव के लिये हमलोग अपना विजन जनता के सामने रखेंगे ,जैसे हमने पिछले चुनाव में किया था । हमने पिछले वार जातीय गणना की बात की थी , दस लाख सरकारी नौकड़ी की बात कही थी और सब किया भी । मात्र सत्रह महीनों के कार्यकाल में चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिलवाया , सरकारी नौकड़ी बहाल करवाई । मुजफ्फरपुर के चंदवारा पुल के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि यहां मुजफ्फरपुर में लगातार 20 सालों से सांसद भाजपा के , बिहार में सरकार भाजपा के सहयोग से ,2014 से केंद्र में सरकार भाजपा की तो जबाब भी भाजपा वालों से पूछिये । वैसे हम जनता के साथ हैं और सवाल नोट करा लेते हैं विधानसभा में विधायक से सवाल करवा लेंगे ।

### हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

समस्तीपुर, शहर के रेलवे कॉलोनी, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रोड में शहर के प्रमुख व्यवसायी चंद्रभूषण सिंह के कार्यालय परिसर में विश्वकर्मा पूजा बेहद हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर मौजूद स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि विश्वकर्मा वास्तुशास्त्र के जनक और महान शिल्पी थे। उन्होंने सोने की लंका, इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, पांडवपुरी और पुष्पक विमान सहित कई अभूतपूर्व रचनाओं का निर्माण किया। विश्वकर्मा को दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। इस अवसर पर शहर के चर्चित व्यवसायी चंद्रभूषण सिंह, डॉ एके आदित्य, उप मेयर रामबालक पासवान, स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, रामविनोद पासवान, रंजन शर्मा, भाजपा नेत्री विमला सिंह, रामबली महतो, मो. अनस रिजवान, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, पूर्व मुखिया धर्मेन्द्र शर्मा, निलेश कुमार अप्पू, गिरीश कुमार, शशि पांडेय, संजीव कुमार, रौशन सिंह, मनोज कुमार राय, रंजीत कुमार रंभू, राजेश साह, दीपक यादव आदि मौजूद थे।

### विभूतिपुर में धूम-धाम के साथ किया गया विश्वकर्मा पूजा

विभूतिपुर/समस्तीपुर देवों के शिल्पी,संसार के पहले इंजीनियर, वास्तुकला के ज्ञाता, भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर साल की भांति इस वर्ष भी प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ किया गया। कारीगर, राजमिस्त्री, बढ़ई, वाहन स्वामी व चालक, मैकेनिक सभी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर दुआं मांगी। मान्यता है कि सृष्टि में निर्मित होनेवाली सभी वस्तुओं के मूल में भगवान विश्वकर्मा हैं।बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर, सिंघिया घाट, नरहन, मुस्तफापुर आदि जगहों पर पंडालों में विशालकाय भगवान विश्वकर्मा कि प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई।वहीं अधिकतर जगहों पर व्यवसायिक संस्थानों में भी भगवान विश्वकर्मा की फोटो स्थापित कर पूजा किया गया।

### ऑटो दुर्घटना में एक की हुई मौत और दो जख्मी

कल्याणपुर समसतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत समस्तीपुर दरभंगा मुख्य सड़क के जर्नादनपुर गांव के समीप बुधवार की दोपहर दो ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में 67 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत धटना स्थल पर ही हो गई ।वहीं आटों पर सवार दो जख्मी हो गया। मृतक व्यक्ति की पहचान वैशाली जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के चकाकू गांव निवासी आनंदी महतो के रूप में हुई है। तो वही जख्मी व्यक्ति की पहचान मुजफ्फरपुर के बखरी गांव के पप्पू कुमार के रूप में हुई है। तो वही चकाकू गांव के अखिलेश महतो के रूप में हुई है।लोगों का बताना है कि चकाकू गांव से ऑटो पर सवार होकर दरभंगा की ओर जा रहे थे की जर्नादनपुर गांव के समीप दरभंगा की ओर से समस्तीपुर की ओर जा रही ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई ।जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो युवक जख्मी हो गया।घटना की सूचना मिलते ही दरोगा वत्स राहुल राजहंस मौके पर पहुंचे और जख्मी युवक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलयाणपुर में भर्ती कराया और मृतक व्यक्ति के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं पुलिस ने दोनों ऑटो को जप्त कर थाना पर लें गया। वहीं पुलिस मरतक के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

# केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने निफ्ट बेगूसराय विस्तार केंद्र का किया उद्घाटन

## निफ्ट, बेगूसराय केंद्र की स्थापना से हाशिए पर पड़े समाज के समावेशी विकास में होगा सहायक : गिरिराज सिंह

● केंदीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह की उपस्थिति में निफ्ट और राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर

प्रात : किरण संवाददाता




बेगूसराय / पटना। केंदीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने बहुप्रतीक्षित निफ्ट, बेगूसराय विस्तार केंद्र का मंगलवार (17 सितंबर, 2024) को उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही तीन दिवसीय कार्यशाला का भी शुभारंभ हुआ जो प्रतिभागियों को बुनियादी सिलाई और परिधान-निर्माण कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है। इस अवसर पर केंदीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ पैटर्न-मेकिंग सेक्शन, गारमेंट कंस्ट्रक्शन लैब एवं कक्षाओं सहित प्रमुख सुविधाओं का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उन्हें केंद्र पर उपलब्ध सीखने के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम के दौरान, भारत सरकार के केंदीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह की उपस्थिति में निफ्ट और एनएसडीसी (राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। अपने संबोधन में श्री गिरिराज सिंह ने निफ्ट, बेगूसराय केंद्र की स्थापना का उल्लेख किया कहा कि यह हाशिए पर पड़े समाज के समावेशी विकास में सहायक होगा। उन्होंने निफ्ट की भूमिका पर जोर दिया, जो एक मजबूत शिल्प-आधारित कुशल कार्यबल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और फैशन उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने वस्त्र क्षेत्र के विकास के लिए अपनी योजनाओं को साझा किया कि कैसे यह भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उद्घाटन समारोह में निफ्ट, पटना के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा ने अनेक विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया। निफ्ट के पंजीयक कर्नल विक्रांत लखनपाल ने अपने स्वागत भाषण में नए विस्तार केंद्र के महत्त्व को उजागर किया, जो स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने और बिहार में वस्त्र उद्योग को आगे बढ़ाने में सहायक होगा।इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों की रोजगार क्षमता में सुधार करने और क्षेत्र में कुशल जनशक्ति के विकास में योगदान देने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई, जिनमें सुरेंद्र मेहता, खेल मंत्री, बिहार सरकार, कुंदन कुमार, विधायक, बेगूसराय, राज कुमार सिंह, विधायक, मठिहानी, सर्वेश कुमार सिंह, एमएलसी, सुरेंद्र पासवान, अध्यक्ष, जिला परिषद पिंकी देवी, महापौर, नगर निगम, बेगूसराय, सत्येन्द्र कुमार सिंह, आईएएस व नगर आयुक्त, बेगूसराय नगर निगम, तुषार सिंगला, जिलाधिकारी, बेगूसराय, मनीष, एसपी, बेगूसराय. सोमेश बहादुर माथुर, डीडीसी, बेगूसराय शामिल थे। इन सभी के सामूहिक समर्थन ने स्थानीय कौशल को बढ़ावा देने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के केंद्र के महत्व को रेखांकित किया।

## दिव्यांगों के बीच डीएम ने किया बैट्री साइकिल वितरित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने आज मुसहरी स्थित बुनियाद केन्द्र पर 50 दिव्याऔगों के बीच बैट्री चालित ट्राइ साइकिल का वितरण किया। इसी क्रम में उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र का औचक निरीक्षण भी किया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया है। वहीं निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि आज मेरे द्वारा आज मुसहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र का निरीक्षण किया गया है। कई बिंदुओं पर सुधार करने को लेकर निर्देश भी दिया गया है।उन्होने कहा कि मुसहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ मैनेजर को पहले ही कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। फिलहाल संकरा के बीएचएम यहां कार्य कर रहे हैं। कई विभागों में किए जा रहे निराशाजनक कार्यो को देख जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी और कहा कि विभाग के संबंधित अधिकारी अपने परफॉर्मेंस में सुधार लिएं अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कई जांच मशीनों में भी खराबी पाई गई। जिसको अविलंब सुधारने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होने कहा कि एक्सरे सेंटर कि व्यवस्था भी जल्द से जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुसहरी में होगी।जिसको लेकर टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिलाधिकारी के द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुसहरी में अफरा तफरी की स्थिति बनी रही।इससे पूर्व डीएम ने मुसहरी स्थित बुनियाद केन्द्र में 50 दिव्यांगो के बीच बैट्री चालित रिक्शा का वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगो को जो बैट्री चालित ट्राइ साइकिल उपलब्ध कराई गई है उससे उन्हें काफी सुविधा होगी।अब दिव्यांग छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने एवं अन्य दिव्यांग अपने रोजी -रोजगार के लिए आसानी से कहीं भी आ-जा सकेंगे। विशेष भूमि सर्वेक्षण पर उठाई जाने वाली शंकाओं को खारिज करते हुए डीएम ने कहा कि सब कुछ आनलाईन है। शंका की कोई बात नहीं है।पहले धरातल पर काम शुरू तो होने दीजिए। उन्होंने कहा ,यह लोकतंत्र है और लोकतंत्र में सभी को अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से कहने का अधिकार है। उन्होंने कहा ,भू सर्वेक्षण को लेकर लोग अफवाह न फैलाएं। सर्वेक्षण का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ होगा।

## राष्ट्रीय टीकाकरण पल्स पोलियो को लेकर जिला टास्क फोर्स की हुई बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। डॉ.भीमराव अम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पल्स पोलियो राउण्ड की तैयारी को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समय से पहले करा लेने के साथ साथ टीका कर्मियों का शत-प्रतिशत प्रशिक्षण करा लेने का निर्देश दिया साथ ही सभी संबंधित बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।कार्यक्रम में एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे इसका पूरा ध्यान रखने का निर्देश दिया। जन्म से लेकर 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सा पदाधिकारी को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ईट भट्ठा आदि जगहों पर स्पेशल टीम बनाकर पोलियों का खुराक पिलाने के निर्देश दिए। फल्स पी 0.5 प्रतिशत से अधिक नहीं हो,नवजात बच्चों पे विशेष ध्यान देने को कहा।बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार मिश्र, डब्ल्यू.एच.ओ. से डॉ.अमित कुमार,जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,एस एम सी से ओंकार चन्द्र एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी ऑनलाईन जुड़े हुए थे।

## 26 सितंबर को प्रधानमंत्री करेगें दरभंगा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दरभंगा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 53 एकड़ में 912 करोड़ की लागत से बनने वाले नए टर्मिनल भवन के होनेवाले इस शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर आज सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर के आवासीय कार्यालय में सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा एयरपोर्ट के अधिकारयों के साथ कार्यक्रम की सफलता को लेकर तैयारियो की समीक्षा की। सांसद डा ठाकुर ने इस कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित करते हुए दो साल में इस टर्मिनल के बन जाने से यह एयरपोर्ट भव्य स्वरूप में विकसित हो जायेगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा एयरपोर्ट को सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि आज देश के पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी की मिथिला क्षेत्र के प्रति लगाव और यहां के विकास के लिऐ उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है कि हवाई चप्पल बालों का हवाई जहाज में यात्रा करने का सपना साकार हो रहा है। संसद डा ठाकुर ने इस शिलान्यास कार्यक्रम को मिथिलावासियों के लिऐ एक सुखद अवसर बताते हुए कहा कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में दरभंगा और मिथिला क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का सपना धरातल पर साकार दिख रहा है इस मौके पर एयरपोर्ट के डायरेक्टर पार्थ साहा उपस्थित थे।

## एंबुलेंस ओर टेंपो की टक्कर पांच जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर स म प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली समस्तीपुर दरभंगा मुख्य सड़क के प्रखंड मुख्यालय के सामने एम्बुलेंस टेंपो की चक्कर में टेंपो सवार तीन जख्मी। एंबुलेंस को स्थानीय पुलिस कब्जे में लेते हुए अगर सरकार वाइस शुरू की है। सामुदायिक अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी के ठाकुर ने जख्मी की पहचान बरहेता गांव के चुन्नू देव मिजार्पुर गांव के मंटू साह व प्रसादी साह के रूप में हुई है। अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि दो बहन क्षतिग्रस्त हुई दोनों को जप्त कर लिया गया है। गहन छानबीन जारी एंबुलेंस चालक फरार हो गया ।

## जिले मे समारोह पूर्वक की गई स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ मंगलवार को उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम के नेतृत्व में पदयात्रा से हुआ जिसमें हजारों की संख्या में पदाधिकारियों,कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता देकर सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बने। पदयात्रा समाहरणालय से शुरू होकर शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम तक गया। यात्रा के दौरान लोगों ने श्रमदान से मार्ग की साफ-सफाई भी की। स्टेडियम परिसर में पदयात्रियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधारोपण एक पेड़, मां के नाम किया। पदयात्री एकसमान श्वेत कलर के टी-शर्ट एवं टोपी पहने हुए थे तथा स्कूली बच्चे/स्वच्छता कर्मी हाथों में स्वच्छता स्लोगन अंकित तख्ती लिए नारे लगा रहे थे तथा मार्ग में स्वच्छता रथ पर स्वच्छता संदेश प्रचारित था जो अत्यंत ही आकर्षण का केंद्र बना। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 1917 ई में लंगट सिंह कॉलेज आये थे। अतः बापू के आदर्शों , मूल्यों एवं संकल्पों को आत्मसात एवं प्रेरित करने हेतु ह्लगांधी जी के पदचिह्नों पर स्वच्छार्पणह्व नाम से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत लंगट सिंह कॉलेज परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मा. मंत्री, पंचायती राज विभाग, बिहार केदार गुप्ता, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों ने माल्यार्पण कर बापू के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित कीतत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा एलएस कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया। स्वच्छता के प्रति प्रत्येक मानव के दायित्व, उनकी प्रतिबद्धता एवं उनके संकल्पों को अभिव्यक्त करने हेतु स्वच्छता पर आधारित हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जिलाधिकारी नगर आयुक्त , उप विकास आयुक्त सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने अपना अपना हस्ताक्षर अंकित कर स्वच्छता के प्रति अपना समर्पण भाव एवं निष्ठा अंकित किया। इस अवसर पर स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जो ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह के आकर्षण का केंद्र बना। एलएस कॉलेज के ऑडिटोरियम में माननीय मंत्री पंचायती राज विभाग बिहार की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समारोहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोषागार पदाधिकारी वैशुर रहमान ने किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।अतिथियों का स्वागत करते हुए उप विकास आयुक्त ने अपने स्वागत भाषण में स्वच्छता ही सेवा अभियान की प्रासंगिकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मानव जीवन में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यक्ति को बीमारी से मुक्त रहने तथा स्वस्थ रहने के लिए गंदगी को विनष्ट कर साफ- सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ भारत के निर्माण हेतु जिलावासियों से सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान में सहभागी बनने तथा सफल बनाने पर जोड दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 186 लाभुकों को मंत्री पंचायती राज विभाग तथा जिला पदाधिकारी के कर कमलों द्वारा प्रतीकात्मक चाबी का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत आज 473 लाभुकों के आवासों का गृह प्रवेश किया गया जिसमें से 186 लाभुकों को चाबी वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024 -25 के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जिला के कुल 976लक्ष्य के विरुद्ध371 लाभुकों को स्वीकृति मिल गई है तथा उन्हें स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया है।





दरभंगा। बिहार सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी नगर विधायक संजय सरावगी के आवास पर मनाया जा रहा प्रधानमंत्री का 74 वां जन्मदिन समारोह में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व सांसद संजय कुमार झा,सांसद धर्मशीला गुप्ता,बिस्फी के विधायक, पूर्वविधनपार्षद दिलीप चौधरी व अन्य लोग शामिल थे।

## शराब के साथ चार महिला कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना के मलखाना से चार महिला ने मिलकर 16 लीटर विदेशी शराब मालखाना के दीवार के समीप से का भाग रही थी। पुलिस की नजर महिला कारोबारी पर पड़ी।पुलिस अचंभित रह गई। बाहर निकाल कर पुलिस ने देखा तो आम के पत्ते से शराब छपा हुआ था। इसी शंका के आधार पर पुलिस ने भाग रही महिला को पीछा कर उसके धर से गिरफ्तार कर लिया।, शराब बरामद किया, आधा दर्जन महिला शराब के बोड़े को छोड़ भाग चुकी थी, ।दो महिला कारोबारी फरार होने में सफल हो गई। बुधवार को चार गिरफ्तार महिला समस्तीपुर पेठिया गाछी वार्ड 3 के ननकी राय की पत्नी रूपा देवी रामचंद्र राय की पत्नी सीता देवी मोहम्मद शमशेर की पत्नी जीनत परवीन व अशोक साह की पत्नी शनिचरी देवी को उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर मोइन अखाड़ा चौक के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 2000 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक बोलेरो एक पिकअप, एक ट्रक, को जप्त किया। सघन छापेमारी में थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव नेतृत्व कर रहे थे। साथ में सक्रिय सहयोग करने वाले पदाधिकारी में अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा 112 की पुलिस बल पदाधिकारी, एस आई राहुल कुमार अजय कुमार, पुलिस बल शामिल थे ।पुलिस की गाड़ी देखते ही रात के अंधेरे में कारोबारी फरार हो गए। अपर थाना अध्यक्ष श्री झा ने बताया कि कारोबारी की पहचान की जा रही है।जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी द्वारा स्वच्छता शपथ ली

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की 48वीं वाहिनी मुख्यालय जयनगर और सभी सीमा चौकियो में आज स्वच्छता ही सेवा थीम के अंतर्गत स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर वाहिनी के सभी अधिकारियोजवानो और अन्य कर्मियो ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए शपथ ली।स्वच्छता शपथ का मुख्य उद्देश्य देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देना था। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखेगे गंदगी नही फैलाएंगे और प्लास्टिक का उपयोग कम करेगे गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयास से ही सफल हो सकती है। उन्होंने आगे बताया कि यह शपथ केवल एक औपचारिकता नही है बल्कि इसे रोजमर्रा की दिनचर्या में अपनाना आवश्यक है।इस कार्यक्रम के तहत वाहिनी द्वारा आगे भी विभिन्न स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे जिसमे सीमा चौकियों और आस-पास के गांवो में सफाई अभियान प्लास्टिक कचरे का निपटान और वृक्षारोपण जैसे कार्य किए जाएंगे।

## भमरूपुर में धूमधाम के साथ मना विश्वकर्मा पूजा, महाभोज का भी हुआ आयोजन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के भमरूपुर स्थित राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के आवास पर 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर देवताओं के शिल्पी और निर्माण के देवता, भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना पंडित मुरलीधर पाठक के द्वारा संपन्न करायी गई। बता दें कि इस पूजा कार्यक्रम में महाभोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जितेंद्र चौधरी ने बताया कि उनके परिवार में हर वर्ष भगवान विश्वकर्मा की पूजा भव्य तरीके से की जाती है। पूजा के दौरान उनके चार व दो चक्का वाहनों, जेसीबी एवं ट्रैक्टर की पूजा की गई, ताकि भगवान विश्वकर्मा की कृपा से उनके व्यापार और जीवन में उन्नति हो सके। इस संबंध में वैदिक आचार्य संजय मिश्र ने बताया कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष में सूर्य जब सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश करते हैं तो विश्वकर्मा पूजा मनाई जाती है। उनकी कृपा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं जितेंद्र चौधरी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की असीम कृपा उन पर है और आज वह जो कुछ भी हैं, वह भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से ही हैं। श्री चौधरी के साथ रमेश कुमार पांडेय, निखिल राज व नैतिक राज चौधरी ने भी भक्ति भाव से भगवान विश्वकर्मा की पूजा में भाग लिया।

## मोबाइल रिचार्ज के महंगा होने के विरोध में जियो ऑफिस में आरवाईए ने सौंपा चेयरमैन के नाम मांग पत्र

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

देश के लगभग 120 करोड़ मोबाइल उपभोक्ताओं के 40 प्रतिशत हिस्से को सेवा देने वाली रिलायंस जिओ इन्फोकॉम लिमिटेड, भारत ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। जिसने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुमानतः 20,607 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में लगातार बढ़ते मुनाफे के बावजूद पिछली 3 जुलाई 2024 अन्य कंपनियों के साथ मिलकर अपने टैरिफ प्लान में औसतन 10-40 प्रतिशत की बड़ी मूल्यवृद्धि की मनमानी घोषणा कर दी जिससे भारत के उपभोक्ताओं और खासकर के छात्र नौजवान पर अतिरिक्त बोझ पड़ गया है। गरीब और निम्न मध्यवर्गीय पृष्ठभूमि से आने वाले करोड़ों लोगों की जेब पर यह कदम बहुत भारी पड़ा है। इससे पिछड़ी व गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जीवन और कठिन हो गया है। जो निंदनीय है उक्त बाते इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) जिला सचिव रौशन कुमार ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि लोक कल्याण के नाम पर चल रही सरकारी योजनाएं, बैंकिंग व अन्य सेवा क्षेत्र और शिक्षा जगत के दूरसंचार तकनीक पर निर्भर होने के कारण लाभुकों के लिए इसका उपयोग अनिवार्य है। महंगा रिचार्ज होने से गरीब लोग भी इससे वंचित हो रहे है। जिसके खिलाफ आज पूरे बिहार में टेलीकॉम कंपनी के दफ्तरों पर बढ़े हुए रिचार्ज प्लान को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित कर रहा है। जिसमे 3 जुलाई 2024 से लागू मोबाइल टैरिफ प्लान की बेतहाशा बढ़ाई गई दरें तत्काल पूरी तरह वापस लेने, छात्रझछात्राओं के लिए सस्ते मोबाइल डेटा प्लान की तत्काल घोषणा करने, महीने का प्लान 30-31 दिनों तक लागू करने, ट्राई द्वारा तय सेवा मानकों का सख्ती से पालन करने सहित अन्य मांगे शामिल था। शहर में स्थित रिलायंस जियो टेलीकॉम कंपनी के ऑफिस में आरवाईए प्रतिनिधिमंडल, आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार के नेतृत्व में चेयरमैन आकाश अंबानी के नाम मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर आरवाईए जिला कमिटी सदस्य नवीन कुमार, मनीष कुमार, राहुल राय, गणपत यादव, आइसा जिला उपाध्यक्ष दीपक यदुवंशी उपस्थित थे।

## दरभंगा बार एसोसिएशन के निर्वाचन आयुक्त पद पर जीतेंद्र नारायण निर्वाचित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा बारएसोसियेशन का द्विबार्षिक चूनाव के लिए एक निर्वाचन आयुक्त और उन्हें सहयोग के लिए तीन सदस्य का निर्वाचन बुधवार को बार एसोसिएशन भवन में आयोजित आमसभा में की गई। दरभंगा के द्वि बार्षिक चूनाव कराने के लिए निर्वाचन आयुक्त पद पर जीतेंद्र नारायण झा निर्वाचित किये गये।वहीं नव निर्वाचित चूनाव आयुक्त का सहयोग करने के लिए तीन सदस्यीय समिति में अधिवक्ता अनिल प्रसाद,निरज कुमार सिन्हा और लोकेश कुमार झा को सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई।पूर्व से अधिसूचित सुचनानुसार अध्यक्ष रविशंकर प्रसाद की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं का आम सभा हुई।महासचिव कृष्ण कुमार मिश्रा ने चूनाव कराने के लिए एक चूनाव आयुक्त और उनके सहयोग के लिए तीन सदस्यों का चयन करने का प्रस्ताव वकीलों के समक्ष रखा।बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचन आयुक्त पद के लिए अधिवक्ता जीतेंद्र नारायण झा के नाम का प्रस्ताव किया गया।वहीं दुसरा नाम अधिवक्ता आफताब आलम के नाम का प्रस्ताव किया गया।अध्यक्ष ने दो अधिवक्ताओं के नाम का प्रस्ताव आते हीं दोनो नामो के समर्थन में मत बिभाजन कराया।जिसमें बहुमत से निर्वाचन आयुक्त पद पर श्री झा को निर्वाचित किये जाने की घोषणा अध्यक्ष ने की।वही आयुक्त को सहयोग करने हेतू सिर्फ तीन नामों का प्रस्ताव आया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।बताते चलें कि बार एसोसिएशन चूनाव की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई।चूनाव के लिए सर्वप्रथम मतदाता सुचि तैयार किया जाना है।जिसके लिए सभी अधिवक्ता अपना अपना सदस्यता राशि जमा करेंगे।तत्पश्चात मतदाता सुचि का प्रकाशन की जायेगी।मतदाता सुचि में त्रूटि सुधार के लिए प्रारुप का प्रकाशन और आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम मतदाता सुचि का प्रकाशन किया जायेगा।इसके बाद सभी पदों के लिए नामांकन,स्क्रूटनिंग ,अभ्यर्थियों के नामांकन की वैद्धयता की घोषणा और मतदान की तिथि की घोषणा की जायेगी।

## विद्यालयों में चोरी करने वाले गिरोह के 4 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले की मनियारी थाने की पुलिस ने विद्यालयों में चोरी करने वाले गिरोह के 4सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात्रि में गश्ती के क्रम में मनियारी थाना की टीम द्वारा ग्राम शाहपुर मरिचा स्थित उच्च विद्यालय के आस-पास संदिग्ध स्थिति में घुमते हुए दो युवको देख उसे रोक कर पूछताछ कर हिरासत में लिया गया इस क्रम में पुलिस ने पूछताछ के दौरान उन चारों थाने पर लाने के बाद जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो सभी ने एक स्कूल में चोरी की योजना बनाएं जाने की बात स्वीकार कर लिया। हिरासत में लिये दोनो अभियुक्तों सुर कुमार व प्रिंस कुमार को मोबाईल, पिलास, लोहे का रड एवं मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही के आधार पर ग्राम कुढ़नी टरिया में छापामारी कर संजित कुमार सहनी एवं राजेश कुमार दोनों पिता लहेरी सहनी ग्राम कुढ़नी टरिया को जिलांतर्गत विभिन्न विद्यालयों से चोरी किये गये बर्तनों एवं सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों ने जिलांतर्गत फकुली, मनियारी एवं कुढ़नी थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में सामान एवं बर्तन चोरी करने की बात स्वीकार की है।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान सम्मान समारोह में, 100 किसानों को किया सम्मानित

जमुई [ झाझा ] झाझा प्रखंड क्षेत्र के किसानों के सम्मान में पुरानी बाजार स्थित एक धर्मशाला में किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ. नीरज साह उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होनें 100 किसानों को अंगवस्त्र के अलावे एक पौधा और खेती में उपयोग किए जाने वाली सामग्री कुदाल वितरण किया। डॉ. नीरज साह ने कहा कि किसान है तो खेती होती है और इसलिए किसान को भारत का रीढ़ कहा जाता है। कार्यक्रम में उन्होनें खेती से संबंधित बातों को भी रखते हुए कहा कि किसान खेती पर ही निर्भर रहता है कभी उन्हे मौसम के कारण आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। समाजसेवी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर हर लोगों को अधिक से अधिक पौधा लगाना चाहिए जिससे धरती पर खोती जा रही हरियाली वापस आ सके और पर्यावरण शुद्ध बना रहे। मौके पर नप अध्यक्ष संजय यादव, सेवानिवृत शाखा प्रबंधक शैलेश कुमार, विकास चंद्र आर्य, सूरज सिंह, नरेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### पिकअप के टक्कर से कांवरिया वाहन क्षतिग्रस्त

संग्रामपुर (मुंगेर)। सुल्तानगंज देवघर मुख्य मार्ग जमुआ मोड़ के समीप सुबह करीब 7 बजे सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर पूजा करने जा रहे काँवरिया से भरी स्कॉर्पियो में पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे स्कॉर्पियो के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया एवं स्कॉर्पियो में सवार लोगों को भी हल्की चोटें आई स्कॉर्पियो चालक ने गाड़ी को किसी तरह संभाल लिया जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। तारापुर की ओर से आ रहे पिकअप ने स्कॉर्पियो को ओवरटेक करने के क्रम में इस घटना को अंजाम दिया स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो से जख्मी कांवरियों को निकाला और इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। परंतु पुलिस को पहुंचने से पहले पिकअप लेकर चालक मौके से फरार हो गया।

# प्रखंड में धूमधाम से देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा, लोगों ने की सुखसमृद्धि की कामना

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंजः प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सोमवार को संध्या मे विभिन्न उद्योगों, कारखानों, और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियों की स्थापना कर विधिपूर्वक पूजा की गई। श्रमिकों और कारीगरों ने घरों मे अपने औजारों और मशीनों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा से उन्नति और समृद्धि की कामना की।

विश्वकर्मा पूजा को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा जा रहा था। पूजन सामग्री, फल व मिठाइयों की खरीदारी के लिए दिन भर प्रखंड क्षेत्र के अलीगंज बाजारों में भीड़ लगी रही।विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों ने अपने-अपने वाहनों, लोहा पाट्र्स की दुकान, गैराज, आरा मशीन, आटा चक्की, इलेक्ट्रिक दुकान सहित अन्य छोटे-बड़ी सभी दुकानों में भी साफ सफाई कर पूजा अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

बताते चले की विश्वकर्मा पूजा हर साल 17 सितंबर को कल कारखानों में पूजा के साथ-साथ मशीनों को आराम देने की परंपरा है। सोमवार को विश्वकर्मा पूजा पड़ना काफी खास माना जा रहा है। इस तिथि पर कल-कारखानों के साथ-साथ गाड़ियों की पूजन का विशेष फल प्राप्त होता है।

विश्वकर्मा पूजा पर मशीनों को आरामःकारखानों से लेकर गाड़ियों की होती है,

भगवान विश्वकर्मा के पूजन से दूर होती हैं अड़चने,

वहीं अलीगंज अंदर बाजार स्थित विश्वकर्मा मंदिर मे हर साल शिल्पकला के देवता भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। अलीगंज अंदर बाजार में विश्वकर्मा पूजा समिति द्वारा विगत 30 वर्षों से पूजा पंडाल बना कर पूजा अर्चना की जाती रही, और अब पूजा समिति के सौजन्य से मंदिर की स्थापना कुछ वर्ष पहले अलीगंज अंदर बाजार मे किया गया। पूजा समिति के संयोजक संजय विश्वकर्मा ने बताया कि विगत 30 वर्षों से भगवान शिल्प कला के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की जा रही है। जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। और मंदिर बनवाने में मदद की मौके पर संजय विश्वकर्मा,टुनटुन विश्वकर्मा,महेश विश्वकर्मा,सुरेंद्र विश्वकर्मा,केदार,महेश कुमार,राजेश कुमार,राकेश कुमार,, धीरज विश्वकर्मा, कारू मिस्त्री,भूपेंद्र, पप्पू कुमार, सोनू मिस्त्री,छोटू,मन्नू विश्वकर्मा सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्रद्धा भक्ति के साथ अनंत चतुर्दशी संपन्न



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मंगलवार को अनंत चतुर्दशी भक्तिपूर्ण माहौल में मनाया गया। उलाई नदी के तट पर अवस्थित ऐतिहासिक मां दुर्गा मंदिर में पुरोहित उत्तम कुमार झा के नेतृत्व में भक्तजनों ने दोपहर तक व्रत धारण कर भगवान विष्णु की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। पुरोहित उत्तम कुमार झा ने बताया कि भक्तिपूर्ण माहौल में अनंत चतुर्दशी के दिन श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की सारी मनोकामनां पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि जब महाभारत काल में पांडव अपना सारा राज-पाट जुए में हार कर वनवास के दौरान कष्टदायक जीवन व्यतीत कर रहे थे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों को अनंत चतुर्दशी का व्रत करने को कहा। उस समय युधिष्ठिर ने अपने सभी भाइयों एवं द्रौपदी के साथ श्रद्धा भक्ति और विधि-विधान के साथ अनंत चतुर्दशी का व्रत किया। ऐसा बताया जाता है की इस अनंत चतुर्दशी का व्रत करने का बाद पांडव एवं द्रौपदी वनवास के दौरान कष्टकारी जीवन एवं विभिन्न संकटों से मुक्त हो गयी थी। यह त्योहार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को मनाया जाता है। अनंत पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न धर्मस्थान समेत अन्य मंदिरों में व्रतधारी महिलाओं एवं पुरूषों की सुबह से भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने पूरे नियम निष्ठा के साथ भगवान अंनत की पूजा अर्चना की। अनंत पर्व भगवान विष्णु को प्रसन्न करने वाला तथा अनंत फलदायक माना जाता है। इस पर्व का खास महत्व यह है कि इस दिन श्रद्धालु नमक रहित उपवास रखते हैं तथा अनंत व्रत की कथा सुनते हैं। इसके बाद व्रतधारी अपने परिजनों के साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पर्व में श्रद्धालु अनंत भगवान की पूजा कर अपने सुख समृद्धि के लिए 14 गांठ वाले अनंत सूत्र को अभिमंत्रित कर अपने दाहिने हाथ में बांधते हैं। महिलाएं अपने बाए हाथ पर अनंत सूत्र बांधती हैं। अनंत चतुर्दशी का सनातन धर्म में विशेष महत्त्व है। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है तथा सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति मिलती है।

# प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की कि गयी पुजा




प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय भर में विश्व कर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भागवान देव शिल्पी विश्वकर्मा की पूजा पूरे नियम निष्ठा के साथ क्षेत्र वासियों द्वारा की गयी इस दौरान पावर सब स्टेशन गिद्धौर सहित प्रखंड भर के लौह बिक्री केंद्र, मोटर गराज, वर्कसोप इत्यादि स्थानों पर मंगलवार को साधन, औजार, युक्ति, निर्माण सृजन के देवता, शिल्पशास्त्र कर्ता, सर्वव्यापकता और शक्ति संपन्नता के देवता विश्वकर्मा की पूजा की गयी। वहीं पतसंडा में अवस्थित पावर ग्रिड परिसर में विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पुरे धूमधाम के साथ पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं सेवा ,रतनपुर, कोल्हुआ, मौरा, गंगरा, पूर्वी गुगुलडीह, कुंधुर, पतसंडा आदि पंचायतों में भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी।

# 16 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाये गये ऑपरेशन में अवैध शिकार पर बड़ी कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता




सोनो जमुई : 16 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल खैरा जमुई के द्वारा एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है । एस एस बी कमांडेंट मनीष कुमार के कुशल निर्देशन और सहायक कमांडेंट अभिनव तोमर के नेतृत्व में सी0 समवाय एवं चरका पत्थर थाना की पुलिस और फॉरेस्ट विभाग की टीम के संयुक्त सहयोग से सोमवार को चरका पत्थर थाना क्षेत्र के खीजरा गांव के समीप स्थित जंगल में एक साहसिक संयुक्त रेड ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है । यह ऑपरेशन सोमवार की देर शाम तकरीबन साढे. आठ बजे के करीब संपन्न हुआ । इस ऑपरेशन को एसएसबी , बिहार पुलिस एवं वन विभाग की बेहतरीन समन्वय और साहसिक नेतृत्व का प्रतीक माना जा रहा है । ऑपरेशन के दौरान टीम ने बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए निम्नलिखित सामग्रियों की बरामदगी की । बरामद सामग्रियों में हिरण के चार कीमती सींग एक देसी रायफल एवं दो जिंदा कारतूस शामिल हैं । एस0 एस0 बी0 के सहायक कमांडेंट अभिनव तोमर ने बताया कि इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य जंगलों में अवैध शिकार और हथियारों के प्रयोग पर पूर्णतया रोक लगाना है । उन्होंने आगे बताया कि सशस्त्र सीमा बल , बिहार पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में इस गंभीर अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए साबित कर दिया गया है कि कानून का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । इस साहसिक अभियान के तहत अपराधियों की धरपकड़ जारी है , और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है । यह ऑपरेशन सशस्त्र सीमा बल के जवानों की अभूतपूर्व मुस्तैदी , साहस और समर्पण का प्रमाण है । उन्होंने ना केवल अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई बल्कि जंगलों और वन्य जीवों की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इस बेहतरीन ऑपरेशन ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल कायम किया है और वन्य जीव संरक्षण को एक नई दिशा दी गई है । यह अभियान न केवल अपराधियों के लिए एक सख्त संदेश है बल्कि यह भी साबित करता है कि एसएसबी , पुलिस और फॉरेस्ट विभाग की टीमें मिलकर आने वाले समय में भी इस प्रकार की कार्रवाईयां जारी रखेंगी , ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बरकरार रहे । श्री तोमर ने एसएसबी के इस साहसिक और अभूतपूर्व ऑपरेशन के लिए सभी जवानों और अधिकारियों को सैल्यूट करते हुए कहा कि उनके समर्पण और बहादुरी ने इस क्षेत्र को एक सुरक्षित और संरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर किया है । ज्ञात हो कि पिछले 24 घंटे पुर्व एस एस बी के द्वारा नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेरते हुए उसके द्वारा बिछाये गये एआईडी बम को बलास्ट कर दिया गया है ।

# आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रधानमंत्री आवास योजना( आवास प्लस) के तहत मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित स्थानीय विधायक राजीव कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के कुल 24 प्रधानमंत्री आवास योजना (आवास प्लस) के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के दुगार्पुर के चार, दूरमट्टा के दो ,बड़ौनियाँ के छः ,बलिया के चार, ददरीजाला के एक एवं कटियारी पंचायत के 7 लाभुकों को आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीश रंजन के द्वारा की गई। वहीं स्थानीय विधायक राजीव कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से नवनिर्मित मकान में लाभुकों का गृह प्रवेश करवाया गया। गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत ददरी जाला पंचायत के वार्ड नंबर 5 के सोनी देवी, वार्ड नंबर 7 की चुटकी देवी, वार्ड नंबर 6 के पम्मी देवी एवं बड़ौनियाँ पंचायत के वार्ड संख्या 6 के फागुनी देवी, वार्ड नंबर 8 की जयंती देवी एवं वार्ड नंबर 8 के नीरज कुमार का गृह प्रवेश स्थानीय विधायक एवं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा कराया गया। इस मौके पर जहां मकान की चाबी देकर एवं लाभुक के हाथ में कलश देकर गृह प्रवेश कराया गया।

# भगवान विश्वकर्मा की पुजा हर्षोल्लास पुर्वक संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता



सोनो जमुई : श्रृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र व लौह निर्माण का देवता भगवान विश्वकर्मा की पुजा सोनो प्रखंड छेत्रों मे मंगलवार को हर्षोल्लास पुर्वक संपन्न हो गया है ।सोनो , बटिया , डुमरी , सरधोडीह आदि विभिन्न गाँवो में सुसज्जित लाईटिंग के साथ सजाये गये पंडालों मे लौह शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मुर्ति को रखकर विद्वान पंडितों के द्वारा विधिवत पुजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण की गई ।इसके अलावा गैरेजों , वाहन चालकों , इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों आदि लोह उपकरण के सभी व्यवसाईयों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों पर लोह शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पुजा अर्चना की ।विश्वकर्मा पुजा के शुभ उपलक्ष्य मे कई पुजा पंडालो पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने देर रात तक आनंद लेते रहे ।पुजा को लेकर लोगों के द्वारा डीजे लगाकर दिनभर भक्ति गीत प्रस्तुत करते रहे ।इस भक्ति गीतों की गुंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा । माना जाता है कि भगवान विश्वकर्मा ने ही देवताओं के लिए महलों , हथियारों ओर इमारतों का निर्माण किए थे ।जिस कारण विश्वकर्मा जयंती के शुभ मौके पर लोहे से बनी ओजारों , मशीनरी , कल पुर्जे ओर हथियारों आदि की साफ सफाई कर इसकी पुजा हर्षोल्लास पुर्वक एवं पुरे विधि विधान के साथ किया जाता है । मान्यता है कि रावण की लंका , पांडवों के लिए इंद्रप्रस्थ एवं भगवान श्रीकृष्ण के लिए द्वारका का निर्माण भगवान विश्वकर्मा जी ने किया था । साथ ही यमराज का कालदंड , भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र , भगवान शिव का त्रिशूल एवं पुष्पक विमान सहित बड़ी संख्या में अस्त्र सस्त्र ओर उपकरणों का निर्माण किए थे ।जिस कारण भगवान विश्वकर्मा को यंत्र , औजार ओर उपकरणों का देवता माना जाता है ।

# रेलवे में चलाया गया रेलयात्रियों के बीच जागरूकता अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रेलवे के वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार झाझा में स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय की ओर से रेलयात्रियों के बीच स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम सह एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक पदाधिकारी गिरीश कुमार की अगुवाई में झाझा रेलवे स्टेशन पर रेलयात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाते हुए रेलयात्रियों से रेलवे स्टेशन, गाड़ियों में स्वच्छता को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि रेलवें में गंदगी न फैलाए बल्कि साफ- सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान दे। गाड़ियों या प्लेटफार्म पर अगर कुछ खान पान की सामग्री उपयोग करते है तो बेकार पड़े कचरो को आप डस्टबीन में डाले। इसके अलावे एक पेड़ मां के नाम के तहत जगह जगह उन्होनें पौधारोपण करते हुए कहा कि पेड़ हमारी जीवन है। पेड़ को काटे नही बल्कि सभी लोग पेड़ लगाए ताकि पर्यावरण को बचाए।

# विश्वकर्मा पूजा पर भौराटांड़ गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन, झूमे श्रोता

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर। मंगलवार को देर रात्रि गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के भौराटांड़ गांव में विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर भौराटांड़ गांववासियों कि ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में रतनपुर पंचायत के मुखिया भोला यादव व वार्ड सदस्य अजीत कुमार कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस मौके पर समारोह के अतिथि मुखिया भोला यादव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम मनोरंजन का जरिया नही आपसी प्रेम भाईचारा के वातावरण कायम करने का एक आधार है, वही वार्ड सदस्य अजीत कुमार ने संस्कृति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में आपसी भाईचारा बना रहता है वहीं संस्कृति कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से एक भक्ति गानों पर दर्शकों का मनमोह लिया। मौके पर सचिव रवींद्र यादव, दिवाकर कुमार,भरत यादव,राहुल यादव, बिनोद पासवान, बेलाल खान, अरुण यादव,सुमन यादव,सत्येंद्र मंडल,राजेश यादव के अलावे कई कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने NH333-A परियोजना की प्रगति हेतु की समीक्षात्मक बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में अपर समाहर्ता जमुई, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, भू अर्जन पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई । उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदया द्वारा NH333-A ( बरबीघा-शेखपुरा-सिकंदरा-जमुई-झा झा-बांका-पंजवारा बिहार /झारखंड बॉर्डर) 78.14 किमी के चौड़ीकरण के अधतन स्थिति की समीक्षा की गई । जिलाधिकारी महोदया ने भवन एवं अन्य संरक्षण तथा वृक्ष का मूल्य का मूल्यांकन सम्बंधी आंकड़े की जानकारी कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी से प्राप्त की ' जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 2 सितंबर 2024 को आयोजित बैठक में कुल 69 मौजों में से 65 मौजों का जिलाधिकारी द्वारा नामित छः सदस्यीय समिति के द्वारा दर का निर्धारण कर किया गया है। जिसे 5 सितंबर 2024 को जिला पदाधिकारी के द्वारा अनुमोदित किया गया है '' साथ ही जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि 65 मौजे का 3G प्रस्ताव तैयार कर अधियाची विभाग को 21 सितंबर 2024 तक भेज दी जाएगी । जिलाधिकारी महोदया द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्य में तेजी लाने एवं ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में कुल सात लोग हुए घायल

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र अंतर्गत रामडीह गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से कुल सात लोग घायल हो गए। दोनो पक्षों से घायल सभी लोगों को इलाज के लिए अन्य परिजनों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया। घायल में एक पक्ष से इलियास अंसारी और उसकी बेटी मुसरत खातुन के रूप में हुई है जबकि दूसरे पक्ष से घायल की पहचान कलीम अंसारी उसकी पत्नी समशा खातुन, बेटी करिश्मा खातुन, लाड़ली खातुन और उसका भाई नाजीर अंसारी के रूप में हुई है। एक पक्ष से घायल कलीम अंसारी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर पहले पक्ष से इलियास, मजलूम और उसके साथ आए सात से आठ लोग घर पर आया और पंचायती कि हुई जमीन को लेकर विवाद करते हुए लाठी, डंडा आदि से मारपीट करते हुए हमलोगों को घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से घायल इलियास ने बताया कि पहले पक्ष के द्वारा मेरा पौने दो कठठा जमीन को लेकर विवाद करते हुए कुल आठ लोगों ने मुझे और मेरी बेटी के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। वही मारपीट की सूचना दोनो पक्षों के ओर से थाना में दिया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्माण हेतु राशि की हुई स्वीकृति

जमुई [ झाझा ] जर्जर भवन को लेकर हमेशा सूर्खियों के बीच चर्चा में रहने वाले प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र सरकारी अस्पताल रेफरल अस्पताल की अब सूरत जल्द ही बदलेगी। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड पटना के प्रबंध निदेशक को झाझा में तीस शय्या वाले एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में पत्र लिखा गया है। पत्र के आलोक में कार्यपालक निदेशक ने बताया है कि 15 वीं वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2022-23 में पांच करोड़ पचहत्तर लाख रूपए की दर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण हेतु राशि अनुमोदित है। उक्त के आलोक में झाझा में 30 शय्यावाले एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्माण हेतु निर्धारित राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी जाती है। जदयू नेता डॉ. राजेंद्र रावत ने बताया कि स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार दामोदर रावत के पास कई बार जर्जर भवन को लेकर जानकारी मिल रही थी जिसके बाद विधायक ने अपने स्तर से नये भवन को लेकर हमेशा प्रयास जारी रखा और उनके अथक प्रयास यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कि गई है।

# पिता और भाई ने मिलकर भरत मांझी का किया हत्या, पिता हुआ गिरफ्तार



- 12 घंटे के अंदर हत्यारा पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, खून लगा कुल्हाड़ी भी हुआ बरामद

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई झाझा थानाक्षेत्र अंतर्गत फोकसा गांव में धान के खेत में मिले एक व्यक्ति के शव को पुलिस ने सूचना के आधार पर रात्रि में बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 32 वर्षीय भरत मांझी के रूप में हुई है। वही पुलिस ने छानबीन में हत्या को अंजाम देने वाले उसके पिता को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है जबकि घटना में संल्पित मृतक के भाई अभी फरार चल रहा है। गिरफ्तारी के संदर्भ में बुधवार को एसडीपीओ राजेश कुमार के द्वारा थाना में पीसी किया गया। जिसमें उन्होनें बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी फोकसा गांव में एक व्यक्ति कि हत्याकर उसका शव धान के खेत में छिपा दिया गया है। घटना को गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारी के सूचना देने उपरांत मेरे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष संजय कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया एवं छापेमारी टीम घटनास्थल पर निरीक्षण किया। एफएसएल टीम के द्वारा भी घटनास्थल का साक्ष्य भी जुटाया गया। वही घटना को लेकर पूछताछ किए जाने पर यह बात सामने आई कि आपसी विवाद के कारण भरत मांझी की हत्या उन्हीं के पिता और भाई जानो मांझी ने किया है। वही त्वरित कार्रवाई करते हुए बेनी मांझी को फोकसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है एवं घटना में उपयोग किए जाने वाले खून लगा कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया है।

# सड़कों की दुर्दशा को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति ने किया आंदोलन का ऐलान

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर ( बिहार)। श्मशान का एहसास कराती सड़कों की भयावह स्थिति सहित जिले में बढ़ते अपराध विद्युत के अनियमित आपूर्ति विश्वविद्यालय भवन का जिला मुख्यालय से दूर निर्माण से आक्रोशित सर्वदलीय संघर्ष समिति ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सीपीआई कार्यालय में सर्वदलीय संघर्ष समिति आवश्यक बैठक एनसीपी के जिला अध्यक्ष मो जाबीर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें राजद कांग्रेस सीपीआई सपा माले एनसीपी जाप बसपा के नेताओं एवं प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जिसका संचालन संघर्ष समिति के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव कर रहे थे । बैठक की अध्यक्षता करते हुए मो जाबिर हुसैन ने कहा कि जिला प्रशासन जनता के सवाल पर पंगु नजर आती है यहां की जनता गड्ढे में सड़क ढूंढ रही लेकिन सड़कों का दूर-दूर तक पता नहीं जिसके लिए हमलोगों को अकर्मण्य जिला प्रशासन के विरुद्ध सड़क पर उतरना होगा अन्यथा ये अधिकारी हमलोगों के साथ निरीह पशु के तरह व्यवहार करते रहेंगे ।वहीं बैठक में उपस्थित राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार यादव एवं जाप के प्रदेश महासचिव फैसल अहमद रूमी ने कहा कि जिला प्रशासन का रवैया पूर्णता जन विरोधी है चाहे सवाल सड़क का हो बिजली का हो या फिर बढ़ते अपराध का जिला प्रशासन पूरी तरह विफल है ऐसी स्थिति में आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है जिससे हम अपने जिला की गरिमा वापस ला सकते हैं वही संचालन करते हुए संघर्ष समिति के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता का दिलीप कुमार ने कहा कि जिस तरह से जिला प्रशासन राजनीतिक सामाजिक कार्यकताओं की उपेक्षा कर दलालों को प्रश्रय दे हर दल के लोगों को चुनौती दे रहे हैं ऐसी स्थिति में हम अपनी निजी स्वार्थ त्याग कर जिला प्रशासन के कार्यक्रमों का बहिष्कार करे और जनहित की लड़ाई तेज करे अन्यथा इससे भी बड़ी दुर्गति के लिए मुंगेर की जनता तैयार रहे । वहीं जन सुराज के वरिष्ठ नेता दिनेश कुमार सिंह राजद के वरिष्ठ नेता आदर्श कुमार राजा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अजीत मालाकार ने कहा कि जिला मुख्यालय की स्थिति बद से बदतर है , कोई भी सड़के चलने के लायक नहीं है बिजली का बुरा हाल है अपराध से मुंगेर दहल रहा है और शासन प्रशासन के लोग गाल बजाने में मस्त हैं,जिसका मुंहतोड़ जबाव देने के लिए हमें तैयार रहना होगा बैठक के अंत में सर्वसम्मति से सड़क निर्माण सहित अन्य सवालों को लेकर शनिवार को प्रमंडलीय आयुक्त,पुलिस अधीक्षक एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता से मिलने के उपरांत आगे की रणनीति तय करने का निर्णय लिया गया । बैठक में सीपीआई के प्रभारी जिला सचिव संजीवन सिंह बसपा के जिला प्रभारी कृष्णानंद राउत माले के सुमित कुमार सपा के जिला सचिव नकुल यादव मो आजम मनोज क्रांति कुणाल रंजन आदि उपस्थित थे।

## 02 अक्टूबर तक रहेगा पितृपक्ष

# गया में होता है पितृपक्ष में तर्पण



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

पितृपक्ष में पितरनों की शांति के लिए तर्पण किया जाता है। इस अवधि में नियम संयत से रहना, खान पान के साथ साथ आचार व्यवहार में भी संयत जरुरी होता है। ऐसे तो तर्पण, पितरन के निधन तिथि पर, किया जाता है। लेकिन जो लोग अपने पितरनों के नाम पर एक पखवाड़ा तक प्रतिदिन पूजा तर्पण करते है, उन्हें भी विशेष लाभ मिलता है। पितृपक्ष में पितरनों के पिंड दान के लिए बिहार के गया जिला में भाद्र पक्ष की पूर्णिमा से लेकर आश्विन की अमावस्या तक पिंडदान आदि कार्य करने का उत्तम समय माना जाता है। इस वर्ष 17 सितंबर से शुरू होकर 02 अक्टूबर तक पितृपक्ष चलेगा। सनातन धर्म में देवी-देवताओं के पूजन के लिए वर्ष में कुछ समय निर्धारित है। इसी क्रम में आश्विन कृष्ण पक्ष को पितृपक्ष मानते हुए पितरनों के लिए अपनी श्रद्धा समर्पित करने की विशेषता मानी गयी है ! मान्यता है कि देवकार्य करने से पहले पितरनों को तृप्त करने का प्रयास मनुष्य को करना चाहिए। पितृपक्ष में पितरनों को अनदेखा करने से किसी भी देवी - देवता का पूजन कभी भी सफल एवं फलदायी नहीं होता है, ऐसी मान्यता है। यह भी कहा जाता है कि अपने पितरनों के लिए पितृपक्ष में तर्पण और श्राद्ध नहीं करने पर पितृदोष के साथ अनेक व्याधियों का शिकार होकर कर मनुष्य जीवन भर कष्ट भोगता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब सूर्य नारायण, कन्या राशि में विचरण करते हैं तब पितृलोक पृथ्वी लोक के सबसे अधिक नजदीक रहता है। श्राद्ध का अर्थ पूर्वजों के प्रति श्रद्धा भाव है। पितरन के लिए किए जाने वाले श्राद्ध दो तिथियों पर किए जाते हैं, पहला मृत्यु या क्षय तिथि पर और दूसरा पितृ पक्ष में जिस मास और तिथि को पितरन की मृत्यु हुई हो।

देखा जाय तो सृष्टि में प्रत्येक चीज का जोड़ा है, जैसे - रात और दिन, अँधेरा और उजाला, सफेद और काला, अमीर और गरीब, नर और नारी इत्यादि। सभी अपने जोड़े अपने आप में सार्थक भी है और एक-दूसरे के पूरक भी। इसी तरह जगत का भी जोड़ा है दृश्य और अदृश्य। दृश्य को हमलोग जगत अपने आंखों से देखते हैं और अदृश्य जिसे देखते नहीं हैं बल्कि महसूस करते है। यह भी एक-दूसरे पर निर्भर है और एक-दूसरे के पूरक हैं। इसी प्रकार पितृ-लोक अदृश्य है और श्राद्ध।

धर्म शास्त्रों के अनुसार, प्रत्येक हिन्दू गृहस्थ को पितृपक्ष में श्राद्ध अवश्य करना चाहिए, क्योंकि पितरन का पिण्ड दान करने से गृहस्थ, दीघार्यु, पुत्र-पौत्रादि, यश, स्वर्ग, पुष्टि, बल, लक्ष्मी, पशु, सुख-साधन तथा धन-धान्य आदि की प्राप्ति होता है। श्राद्ध के माध्यम से व्यक्ति पितृऋण से मुक्त होता है और पितरन को संतुष्ट करके स्वयं की मुक्ति के मार्ग प्रसस्त करता है।

विश्व के प्राचीनतम शहरों में भारत के बिहार राज्य में अवस्थित है 'गया'। 'गया' को लोग श्रद्धा से 'गया जी' कहकर सम्बोधित करते है। 'गया' शहर का उल्लेख 'ऋग्यवेद' में किया गया है। 'गया' भगवान विष्णु की नगरी कहा जाता है। 'वायुपुराण' के अनुसार, प्राचीनकाल में गयासुर नामक एक असुर था, जिसने दैत्य गुरु शुक्राचार्य की शरण में रहकर वेद, धर्म और युद्ध कला में दक्षता हासिल करने के बाद भगवान विष्णु की कठिन तपस्या की। कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने गयासुर को वरदान दिया कि 'जो भी उसका (गयासुर का) दर्शन करेगा वह सीधे स्वर्ग को जायेगा।' इस वरदान की, प्रतिक्रिया हुई कि गयासुर दर्शन कर सीधे लोग स्वर्ग (मोक्ष) प्राप्त करने लगा और यमलोक कोई नही जाने लगा। इस समस्याओं से निपटने के लिए समस्त देवताओं ने ब्रह्माजी के नेतृत्व में सभा कर यह निर्णय लिया कि गयासुर को उसके शरीर पर यज्ञ करने को तैयार (राजी) किया जाय। ब्रह्मा जी ने पहल कर गयासुर के पास जाकर कहा की यज्ञ करने के लिए उसे एक पवित्र स्थल चाहिए और मुझे तुम्हारे शरीर से अधिक पवित्र स्थल कही दिखाई नही दे रहा है। गयासुर इस याचना को सुनकर प्रसन्न और भावुक होकर अपने शरीर पर यज्ञ करने की अनुमति दे दी। यज्ञ के लिए जब गयासुर जमीन पर लेटा तो उसका शरीर दस मील और सिर दो मील में फैल गया। सभी देवताओं ने गयासुर के छाती पर बैठकर छाती को दबाकर, फिर धर्मशिला रखकर मारने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिला तब भगवान विष्णु ने छाती पर रखा धर्मशाला पर अपना पैर रख कर जोर से दबाते हुए गयासुर को कहा कि मृत्यु के अंतिम घड़ी में जो चाहो वरदान मांग लो। गयासुर ने मृत्यु के समय यह वरदान मांगा कि ' मै जिस स्थान पर प्राण त्याग रहा हूँ ह्यवह शिला में परिवर्तित हो जाये और मैं उसमें मौजूद रहूँ, तथा इस शिला पर आपके पवित्र पैर (चरण) की स्थापना हो जाये और जो इस शिला पर पिण्डदान और मुंड (मुंडन) दान करेगा उसके पूर्वज सभी पापों से मुक्त होकर स्वर्ग में वास करेंगे, अगर इस शिला पर जिस दिन एक भी पिण्डदान और मुंड (मुंडन) दान नही होगा तो उस दिन इस क्षेत्र और शिला का नाश हो जायेगा। गयासुर के इस वरदान के कारण बिहार राज्य के इस जिला का नाम 'गया' हुआ और भगवान विष्णु के पद चिन्ह के कारण इस स्थान और मंदिर को 'विष्णुपद' कहा जाता है।

पितृपक्ष में पितरनों की उपस्थिति का संकेत भी लोगों को मिलता है। यदि घर में पीपल का पौधा निकल आए तो ये आपके घर में पितरनों की उपस्थिति माना जाता है। पितृपक्ष के दौरान घर में अचानक से लाल चीटियां दिखाई देती हैं और आपको उनके आगमन का सही कारण पता नहीं चलता है। यदि आपके घर में लगा हुआ हरा भरा तुलसी का पौधा अचानक से सूख जाए और उसका कारण पता नहीं चले। घर में अचानक से काले कुत्ते का आगमन होना। काले कुत्ते को पूर्वजों का संदेशवाहक माना जाता है। यदि पितृ पक्ष के दौरान घर में कौआ भोजन को ग्रहण करने आ जाए जो आपने पितरों के निमित्त निकाला है। मान्यता है कि इस तरह का संकेत पितृपक्ष में मिलना पितरनों की उपस्थिति दशार्ती है। फल्गु नदी तट पर बसा शहर भारत में अकेला शहर है 'गया', जिसके नाम के साथ जी लगता है, इसलिए लोग 'गया' को 'गया जी' कहते है। देखा जाय तो भारत के अधिकांश भूभाग अंतः सलिला नही दिखती है जहाँ नदी सुख जाने के बाद भी हाथ-दो-हाथ अंदर जल का प्रवाह हो।

गया शहर को अस्तित्व में लाने का श्रेय सृष्टि के निमार्ता ब्रह्मा जी को जाता है। गया शहर अपने स्थापत्य काल से ही अनेक उतार-चढ़ाव के बाद भी प्राचीन काल से आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है। ऋग्यवेद में अय, पुराणों में गया, जैन साहित्य में राजा गय और बुद्धचरित में ऋषिगण से जाना जाता है। इस वर्ष गूंगे बहरे पितृ का श्राद्ध, पूर्णिमा तिथि मंगलवार 17 सितम्बर को होगा। प्रतिपदा (पड़वा) तिथि का श्राद्ध बुधवार 18 सितम्बर को, द्वितीया तिथि का गुरुवार 19 सितम्बर को, तृतीया तिथि का शुक्रवार 20 सितम्बर को, चतुर्थी तिथि का (भरणी श्राद्ध) शनिवार 21 सितम्बर को, पंचमी तिथि का रविवार 22 सितम्बर को, षष्ठी तिथि एवं सतमी तिथि का सोमवार 23 सितम्बर को, अष्टमी तिथि का मंगलवार 24 सितम्बर को, नवमी तिथि का सौभाग्यवती (मातृ नवमी) श्राद्ध बुधवार 25 सितम्बर को, दशमी तिथि का गुरुवार 26 सितम्बर को, एकादशी तिथि का शुक्रवार 27 सितम्बर को, द्वादशी तिथि का (सन्यासियो का श्राद्ध) रविवार 29 सितम्बर को, त्रयोदशी तिथि का सोमवार 30 सितम्बर को, चतुर्दशी तिथि अकाल मृत्यु (शस्त्र अथवा दुर्घटना में मरे) का मंगलवार 01 सितम्बर को और अमावस्या तिथि सर्वपित्र श्राद्ध बुधवार 02 सितम्बर को होगा।

# हरियाणा चुनाव : सत्ता का चक्रव्यूह

**इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हरियाणा चुनावी दौरा भी शुरू कर दिया है। गत दिनों मोदी जम्मू कश्मीर से एक चुनावी सभा सम्बोधित करने के बाद कुरुक्षेत्र की जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे। यहाँ उनके भाषण में मुख्यत: कांग्रेस ही निशाने पर रही। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद व भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया ही साथ ही यह भी बताया कि किस तरह कांग्रेस शासित राज्य वित्तीय संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कथित आर्थिक संकट का जिक्र किया तथा उनकी जनता को मुफ़्त दी जाने वाली योजनाओं पर निशाना साधा तथा वित्तीय संकट के लिये इसी रेवड़ी कल्चर को जिम्मेदार ठहराया। हिमाचल प्रदेश का नाम लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी दिये।**



-निर्मल रानी-
(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)





गत 16 सितंबर को हरियाणा में नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि समाप्त हो गयी। प्राप्त समाचारों के अनुसार राज्य में 190 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने वालों में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के कई बागी उम्मीदवार भी शामिल हैं। इनमें सिरसा विधानसभा की सीट ऐसी भी है जहां बीजेपी प्रत्याशी रोहतास जांगड़ा ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। रोहतास जांगड़ा ने मीडिया को बताया कि पार्टी के कहने पर ही उन्होंने पर्चा दाखिल किया था और पार्टी के कहने पर ही उन्होंने अपना नाम वापस भी ले लिया है। कयास लगाये जा रहे हैं कि सिरसा विधानसभा सीट पर अब भाजपा हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री गोपाल कांडा को अपना समर्थन दे सकती है। खबर यह भी है कि इस ह्यसौदेबाजीह्न के तहत गोपाल कांडा की हरियाणा लोकहित पार्टी रानियां सीट पर अपने उम्मीदवार के बजाये भाजपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है। अंबाला की दो विधानसभा सीटों को लेकर भी कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। अम्बाला शहर की सीट पर भाजपा ने यहां से दो बार विधायक रहे असीम गोयल को तीसरी बार भी मैदान में उतरा है। गोयल, नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में पहली बार राज्य मंत्री भी बनाये गए हैं। कांग्रेस के दो मजबूत बागी उम्मीदवारों पूर्व विधायक जसबीर मलोर तथा युवा नेता हिम्मत सिंह के नामांकन पत्र भरने की वजह से असीम गोयल के लिये तीसरी बार भी यह सीट जीतना आसान लग रहा था। परन्तु नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन सांसद दीपेंद्र हुडा ने स्वयं अंबाला पहुंचकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह के पक्ष में इन दोनों कांग्रेस नेताओं के नामांकन वापस करा दिये। इसके बाद अब यह माना जा रहा है कि निर्मल सिंह की जीत का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

उधर अम्बाला छावनी की सीट पर गत छः बार के विधायक रहे पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला वैसे तो कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी से है जो पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। परन्तु इसी सीट पर चित्रा सरवारा भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। चित्रा सरवारा कांग्रेस के अंबाला शहर के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह की बेटी हैं। 2019 तक चौधरी निर्मल सिंह कांग्रेस में थे। बाद में कांग्रेस छोड़कर कुछ समय के लिये आम आदमी पार्टी में भी शामिल हुये। कुछ समय पूर्व ही पिता-पुत्री की पुनः ह्य घर वापसी ह्य हुई है। चित्रा 2019 में भी विज के विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़कर 44 हजार वोट ले चुकी थीं इसलिये इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रही थीं। परन्तु पार्टी ने एक ही जिले से पिता पुत्री को एक साथ टिकट न देने का निर्णय तो लिया। परन्तु जिस सक्रियता से निर्मल सिंह के विरुद्ध लड़ने जा रहे दो बागियों के नाम वापस कराये गये उसी तरह स्वयं निर्मल सिंह की बेटी ने अपना नामांकन कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी के पक्ष में वापस क्यों नहीं लिया इस बात को लेकर रहस्य बना हुआ है। बहरहाल नामांकन वापस लेने के बाद अब 90 विधानसभा के लिये 5 अक्टूबर को होने वाले इस चुनाव में विभिन्न दलों के कुल 1031 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हरियाणा चुनावी दौरा भी शुरू कर दिया है। गत दिनों मोदी जम्मू कश्मीर से एक चुनावी सभा सम्बोधित करने के बाद कुरुक्षेत्र की जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे। यहाँ उनके भाषण में मुख्यतः कांग्रेस ही निशाने पर रही। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद व भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया ही साथ ही यह भी बताया कि किस तरह कांग्रेस शासित राज्य वित्तीय संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कथित आर्थिक संकट का जिक्र किया तथा उनकी जनता को मुफ़्त दी जाने वाली योजनाओं पर निशाना साधा तथा वित्तीय संकट के लिये इसी रेवड़ी कल्चर को जिम्मेदार ठहराया। हिमाचल प्रदेश का नाम लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी दिये। हालांकि प्रधानमंत्री के इस आरोप का जवाब देने के लिये कांग्रेस की ओर से अगले ही दिन पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने चंडीगढ़ में एक प्रेस वार्ता की। चिदंबरम ने कांग्रेस शासित राज्यों में आर्थिक संकट के आरोपों को सिरे से खारिज किया और कहा कि प्रधान मंत्री मोदी हमेशा सही नहीं बोलते। हर राज्य की स्थितियां अलग होती हैं। उल्टे चिदंबरम ने हरियाणा की भाजपा सरकार से ही बेरोजगारी, कर्ज और किसानों के मुद्दों पर आंकड़ों के साथ सवाल किये।

उधर तीसरी बार सत्ता में वापसी को आतुर दिखाई दे रही भाजपा के प्रत्याशियों को अनेक विधानसभा क्षेत्रों में जनता खासकर किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ तक कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पूर्व हल्के नारायणगढ़ के भाजपा प्रत्याशी को भी किसानों ने कुछ गावों में घुसने नहीं दिया और नारेबाजी कर उन्हें वापस जाने के लिये मजबूर किया। इसी तरह अनिल विज को भी अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। उधर कांग्रेस पार्टी जो कुछ समय पहले तक राज्य में क्लीन स्वीप करती दिखाई दे रही थी उसमें अब ह्यडैमेज कंट्रोल ह्य की जरुरत आ पड़ी है। इसका मुख्य कारण है पार्टी की भीतरी गुटबाजी व इसके कारण पैदा होने वाले विवाद। दरअसल पिछले दिनों हरियाणा में तेजी से एक वीडिओ वायरल हुआ जिसमें कथित रूप से कोई भूपेंद्र हुड्डा समर्थक बुजुर्ग, कुमारी शैलजा के बारे में जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणी करता सुनाई दिया। यह वीडिओ कांग्रेस विरोधियों द्वारा यही कहकर प्रसारित की गयी कि ह्ययह कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा हैह्न। हालांकि इस आपत्तिजनक वीडिओ के वायरल होने के बाद स्वयं हुडा ने रोहतक में पत्रकारों से बात की और कहा कि -शैलजा उनकी बहन हैं और पार्टी की एक सम्मानित नेता हैं। कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता है, और ऐसे लोगों के लिए पार्टी के अंदर कोई जगह नहीं है। जाति, धर्म के आधार पर लोगों को आपस में लड़वाना बीजेपी का काम है। हुडा ने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी शख़्स ऐसी बात नहीं कह सकता है। दरअसल कुमारी शैलजा राज्य की सबसे वरिष्ठ दलित महिला नेता तथा इस वर्ग की मुख्यमंत्री पद की इकलौती दावेदार हैं। परन्तु कांग्रेस ने जिन 89 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं उनमें 72 प्रत्याशी अकेले भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थक बताये जा रहे हैं जबकि सिरसा से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रही पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के केवल 9 समर्थक प्रत्याशी ही टिकट हासिल करने में कामयाब हुये हैं। गोया टिकट वितरण से ही हुड्डा खेमे का पल्ला भारी है।

अब देखना यह होगा कि कई क्षेत्रों में बागियों के चुनाव लड़ते तथा शैलजा खेमे के साथ साथ उन पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर दलित समाज में उपजे रोष के बीच हुड्डा खेमे पर लगभग आश्रित नजर आती कांग्रेस अपने बल पर भाजपा से सत्ता छीन सकेगी या फिर हरियाणा को 2019 की ही तरह राज्य में चुनाव लड़ रहे इनेलो, जजप, बसपा आजाद समाज पार्टी या विजयी होकर आने वाले अन्य स्वतंत्र निर्वाचित सदस्यों की बैसाखी की सरकार मिलेगी?

# एनपीएस वात्सल्यः भावी पीढ़ी के लिए एक बुद्धिमानी भरा निवेश

**एनपीएस वात्सल्य एक रचनात्मक आर्थिक उपकरण है, जिसे माता-पिता को अपने बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। बचत के लिए एक अनुशासित दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर और दीर्घकालिक अवधि में धन सृजन का एक उपाय पेश करके, यह योजना अगली पीढ़ी के लिए निवेश का एक बुद्धिमानी भरा विकल्प प्रदान करती है।**



-श्रीराम अय्यर-
(एमडी एवं सीईओ, एचडीएफसी पेंशन फंड)




न आज की दुनिया में, एक स्थिर व सुरक्षित आर्थिक भविष्य सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है। एनपीएस वात्सल्य योजना बच्चों को जन्म से ही एक सेवानिवृत्ति कोष बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करते हुए, उन्हें आर्थिक आजादी की राह पर आगे बढ़ाती है। नाबालिगों के लिए लक्षित, यह योजना माता-पिता को बिल्कुल शुरूआत से ही योगदान करने में समर्थ बनाते हुए उनके बच्चे के आर्थिक भविष्य की एक ठोस शुरूआत सुनिश्चित करती है। 18 वर्ष के होने पर, बच्चे निवेश करना जारी रख सकते हैं जिससे उनकी संपत्ति चक्रवृद्धि आधार पर बढ़ सकती है- जो उन्हें एक सफल वयस्क जिंदगी जीने के लिए तैयार करेगी।

### भावी पीढ़ी का सशक्तिकरण

एनपीएस वात्सल्य महज निवेश का एक विकल्प ही नहीं, बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। यह योजना युवाओं को आर्थिक आजादी हासिल करने के लिए सशक्त बनाती है। माता-पिता और अभिभावकों को जल्दी शुरूआत करने के लिए प्रोत्साहित करके, यह योजना भावी पीढ़ियों के आर्थिक कल्याण की दिशा में एक अहम भूमिका निभाती है। यह योजना आर्थिक रूप से एक सुरक्षित राष्ट्र बनाने के सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस वर्ष के बजट भाषण में इस योजना की घोषणा के दौरान, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा था, नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों द्वारा योगदान की एक योजना, एनपीएस वात्सल्य शुरू की जाएगी। बच्चों के 18 वर्ष के हो जाने पर, यह योजना निर्बाध रूप से एक नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो सकती है।

### एनपीएस वात्सल्य क्या है?

एनपीएस वात्सल्य नाबालिगों के लिए डिजाइन किया गया राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का एक अनुकूलित संस्करण है। यह योजना माता-पिता या अभिभावकों को नियमित योगदान के साथ अपने बच्चों के लिए एक निवेश खाता खोलने की अनुमति देती है। जैसे ही बच्चा 18 वर्ष का होता है, यह निवेश खाता एक मानक एनपीएस में रूपांतरित हो जाता है। इससे उक्त युवा को अपने निवेश संबंधी निर्णयों के मामले में पूर्ण नियंत्रण मिल जाता है।

### 18 वर्ष की आयु के बाद के लाभ

एकबारगी बच्चे के वयस्क होते ही, एनपीएस वात्सल्य एक नियमित एनपीएस खाते में बदल जाता है। यह सुविधा वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण को बढ़ावा देते हुए निरंतर योगदान को प्रोत्साहित करती है। यह योजना बचत की आदत पैदा करती है, जो आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### यह योजना कैसे काम करती है?

एनपीएस वात्सल्य योजना पारंपरिक एनपीएस के जैसी संरचना का ही अनुसरण करती है। यह योजना स्थिरता एवं विकास की संभावनाओं को सुनिश्चित करते हुए इक्विटी, सरकारी प्रतिभूतियों और कॉरपोरेट बॉन्ड का एक समुचित व संतुलित पोर्टफोलियो मिश्रण प्रदान करती है। इसके पीछे का मुख्य विचार जल्दी निवेश शुरू करना है ताकि दीर्घकालिक अवधि में चक्रवृद्धि आधार पर लाभ मिले। जीवन के अहम पड़ावों पर बच्चों की सहायता के उद्देश्य से डिजाइन की गई यह योजना माता-पिता को अपने निवेश के मामले में लचीलापन प्रदान करती है, जिससे उन्हें एक विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो बनाने में मदद मिलती है। 18 वर्ष का होने पर, बच्चा वयस्क एनपीएस की तरह ही यह तय कर सकता है कि उसे कैसे निवेश करना है और अपनी निधि को कैसे और बढ़ाना है।

### चक्रवृद्धिकरण (कंपाउंडिंग) की शक्तिः एक परिवर्तनकारी पहलू

एनपीएस वात्सल्य का सबसे महत्वपूर्ण लाभ चक्रवृद्धिकरण (कंपाउंडिंग) की शक्ति है। जल्दी शुरूआत करने से, ग्राहकों को 18 अतिरिक्त वर्षों की चक्रवृद्धि का लाभ मिलता है। इसके परिणामस्वरूप पर्याप्त धन संचय हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी बच्चे के माता-पिता उसके जन्म से शुरू करके सालाना 50,000 रुपये का योगदान करते हैं, तो 10 प्रतिशत के वार्षिक रिटर्न के साथ, बच्चे के 18 वर्ष का होने तक धनराशि बढ़कर लगभग 25 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। यदि उक्त युवा के कमाई शुरू करने तक, उसके लिए निवेश जारी रहता है, तो उक्त निधि 25 साल की आयु तक बढ़कर 40 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। यदि वे 60 साल की आयु तक अपनी आय में से 50,000 रुपये का वार्षिक योगदान करते हैं, तो यह निधि बढ़कर लगभग 12.5 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। ह्यएनपीएस वात्सल्यह्न के माध्यम से शुरूआती योगदान के बिना, यह आंकड़ा सिर्फ 1.5 करोड़ रुपये तक ही पहुंचेगाझ्र लगभग आठ गुना का अंतर, जो धन सृजन की गति को जबरदस्त तेज करने की इस योजना की क्षमता को दशार्ता है। इस योजना के तहत सभी गणनाएं जीवनकाल में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत के सीमित रिटर्न को मानकर की गई हैं।

### निवेश संबंधी विकल्प

मानक एनपीएस की तरह ही, एनपीएस वात्सल्य इक्विटी, सरकारी प्रतिभूतियों और कॉरपोरेट बॉन्ड का मिश्रण प्रदान करता है। ग्राहक अपने लक्ष्य और जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर ह्यऑटो चॉइसह्न (एलसी25, एलसी50 और एलसी75 जैसे जीवन चक्र निधि) या एक्टिव चॉइस का विकल्प चुन सकते हैं। एनपीएस की सफलता, एनपीएस वात्सल्य के लिए एक ठोस मिसाल कायम करती है। एनपीएस के बारे में यह दावा है कि अगस्त 2024 तक उसके प्रबंधन के तहत 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है।

### एनपीएस वात्सल्य क्यों चुनें?

हर माता-पिता अपने बच्चों को आर्थिक एवं भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास करते हैं। एनपीएस वात्सल्य योजना एक समर्पित निवेश खाते, जो समय के साथ बढ़ती जाती है, की पेशकश करके इस प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यह योजना न केवल शिक्षा जैसे जीवन के प्रमुख लक्ष्यों के मामले में सहायता करती है, बल्कि अगली पीढ़ी के लिए पर्याप्त धन अर्जित करने के लिए चक्रवृद्धिकरण की शक्ति का भी लाभ प्रदान करती है। इसके अलावा, यह कम आयु में बच्चों में बचत संबंधी अनुशासन पैदा करती है और उन्हें अपनी वित्तीय योजना बनाने व धन प्रबंधन के प्रति एक स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

### निष्कर्ष

एनपीएस वात्सल्य एक रचनात्मक आर्थिक उपकरण है, जिसे माता-पिता को अपने बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। बचत के लिए एक अनुशासित दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर और दीर्घकालिक अवधि में धन सृजन का एक उपाय पेश करके, यह योजना अगली पीढ़ी के लिए निवेश का एक बुद्धिमानी भरा विकल्प प्रदान करती है। चक्रवृद्धिकरण और शुरूआत से ही आर्थिक योजना बनाने पर अपना ध्यान केन्द्रित करके, एनपीएस वात्सल्य यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे की आर्थिक सुरक्षा की यात्रा उसके जन्म के साथ ही शुरू हो जाए।

# प्रारंभिक विद्यालयों में अर्धवार्षिक मूल्यांकन, एक सराहनीय पहल

**बिहार सरकार की इस ढुलमुल नीति से शिक्षकों में आक्रोश है।बिहार सरकार जब चाहें विशिष्ट शिक्षकों को नए विद्यालयों में पदस्थापित करती रहें , लेकिन परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से उन्हें राज्यकर्मी घोषित कर देनी चाहिए। शिक्षा विभाग द्वारा सभी शिक्षकों को ई-शिक्षाकोष के माध्यम से दैनिक उपस्थिति बनवा रही है। यह अच्छी पहल है।**



राजेश कुमार
समसामयिक विश्लेषक

शिक्षा विभाग द्वारा प्रारंभिक विद्यालयों में 18 से 26 सितंबर 2024 तक अर्धवार्षिक मूल्यांकन ,बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की तर्ज पर लेना शुरू कर दी है। इस परीक्षा में सम्बंधित विद्यालय के शिक्षक अपने विद्यालय में उपस्थित नहीं रहकर विभाग द्वारा निर्धारित विद्यालयों में उपस्थित होकर वीक्षण कार्य करेंगे।परीक्षा को कदाचारमुक्त रखने के लिए उड़नदस्ता टीम का भी गठन किया गया है। इस परीक्षा के माध्यम से सम्बंधित विद्यालय के शिक्षकों का ग्रेड निर्धारित किया जाएगा और शिक्षकों के सेवा-पुस्तिका में इसे संधारित भी किया जाएगा। ऐसा शिक्षा में सुधार के उद्देश्य से माननीय अपर मुख्य सचिव , शिक्षा विभाग , बिहार सरकार द्वारा किया गया है। यह मूल्यांकन बिहार के बच्चों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि उन्हें भविष्य में बिना दबाव के परीक्षा देने में सहूलियत होगी। जब बच्चे मैट्रिक की परीक्षा में सम्मलित होंगे , तब उन्हें ऐसा लगेगा कि वो अपने विद्यालय में बैठ कर परीक्षा दे रहे हैं। विद्यालय के शिक्षकों में भी प्रतिस्पर्धा रहेगी कि उनके द्वारा जिस विषय को पढ़ाया जा रहा है , उस विषय में बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।इसके अतिरिक्त,उनके द्वारा पढ़ाए गए बच्चे किसी दूसरे विद्यालय के बच्चे से किसी भी स्तर पर कमतर नहीं रहें। यह बिहार में अभिनव प्रयोग है। बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करके बिहार के गरीब परिवार के बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है। नई शिक्षा नीति -2020 को धरातल पर उतारने के लिए बिहार सरकार प्रत्येक विद्यालय में छात्र-शिक्षक अनुपात को पूरा करने के लिए बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति की है। इसके अतिरिक्त, नए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। बिहार सरकार द्वारा नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक नियुक्त करने के लिए परीक्षा लेकर परीक्षाफल भी प्रकाशित कर चुकी है । तकरीबन 6 माह गुजर जाने के बावजूद भी आज तक बिहार सरकार द्वारा विशिष्ट शिक्षकों को न तो राज्यकर्मी घोषित किया गया है है और न उन्हें नए विद्यालयों में पदस्थापित ही किया गया है। बिहार सरकार की इस ढुलमुल नीति से शिक्षकों में आक्रोश है।बिहार सरकार जब चाहें विशिष्ट शिक्षकों को नए विद्यालयों में पदस्थापित करती रहें , लेकिन परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से उन्हें राज्यकर्मी घोषित कर देनी चाहिए। शिक्षा विभाग द्वारा सभी शिक्षकों को ई-शिक्षाकोष के माध्यम से दैनिक उपस्थिति बनवा रही है। यह अच्छी पहल है। इससे निर्धारित समय तक सभी शिक्षक विद्यालयों में उपस्थित रह रहे हैं। लेकिन बिहार के किसी भी विभाग में अपने मोबाईल के माध्यम से उपस्थिति दर्ज नहीं किया जाता है , शिक्षकों को छोड़कर । बिहार सरकार को चाहिए कि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए अपना सिस्टम विकसित करें।

# साकार हुआ लोगों का घर बनाने का सपना

# 210 भूमिहीनों को मिला 5-5 डिसमिल वासभूमि का पट्टा

- अब भूमिहीन लाभुकों का भी होगा अपना आशियाना
- अभियान बसेरा-2 कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने भूमिहीनों को दी जमीन
- लाभुकों ने सरकार एवं जिला प्रशासन को दिया बहुत-बहुत धन्यवाद

प्रातः किरण संवाददाता




बेतिया(घनश्याम)। नरकटियागंज अनुमंडल क्षेत्र के 210 भूमिहीन व्यक्तियों को आज अभियान बसेरा-02 अंतर्गत 5-5 डिसमिल वासभूमि पर्चा का वितरण किया गया। जिसमें नरकटियागंज अंचल के 56, गौनाहा अंचल के 61, लौरिया अंचल के 15, सिकटा अंचल के 59 एवं मैनाटांड़ अंचल के 19 लाभुकों को पर्चा का वितरण किया गया। पर्चा वितरण का कार्यक्रम प्रखंड सभागार, नरकटियागंज में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने उपस्थित भूमिहीन परिवारों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग किसी न किसी वजह से भूमिहीन हैं, खुद जमीन खरीद नहीं सकते उन्हें 3 से 5 डिसमील जमीन देने का प्रावधान है। अगर सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं है तो खरीद कर भी देने का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने कहा की 210 भूमिहीन परिवारों को घर बनाने के लिए पर्चा दिया गया है। जमीन उपलब्ध होने के बाद घर बनाने के लिए राशि मुहैया कराई जाएगी। विभिन्न आवास योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिलाकर उन्हें अपना घर बनाने में जिला प्रशासन मदद करेगी।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना है। सभी लोगों का सहयोग इसमें मिला है इसलिए यह सामूहिक सफलता है।

अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सब कुछ काफी पारदर्शी है। जो यहाँ भी ऑनलाइन दिखाया जा सकता है। दूर बैठा कोई चाहें तो ऑनलाइन सारे तथ्यों की जाँच कर सकता है। जियो टैगिंग की मदद से सब कुछ पारदर्शी तरीके से किया गया है। जिलाधिकारी से पर्चा प्राप्त होने के बाद दृष्टिविहीन मैनाटांड़ की जमुनी देवी ने सरकार और जिला प्रशासन को बहुत-बहुत धन्यवाद दी। इसी तरह माया देवी, पार्वती देवी, बिंदु देवी, सुदामा देवी सहित अन्य लाभार्थी ने इसके लिए जिला प्रशासन को आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, अपर समाहर्ता ,अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी आदि

## राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बालिका टीम रवाना



प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 18/09/2024 से 21/09/2024 तक पटना में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय एथलेटिक्स अंडर 14, 17 एवं 19 बालिका प्रतियोगिता 2024-25 में भाग लेने हेतु पूर्वी चम्पारण जिला दल पटना के लिए प्रस्थान किया। विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों से (अंडर 14 में 10, अंडर 17 में 11 तथा अंडर 19 में 11 बालिका खिलाड़ी )चयनित जिला दल को टीम कोच एवं टीम प्रबंधक भानु प्रकाश ऋषि राज, रश्मि रंजन, अदिति सिंह एवं सुनील कुमार के देख-रेख में पटना के लिए रवाना किया गया एवं अग्रिम जीत की शुभकामनाएं दी गयी।

इस मौके पर अरविंद कुमार शारिरिक शिक्षा शिक्षक, शैलेंद्र कुमार मिश्रा शारीरिक शिक्षा शिक्षक, अरुण कुमार गुप्ता शारिरिक शिक्षा शिक्षक, अमित कुमार शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कार्यालय कर्मी मोहम्मद मो. बशिर तथा रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पानी में तैरता शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। (नसीम खान क्या)। बगहा के वाल्मीकिनगर थानांतर्गत चंपापुर गोनौली पंचायत स्थित होद होदवा नाले से पानी मे तैरता एक शव बरामद किया गया है।जिससे आसपास के क्षेत्रों में सनसनी मच गई है। बतादें की त्रिहुत और त्रिवेणी नहर के बीच होद होदवा नाले में मवेशी चराने गए व्यक्ति ने पानी मे तैरता शव देखा और इस बात की जानकारी लोगों को दी। लोगों तत्काल लोगों ने वाल्मीकिनगर थाना को इसकी सूचना दी ।थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। लाश बुरी तरह से गल चुकी है।जिससे शव की पहचान नहीं हुई है।शव को तीन दिनों तक पहचान के लिए रखा गया है।

### राष्ट्रीय होम्योपैथी सम्मेलन में शामिल होंगे डॉ घनश्याम

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम)। नगर के सविता होमियो क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक सह आगेर्नाइजेशन फॉर होमियो मिशन के जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम राष्ट्रीय होमियोपैथी शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।आगामी 24 सितंबर को पश्चिम बंगाल के मंदारमणि में राष्ट्रीय होमियोपैथी शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है।इसमें उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड,असम,ओडिसा कई राज्यों के होम्योपैथी चिकित्सकों को एक मंच पर लाया जायेगा जहां वे अपने अपने जटिल बीमारियों का होम्योपैथी से ठीक कर चुके केस को साझा करेंगे।वेल्सन होम्योपैथी द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय होम्योपैथी शिखर सम्मेलन में होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को होमियो चिकित्सा सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा।

### विश्वकर्मा पूजा पर वाशिंग सेंटर में गाड़ियों की हुई भीड़



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। उन्नति वॉशिंग सेंटर हाजीपुर की एक ऐसी वॉशिंग सेंटर है जहां पर उसके प्रोपराइटर बादल एवं अजय कुमार द्वारा गाड़ियों को धोने में एक अलग मिसाल पेश करते हैं ग्राहकों को संतुष्ट करने में यह अपनी खुशी समझते हैं कम पैसे में अच्छी वाशिंग का कार्य इनके द्वारा किया जाता है विश्वकर्मा पूजा को लेकर शहर के बहुत सारे गाड़ियों की वॉशिंग इनके वॉशिंग सेंटर पर की गई जैसा कि मानना है विश्वकर्मा पूजा पर लोहे के सभी वाहनों एवं मशीनों की साफ सफाई करके उसकी पूजा की जाती है इसलिए विश्वकर्मा पूजा के दिन साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है बादल राज का कहना है कि हमारी पहली प्राथमिकता हमारे ग्राहकों की सेवा करना है एवं उसे खुश करना है।

## एसएसबी के जवानों ने स्वच्छता अभियान का दायरा बढ़ाया, इको पार्क और जंगल कैम्प की सफाई की



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम खान क्या) ।ंगलवार को एसएसबी कैंप गंडक बैराज बी समवाय के जवानों के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत स्थानीय सहयोगी संस्था फॉरेस्ट,जंगल कैंप और इको पार्क के कर्मियों के साथ मिलकर स्वच्छता को बढ़ावा और इस अभियान को गति देने के लिए सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अभियान के दौरान इको पार्क और जंगल कैंप के साथ साथ अतिथि भवन के आस पास के इलाका की साफ सफाई की गई और वहां मौजूद सभी सहयोगी संस्था के सदस्यों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने और उसे सफल करने के लिए निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल के द्वारा प्रेरित किया गया।इस आयोजन में एसएसबी के लगभग करीब 20 जवान और वहा मौजूद सहयोगी संस्था के सहयोगी इसमें शामिल हुए।

भोजपुरी गायक टुनटुन यादव के डांस प्रोग्राम में खुलेआम अंधाधुंध फायरिंग

## भोजपुर एसपी बोले : जल्द होगी गिरफ्तारी

प्रातः किरण संवाददाता



आराःभोजपुर में एक श्रद्धांजलि सभा में खुलेआम फायरिंग का वीडियो सामने आया है। वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहिया थाना क्षेत्र के भीम पट्टी बेलवनिया गांव में हुई इस घटना में सैकड़ों राउंड गोलियां चलीं। भोजपुरी गायक टुनटुन यादव के कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक राइफल लहराते और फायरिंग करते दिख रहे हैं। फायरिंग के दौरान गायक टुनटुन यादव भी सहमे दिख रहे हैं। जैसे ही फायरिंग शुरू हुई, मंच पर मौजूद दोनों महिला डांसर किनारे चली गईं। हालांकि, गायक टुनटुन यादव की मौजूदगी दिख रही है। उनके आसपास कुछ लोग खड़े हैं, उनमें दो लड़के ताबड़तोड़ फायरिंग पर फायरिंग किए जा रहे हैं।

फायरिंग की ये घटना जगवली यादव की श्रद्धांजलि सभा के दौरान हुई। इसी कार्यक्रम में परफॉर्म करने के लिए भोजपुरी कलाकारों को बुलाया गया था, जिसमें टुनटुन यादव भी आए थे। वीडियो में दिख रहा है कि दो युवक हाथों में राइफल लिए स्टेज पर फायरिंग कर रहे हैं। डांसर और गायक सहमे हुए दिख रहे हैं, लेकिन वो बेखौफ गोलियां चलाते रहे।स्थानीय लोगों का कहना है कि रात भर फायरिंग होती रही। पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी, अपने आप में बड़ा सवाल है। इन सबके बीच, पुलिस का दावा है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी। जबकि 112 पेट्रोलिंग के जमाने में इस तरह की जानकारी नहीं होना भी सवाल खड़ा करता है।

## जिलाधिकारी ने की जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। मोतिहारी स्थित संयुक्त कृषि भवन छतौनी के सभागार में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि डीजल अनुदान योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाय। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई तथा नये आवेदनों का सत्यापन अविलंब सुनिश्चित किया जाय। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई के लंबित कार्यों को पूर्ण करने हेतु दिनांक 14.09.2024 से 20.09.2024 तक सभी प्रखंड/पंचायत में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उद्यान विभाग के



समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि योजना से आच्छादित किसानों की सूची उपलब्ध कराई जाय ताकि संबंधित का क्षेत्र भ्रमण किया जा सके। पशुपालन विभाग के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पशुओं का टीकारण एवं नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गभार्धान के कार्य में तेजी लायें। मत्स्य विभाग के समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सात निश्चय पार्ट-2 के तहत मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास पूरक योजना से संबंधित किसानों का आवेदन को स्वीकृत करते हुए कायार्देश निर्गत करें। अंत में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना अंतर्गत दो एफपीओ एवं एक एफआईजी को कृषि यंत्र बैंक की स्थापना हेतु उक्त समूह को जिलाधिकारी द्वारा ट्रैक्टर का चाभी एवं अन्य यंत्र प्रदान किया गया।ठविदित हो कि दिनांक 19.09.2024 को कृषि यांत्रिकरण योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृति पत्र निर्गत हेतु द्वितीय लॉटरी का आयोजन किया गया है।

## अपर समाहर्ता ने किया कोटवा अंचल का निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। अपर समाहर्त्ता, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी मुकेश कुमार के द्वारा कोटवा अंचल का निरीक्षण किया गया एवं राजस्व से संबंधित मामले यथा दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, जमाबंदी अपडेशन, अतिक्रमण वाद, अभियान बसेरा-2 एवं आधार सीडिंग के मामलों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अतिक्रमण वाद की संधारित पंजी अद्यतन करने एवं नियमित कोर्ट करने का सुझाव अंचलाधिकारी, कोटवा को दिया गया। एडीएम के द्वारा निरीक्षण में पाया गया कि सामान्य रोकड़ बही अद्यतन नहीं है, जिसे ब्रेकअप के साथ अद्यतन कराने का निदेश अंचलाधिकारी को दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि दाखिल-खारिज के 848 मामले राजस्व कर्मचारी के लॉगिन में, 60 मामले राजस्व अधिकारी के लॉगिन में एवं 193 मामले अंचलाधिकारी के लॉगिन में लंबित है, जिसे 15 दिनों के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। राजस्व कर्मचारी को यह चेतावनी दी गई कि दाखिल- खारिज के जो भी मामले उनके लॉगिन में लंबित है, उसे जांचोपरांत सम्पूर्ण प्रक्रिया को अपनाते हुए राजस्व अधिकारी के लॉगिन में भेजना सुनिश्चित करेंगे। 15 दिनों के पश्चात पुनः समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के क्रम में लंबित पाए जाने पर लंबित रखने वाले राजस्व कर्मचारी के विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई हेतु उनके विरूद्ध प्रपत्र ह्यकह्न में आरोप पत्र गठन कर भेजने का निदेश अंचलाधिकारी, कोटवा को दिया गया।

## पौल्ट्री फीड निमार्ता कंपनी शिव शक्ति इंडस्ट्रीज द्वारा श्री विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बच्चों के बीच किया गया प्रतियोगिता आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। कड़िया होती नही, बल्कि जोड़ी जाती है, जिससे एक नया आयाम पैदा होता है। कुछ ऐसा ही मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पौल्ट्री फीड बनाने वाली कंपनी शिवशक्ति इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने किया। कंपनी ने इस शुभ अवसर पर कुछ बेहतर करने और विद्यार्थियों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का निर्णय लेते हुए चित्रकला लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न बच्चों के बीच कराया। इस दौरान एक कार्यक्रम आयोजित किया गाजा जिसमें मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) स्वयंभू शलभ, डॉ. राकेश कुमार सिकरी, एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, डॉ. एस. के. सिंह, एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुजीत कुमार एवं कंपनी के डायरेक्टर राजीव कुमार गुप्ता, अमित मोरे एवं सतीश मोरे मंचासीन रहें। सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान डॉ. सुजीत कुमार के द्वारा किया गया। इस संबंध में कंपनी के संचालक इंडस्ट्रियल संजय गुप्ता ने बताया कि कुछ अलग करने की चाह को लेकर बच्चों के बीच इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण के ऊपर चित्रकला एवं स्वास्थ्य के ऊपर निबंध विषय को बनाने एवं लिखने के लिए प्रस्तुत किया गया।

सभी बच्चों द्वारा अपने स्तर से खूबसूरत चित्रकला एवं बेहतर निबंध लिखा गया, जिनकी सामूहिक रूप से प्रस्तुति देखने के बाद अतिथियों के द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार एवं प्रशस्ति-पत्र दिया गया, तत्पश्चात चित्रकला में प्रथम स्थान एसएवी स्कूल के सौरभ कुमार पिता अजय कुमार ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान चंद्रशील स्कूल के प्रिया भारती पिता अमित कुमार, तृतीय स्थान संत माईकल इंग्लिश स्कूल की काजल साह पिता निरंजन कुमार एवं चौथा स्थान एसएवी स्कूल के गुनगुन सिंह पिता रविन्द्र सिंह को मिला।

वहीं निबंध प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान एसएवी स्कूल के ही पियूष कुमार पिता सन्नी कुमार को मिला, जबकि द्वितीय स्थान संत माईकल इंग्लिश स्कूल के मो. फरहान पिता प्रवेज अहमद, तृतीय स्थान एसएवी स्कूल के ही नंदिनी मौर्या पिता अशोक कुमार एवं चौथा स्थान भी एसएवी स्कूल के दीपशिखा कुमारी पिता प्रभु प्रसाद यादव को मिला। इस कड़ी में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पाने वाले बच्चों को डॉ. स्वयंभू शलभ एवं डॉ. राकेश कुमार सिकरी के द्वारा प्रशस्ति-पत्र, उपहार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## बारावफात पर जलसे का आयोजन, देश में अमन और शांति के लिए मांगी गई दुआएं

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा।(नसीम खान क्या) ।बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित कोतराहां मस्जिद परिसर में बारावफात के मौके पर जलसे का आयोजन हुआ।जिसमें मुस्लिम कम्युनिटी के लोग शामिल हुए। बतादें की वाल्मीकिनगर के लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत स्थित मस्जिद में जलसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमे मजहब से जुड़ी दिन की बातों को वलिमाओं द्वारा दी गई तकरीर बयां किए गए। इस धार्मिक जलसे में रामपुरवा,भेड़ियारी,पिपराकुटी,ठाढ़ी समेत विजयपुर से अकीदतमंदो ने शिरकत की। जमा मस्जिद के इमाम नेसार अहमद कासमी ने बताया कि मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर बारावफात पर्व मनाया जा रहा है। दिन धर्म की मजहबी बातें और समाज मे गंगा जमुनी की तहजीब जो हमारी पहचान है और हमारे समाज की बुनियाद है के सामाजिक रिश्ते के बारे में वलिमाओं द्वारा बताई गई।मोहम्मद साहब के द्वारा बताए गए मजहबी रास्ते पर चलने और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया।साथ ही देश व दुनियां में अमन शांति बनी रहे इसके लिए दुआएं भी मांगी गई।इस जलसे में वाल्मीकिनगर जमा मस्जिद के इमाम नेसार अहमद कासमी के नेतृत्व में मुफ़्ती मुजककरु रहमान,मुफ़्ती अफजल फैजाबाद व मौलाना वाहिदुजमा ने भरी मजलिस को अपने तकरीर से नवाजा।

## वीटीआर से सटे खेत में तेंदुए का शव मिलने से वन विभाग में मचा हड़कंप , वन विभाग जांच में जुटा

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का खुलासा होगा--सीएफ नेशमणि के

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा।(नसीम खान क्या) । बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में एक तेंदुआ का शव मिला है। तेंदुआ की मौत दो पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है लिहाजा वन विभाग के अधिकारी उसके शव के पोस्टमार्टम में जुटे हैं । वीटीआर के बॉर्डर पर तेंदुआ की मौत से वन विभाग में हड़कंप मचा है।

घटना की पुष्टि वीटीआर के सीएफ डॉ नेशामणी के ने की है। पोस्टमार्टम होनें पर मृत तेंदुआ के शव का बेसरा जांच के बाद हीं मृत्यु के सही कारणों का खुलासा संभव हों पायेगा ।

दरअसल सोमवार की देर शाम गस्ती के दौरान वनकर्मियों ने मदनपुर वन क्षेत्र के पास एक खेत में तेंदुआ के शव को देखा और अपने वरीय अधिकारियों को सूचना दी तब जाकर सीएफ खुद मौके पर पहुँचे हैं । मंगलवार को वन विभाग के वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में तेंदुआ का पोस्टमार्टम किया जाएगा साथ हीं इसका बेसरा जांच और परिक्षण के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूडब्ल्यूआई), देहरादून भेजा जाएगा । बतादें की नेपाल और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में 100 से ज्यादा तेंदुआ और तकरीबन 60 के करीब बाघ की संख्या है । टेररिटरी कायम करने को लेकर इन बाघों या तेंदुओं के बीच अमूमन संघर्ष होते रहता है। अभी हाल में हीं गौनाहा के इलाके में एक बाघ की मौत बाघ के साथ हीं आपसी संघर्ष में हो गई थी।जबकि वाल्मीकिनगर रेंज में बीते वर्ष बाघ और तेंदुआ के बीच हुई लड़ाई में एक तेंदुआ ने दम तोड़ दिया था ।बहरहाल 12 वर्ष की उम्र सीमा वाले तेंदुआ की मौत वीटीआर के मदनपुर वन क्षेत्र अंतर्गत कक्ष संख्या 8 में रेंज ऑफिस के पीछे स्थित घने जंगल में हुई है जहां फिलहाल किसी को भी जाने की इजाजत नहीं है। क्या इस तेंदुआ की उम्र 12 साल हों गईं थी या फिर वह बीमार था और नहीं तो बाघ और तेंदुआ के बीच हुई संघर्ष में उसकी जान गईं है इसका खुलासा नहीं हुआ है लेकिन जिस तरह यह तेंदुआ दो दिन पहले का मरा हुआ मिला है, उससे वन विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लाजिमी हैं ।

## श्री विश्वकर्मा मंदिर पंचायती सरक्षणी समिति के द्वारा बड़े धूमधाम से मनायी गयी भगवान विश्वकर्मा की पूजा

प्रातः किरण संवाददाता

आराःश्री विश्वकर्मा मंदिर पंचायती सरक्षणी समिति सतपहाडी आरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया सबसे पहले विश्वकर्मा भगवान का पूजा किया गया हवन और 2:00 बजे से प्रसाद वितरण का आयोजन की गई लोग आकर विश्वकर्मा भगवान का दर्शन-पूजन लोगों ने किया वहीं लोगों ने कहा कि आप मंदिर जो ऐतिहासिक है और हम लोग इसमें भरपूर सहयोग करते हैं और इस मंदिर को आगे की ओर विशाल बनाया जाएगा और पर्यटन में भी हम लोग मांग करते हैं इसको पर्यटन से जुड़े विश्वकर्मा पूजा यह मंदिर ऐतिहासिक है और पूरे आरा शहर के अलावे भोजपुर के भी लोगों ने इस पूजा समारोह में पर चढ़कर हिस्सा लिया करते हैं वहीं पूजा कमेटी के द्वारा आए हुए अतिथियों अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया आरा के सांसद सुदामा प्रसाद पूर्व सांसद मीना सिंह बिहार विधान परिषद सदस्य राधाचरण शाह , बिहार विधान परिषद के सदस्य जीवन कुमार ,आदित्य विजय जैन भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव ओमप्रकाश मुन्ना चंद्रभानू गुप्ता अशोक कुमार शर्मा विभू जैन राजकिशोर शर्मा कवि कुमार राकेश संजय महासेठ संजीव कुमार गुप्ता सुधीर मिश्रा गोविंद कुमार सिंह राजेश कुमार रुपेश कुमार भरपूर सहयोग रहा।

## बगहा अनुमंडल अस्पताल में एड्स संक्रमित महिला ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

- जच्चा- बच्चा दोनों का स्वास्थ्य अभी ठीक है: डॉ अशोक तिवारी
- जिले के बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए जाना जा रहा है अनुमंडल अस्पताल, बगहा

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। बगहा अनुमंडल अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था में दिनोंदिन बेहतर सुधार हो रहा है। अनुमंडल अस्पताल बगहा में सोमवार को एक एड्स संक्रमित महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया है। जिसके सम्बन्ध में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ ए के तिवारी ने बताया की दोनों का स्वास्थ्य अभी ठीक है। उन्होंने बताया की असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने, असुरक्षित खून चढ़ाने, नशीली दवाओं का सेवन करना तथा सुई या सिरिंज साझा करना, एच आई वी पॉजिटिव मां से बच्चे में व अन्य कारणों के कारण पश्चिम चम्पारण जिले में एचआईवी संक्रमितों का आकड़ा 3500 के पार पहुंच चुका है। अज्ञानता व असावधानी के कारण शहर व गांव हर जगह से एड्स के मरीज मिल रहे हैं। उन्होंने बताया की इसके कारण जिला का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है,

अब आम मरीजों की चिकित्सा शरू करने के पूर्व सबसे पहले एचआईवी की जाँच की जा रहीं है ताकि किसी प्रकार का कोई संक्रमण का खतरा न उत्पन्न हो।

### एड्स संक्रमित होने के बावजूद महिला प्रेग्नेंट थी

बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में एक दम्पति एचआईवी पॉजिटिव मिला। एड्स संक्रमित होने के बावजूद महिला प्रेग्नेंट थी, जिसने अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा में नवजात शिशु को जन्म दिया। एचआईवी पीड़ित पति-पत्नी को विशेष सुरक्षित तरीके से रखकर मेडिकल टीम ने उनका सुरक्षित प्रसव कराया। अनुमंडल अस्पताल के डीएस डॉक्टर अशोक तिवारी की निगरानी में महिला चिकित्सक और पूरी टीम ने प्रसव कक्ष की साफ-सफाई कर बैरिकेटिंग के बाद पीपी कीट के जरिये लेबर रूम को फुल्ली सेनीटाइज कर प्रसव कराया, तब जाकर डॉक्टर्स ने राहत की सांस ली।

सावधानी के लिहाज से प्रसव कक्ष के बेडशीट, तौलिया और अन्य जरूरी सामग्री को क्लेक्ट कर उसे हटाकर नष्ट कर दिया गया है।

जबकि नवजात शिशु को एचआईवी से बचाव के मद्देनजर एंटी डोज दिया गया है। जिसका प्रॉपर निगरानी खुद डीएस कर रहे हैं। डॉ. अशोक तिवारी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर आगे भी उसे दवा दिया जायेगा। जबकि 2 साल बाद उसका पुनः एचआईवी जांच की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया की अस्पताल प्रशासन व स्वास्थ्य कर्मियों को एचआईवी के प्रति एलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है।

### एचआईवी क्या है

एचआईवी एक वायरस है, जो उन कोशिकाओं पर हमला करता है, जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं। इससे व्यक्ति अन्य संक्रमणों और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है। आमतौर पर असुरक्षित यौन संबंध के दौरान, इंजेक्शन आदि साझा करने के माध्यम से यह वायरस फैल सकता है। अगर इसका इलाज न किया जाए, तो एचआईवी एड्स को जन्म दे सकता है।

### इससे बचाव केउपाय

असुरक्षित यौन संबंध बनाने से बचें। कंडोम का प्रयोग करें। अगर आपका पार्टनर एचआईवी संक्रमित है, तो उनका इलाज पूरा किए बिना शारीरिक संबंध बनाने से बचें। एक-दूसरे के साथ सुई आदि साझा करने से बचें। टैटू, दाढ़ी बनाने के ब्लेड आदि को सैनिटाइज जरूर करवाएं।

## 18 वां द्विवार्षिक सिर्किल का हुआ अधिवेशन



सहरसा/आरा । सहरसा के देव रिसोर्ट में भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी , भारतीय डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन एवं एम टी एस , का 18 वां द्विवार्षिक सिर्किल का अधिवेशन हुआ इसमें बिहार के सभी जिला के डिविजनल सेक्रेक्ट्री एवं सदस्यों ने भाग लिया सत्र 2024 -2026 के लिए नए पदाधिकारियो का चयन हुआ जिसमे भोजपुर मंडल के 1. अभय आर्यन डाक सहायक को सहायक सर्किल सेक्रेक्ट्री सह सेन्ट्रल रिजन का सर्किल सेक्रेक्ट्री 2. मनन प्रसाद एम टी एस उप डाकघर पकरी को परिमंडलिय अध्यक्ष 3. कुमार शुभेन्द्र एम टी एस प्रधान डाकघर आरा को उप परिमंडलिय सचिव का दायित्व दिया गया । इस अधिवेशन उद्घाटन डॉ. अलोक रंजन विधायक सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार ने किया श्री बलराम पाण्डेय रास्ट्रीय अध्यक्ष कि अध्यक्षता इस अधिवेशन का समापन हुआ।

## भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव ने स्थानीय समस्याओं को मंत्री के सामने रखा



आराःभोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव डॉक्टर आदित्य विजय जैन ने आरा के समस्याओं को नगर विकास मंत्री नीतिन नवीन के सामने रखा जब डॉक्टर आदित्य विजय जैन ने संबोधन में कहा कि आरा में विकास जरूरी है इस पर मंत्री ने कहा कि मैं आरा कई बार गया हूं मैं देखा हूं और मैं कोशिश करूंगा कि आपके बातों ध्यान दूंगा और आरा के विकास में प्रयास करने का कोशिश करूंगा पटना में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स का द्वारा राज्य स्तरीय नगर विकास से संबंधित सभा अवोजित की गई थी जिसमे मुख्य अतिथि स्वरूप नगर विकास मंत्री नितिन नवीन जी सामिल हुए उसमे भोजपुर के तरफ से भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव डॉक्टर आदित्य विजय जैन ने आरा नगर की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराया जिसपर मानिए मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में आरा नगर के विकाश का आश्वासन दिया एवं आरा में चेंबर के सदस्य एवं पदाधिकारी के साथ बैठने का आश्वासन दिया । गैर आवासीय भवनों पर बढ़ाए गए टैक्स का जवाब देते हुए मंत्री ने आश्वासन दिया की इसकी पुनः समीक्षा की जाएगी

## संक्षिप्त खबरें

### 250 लीटर देशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज नासरीगंज (रोहतास)। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देशी शराब बरामद किया है, मामले में कारोबारी फरार। नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरगंज कब्रिस्तान के समीप से करीब 250 लीटर देशी महुआ शराब को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बरामद किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भाग निकला। श्री कुमार ने बताया कि मामले की जांच पुलिस कर रही है।

### काराकाट पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट पुलिस ने मंगलवार की बीती रात पूर्व कांड के दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी स्वर्गीय त्रिलोकी सिंह के 63 वर्षीय पुत्र राधा कृष्ण सिंह व उसी गांव के स्वर्गीय सिपाही सिंह के 64 वर्षीय पुत्र कमल देव सिंह बताया जा रहा है। जानकारी देते थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि उक्त दोनों अभियुक्त के विरुद्ध थाना में पूर्व से कांड दर्ज था। जिसके बाद से ही दोनों वारंटी फरार चल रहे थे। इस बीच न्यायालय से दोनों के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। जिसके आधार पर बीती रात छापेमारी के दौरान दोनों को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों गिरफ्तार वारंटी को बुधवार को न्यायिक हिरासत बिक्रमगंज जेल भेज दिया गया है।

### स्वच्छता जागरूकता अभियान में दिलाई गई लोगों को शपथ

संझौली (रोहतास) स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ बुधवार को हुआ। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में बीडीओ प्रभा कुमारी ने प्रखंड व अचंल के कर्मचारियों व उपस्थित आम नागरिकों को स्वभाव स्वच्छता व संस्कार स्वक्षता की शपथ दिलायी। शपथ के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि 17 सितबंर से दो अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाना है। उन्होंने कहा स्वच्छता की शुरूआत अपने घरों व आसपास से होनी चाहिए। यह अभियान जन भागीदारी से ही सफल होगा। बीडीओ ने प्रखंड वासियों से इस अभियान में बढ चढकर हिस्सा लेने की अपील की। इस मौके पर बीसीओ मनोज कुमार,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रितेश कुमार, सांख्यकी पदाधिकारी दीपक कुमार दीपांकर,बीइओ परवेज आलम,ऑडिटर खुशबू कुमारी व स्वक्षता कर्मी आदि उपस्थित थे।

### एथेनॉल कंपनी में धूमधाम से मना भगवान विश्वकर्मा पूजा

नावानगर (बक्सर) प्रखंड मुख्यालय के स्थित भारत प्लस एथेनॉल कंपनी नावानगर मे 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से किया गया। जहां कंपनी परिसर में शिल्पीदेव भगवान विश्वकर्मा की पूजा मूर्ति स्थापित कर की गई। वही पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया। साथ ही पूजन के बाद कंपनी में कार्य कर रहे अधिकारियों व मजदूरों को भारत प्लस एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

## शाहपुर, बड़हरा प्रखण्ड को बाढ़ग्रस्त घोषित कर युद्ध स्तर पर राहत कार्य हो संचालितः सुदामा प्रसाद



- शाहपुर प्रखंड का जवइनिया गांव का स्तित्व खतरे में, पूर्व जिलाधिकारी व सरकार है जिमेवार
- बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में तत्काल सामुहिक रसोई, पशु चारा, प्लास्टिक व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती करने का व्यवस्था किया जाए
- शाहपुर, बड़हरा के बाढ़ ग्रस्त गांवों का किया सासंद सुदामा प्रसाद ने दौरा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा लोकसभा सासंद सुदामा प्रसाद आज जिले के शाहपुर, बड़हरा प्रखंड के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया।

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण के दौरान शाहपुर के गौरा पुल पर, बड़हरा के बड़हरा, बबुरा में कई गांव के लोगों से वातालर्प किए और लोगों के समस्याओं से रूबरू हुए। लोगों ने कई समस्याओं को रखा जिसमें प्रमुख रूप से नाव की कमी, सामुदायिक भोजन की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, स्वास्थ संबंधित सवालों को रखा। जनता के इन सवालों को सुन कर सासंद सुदामा प्रसाद अधिकारियों पर बिफर पड़े जबकि अधिकारियों द्वारा यह दावा किया जा रहा था कि प्रशासन पुरी तरह बाढ़ से निपटने की तैयारी पहले ही कर चूका है और जब बाढ़ ने परीक्षा लेना शुरू किया तब सारी तैयारियां धरी की धरी रह गई। गंगा नदी के मुख्य धारा में जवईनियां गांव विलीन होता नजर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान लोकसभा में सवाल उठाने और 25 अगस्त को पूर्व जिलाधिकारी से बात करने के बाउजूद गंभीरता से नही लिया गया।

इसे पर कड़ी करवाई होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवटिया गांव का स्तित्व भी खतरे में सरकार पहले से ही सचेत हो जाए और कारगर उपाय करें। सांसद सुदामा प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक मात्रा में नावों की व्यवस्था की जाए जिनमें छोटी नाव से लेकर बड़ी नाव हों और सामुदायिक भोजन व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाय ताकि कोई भी बाढ़ पीड़ित इस आपदा में भूखें ना रह पाएं, बच्चों एवम गर्भवती महिलाओं के लिए दूध, फल, बिस्कुट, आदी के साथ साथ मेडिकल टीम की भी व्यवस्था की जाए। शाहपुर, बड़हरा प्रखंड को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाय और किसानों व बटाईदार किसान को मुवआवजा दिया जाए और जवईनियां गांव के विस्थापित परिवारों को 5 डिसमिल जमीन पक्का मकान के साथ आवंटित किया जाय साथ ही साथ एस डी आर एफ की टीम को भी चौबीसों घंटे मुश्तैद रहने एवम पेट्रोलिंग करने का भी निर्देश दिया। शाहपुर के इस दौरे में भाकपा माले के प्रखंड सचिव हरेंद्र सिंह, उत्तम रॉय,बैजू कुशवाहा, आइसा के ज़िला सह सचिव जयशंकर प्रसाद, सुरेंद्र पासवान,रवि राम विधायक प्रतिनिधि बब्लू राय, आर जे डी नेता मदन यादव, बड़हरा में प्रखण्ड प्रभारी विष्णु ठाकुर, माले नेता संतोष कुमार, नंदजी यादव, आरजेडी बड़हरा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रभु यादव, मनोज सिंह, दुर्गेश रजक टीम के साथ थे।

## शिक्षकों का सम्मान

## बिहार के 38 जिलों के लगभग ढाई सौ सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को किया गया सम्मानित




प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना लॉ कॉलेज (पटना विश्वविद्यालय,पटना) के शताब्दी भवन के सभागार में बिहार के 38 जिला से लगभग ढाई सौ सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया, यह शिक्षक स्वतःप्रेरित होकर ,निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्कृष्टता के आधार पर चयनित होते हैं। बिहार के सभी 38 जिलों के शिक्षक का चयन टीबीटी अवार्ड 2024 के लिए किया गया था। यह शिक्षक सालों भर ऑनलाइन शिक्षक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में जुड़कर, सृजनात्मक तरीके से बच्चों के भविष्य निर्माण का कार्य कर रहे हैं। टीबीटी-द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर के द्वारा पटना लॉ कॉलेज पटना के सभागार में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह प्लेटफार्म सोशल मीडिया नवाचार शिक्षा का बहुत बड़ा प्लेटफार्म है, जो सदैव सरकारी शिक्षकों के माध्यम से बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यो को संपादित करता रहा है और करता रहेगा। उन्ही शिक्षकों को जिन्होंने इस कार्य में एक पहचान बनाई है, को बिहार के विभिन्न ख्याति प्राप्त विभूतियों के द्वारा उनके कर कमल के द्वारा सम्मानित किया गया।अतिथियों के द्वारा सभी ढाई सौ चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता श्री अवधेश नारायण सिंह सभापति बिहार विधान परिषद तथा अन्य विशिष्ट अतिथि महान गणितज्ञ प्रोफ़ेसर के .सी.सिन्हा (पूर्व कुलपति नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी पटना), डॉ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (पूर्व डीन, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय), बी. के.चौधरी जी (निदेशक, सीआईडी पटना,बिहार), एससीईआरटी के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र सिन्हा तथा अन्य उपस्थित थे।कार्यक्रम की सफलता को लेकर स्टेट ऐडमिन अरविन्द कुमार ने बताया कि सभी स्टेट ऐडमिन द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा एंकरिंग टीम की अध्यक्षता कर रहे स्टेट कुमार मदन मोहन झा, , लोकगीत टीम की अध्यक्षता कर रहे धर्मेंद्र कुमार, लोकनृत्य टीम की अध्यक्षता कर रहे रश्मिबाला वर्णवाल, कव्वाली टीम की अध्यक्षता कर रहे रीता कुमारी तथा फुडींग टीम की अध्यक्षता कर रहे राजन कुमार का भरपूर सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम की सफलता के लिए अतिथियों के आमंत्रण हेतु आमंत्रण टीम की अध्यक्षता करने का दायित्व ळइळ मंच से जुड़े 38 हजार शिक्षकों में प्रफुल्लित शिक्षक सुरेश कुमार को दिया गया जिसे उनके द्वारा सहर्ष स्वीकार भी किया गया। विभिन्न टीमों की अध्यक्षता कर रहे स्टेट ऐडमिन व शिक्षक साथी को निरंतर मार्गदर्शन दे रहे स्टेट एडमिन रजनीश कुमार और अरविन्द कुमार तथा टीबीटी की सोच के संस्थापक डॉक्टर कुमार गौरव के स्नेहिल परामर्श ने कार्यक्रम को सफल बनाया। नाटक टीम की अध्यक्षता कर रहे डॉ शिव कुमार प्रसाद द्वारा बताया गया कि इस सम्मान कार्यक्रम के बहाने शिक्षकों का उत्साहववर्धन करते हुए उनके नवाचार को एक-दूसरे के मध्य साझा करना और आईसीटी फ्रेंडली बनाना है जो कि वर्तमान समय की मांग भी है।

भोजपुर जिले के आठ शिक्षकों को टीबीटी मंच से जुड़कर नवाचार, गतिविधियों से युक्त शिक्षण कार्य के लिए टीबीटी राज्यकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया! भोजपुर जिला के प्रखंड उदवंतनगर से डॉ शिव कुमार प्रसाद, बबीता कुमारी, मुन्ना कुमार सिंह को प्रखंड

## स्वच्छता ही सेवा के तहत 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता अभियान



- भोजपुर जिला अधिकारी के नेतृत्व में निकाला गया प्रभात फेरी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत 17 सितंबर 2024 को शुभारंभ के पूर्व प्रभात फेरी एवं श्रमदान का कार्यक्रम आयोजन किया गया` कार्यक्रम में जिला के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों,ठरर, ठउउ एवं गंगा-ग्राम के 1000 से अधिक बच्चों ने द्वारा भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी महोदय के अध्यक्षता में किया गया,जिसमें उप-विकास आयुक्त महोदया, निदेशक उफ्छअ, जिला शिक्षा पदाधिकारी,सहायक परियोजना प्रबंधक,कमान्डेंट-5 बटालियन, जिला स्वच्छता टीम एवं जिला परियोजना पदाधिकारी-नमामि गंगा एवं अन्य उपस्थित रहे। स्वच्छता ही सेवा-2024 अंतर्गत आज 17 सितंबर को कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सभागार समाहरणालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद माननीय महोदय,आदरणीय महापौर, आदरणीय उप विकास आयुक्त महोदया, डीआरडीए निदेशक, जिला परियोजना प्रबंधन जीविका, सहायक परियोजना अधिकारी एवं अन्य मौजूद रहे। स्वच्छता ही सेवा 2024 शुभारंभ का कार्यक्रम के दौरान ही माननीय सांसद, महापौर नगर निगम एवं उप विकास आयुक्त महोदया के द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना 12 लाभुकों को चाभी सौपा गया साथ ही वितीय वर्ष 2024-25 के तहत 12 लाभुको को पहली किस्त की स्वीकृति पत्र भी सौंपी गई। कार्यक्रम के दौरान ही माननीय सांसद एवं महापौर नगर निगम के द्वारा स्वच्छता अभियान को विशेष रूप से गली-गली ,मोहल्ले मोहल्ले चलाने और इसे दैनिक रूप से अपने जीवन में अपने पर जोर दिया गया। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारीयो द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम संचालन के उद्देश्य से हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रथ को रवाना किया गया जो कि जिले के सभी प्रखंडों में अगले 14 दिनों तक भ्रमण करते हुए स्वच्छता का संदेश का प्रचार-प्रसार करेगी। कार्यक्रम का अंत हस्ताक्षर अभियान से हुआ जिसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के संदेशों के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से सभी जनप्रतिनधियों,पदाधिकारीयो एवं अन्य के द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

## जिला पार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष धनंजय यादव ने किया सदर प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न गांवों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिला पार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष धनंजय यादव नें आरा सदर प्रखंड अन्तर्गत अपनें निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न गांवों , भकुरा , श्रीनगर, भकुरा-पिपरा , बसंतपुर , लक्ष्मणपुर, महकमपुर बारा , धुधुआं , बलुआं , शुभकरणगंज और दौलतपुर का दौरा करके बाढ़ का सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण कर उन्होनें बताया कि आरा -गुंडी रोड पर धुधुआं गांव के सामनें से ही बाढ़ का पानी चढ़ गया है और इसके आगे आवागमन पुरी तरह से ठप हो गया है।

बसंतपुर पुल के उपर से तथा आसपास गुंडी रोड पर पानी बहुत तेजी से बह रहा है। लक्ष्मणपुर मठीया के चारों तरफ पानी हो जानें से आवागमन ठप हो गया है लोग अपनें घरों से नहीं निकल पा रहें हैं , और लक्ष्मणपुर गांव के रोड पर भी बाढ़ का पानी चढ़ गया है। अपनें वाले एक-दो दिनों में धुधुआं , बलुआं, बसंतपुर और शुभरणगंज गांव के रोड पर भी पानी चढ़ जाने और आवागमन पुर्णतः ठप हो जानें की प्रबल संभावना हैं।

डुमरा पंचायत के सभी गांव भी बाढ़ के चपेट में आ गयें हैं और नयागांव जानें का रास्ता अवरूद्ध हो गया है।

किसानों के हजारों एकड़ खेतों में बाढ का पानी फैल जानें कृषि की बहुत क्षति हुयी है औश्र आनें वाले एक से दो दिनों में पशुओं के लिये चारें का भी गंभीर संकट उत्पन्न हो जायेगा। जिला पार्षद धनंजय यादव ने जिला प्रशासन से तत्काल आरा सदर प्रखंड को बाढ़ प्रभावित घोषित कर के राहत एवम बचाव कार्य चलानें की मांग किया है। तत्काल किसानों को प्लास्टिक सिट, राहत सामग्री , पशुओं के लिये चारा , आवागमन के लिये नांव , और कम्युनिटी किचेन तथा हेल्थ -कैम्प की व्यवस्था करनें की अपील किया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना लाभुकों को डीएम ने किया स्वीकृति पत्र व चाबी का वितरण

- आवास की चाबी मिलते ही असहाय लाभुकों ने डीएम का आभार जताया

प्रातः किरण संवाददाता




रोहतास (सासाराम) जिला मुख्यालय समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आज जिलाधिकारी उदिता सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिला स्तर पर कुल 15 लाभुकों को स्वीकृति पत्र तथा पांच लाभुकों को प्रतीकात्मक चाबी वितरण की। इसी प्रकार आज सभी प्रखंडों में 2287 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित की गई है। साथ ही आवास पूर्ण करने वाले 183 लाभुकों को प्रतीकात्मक चाबी वितरण कार्यक्रम के माध्यम से गृह प्रवेश कराया गया है। जिलाधिकारी ने लाभुकों से कहा कि वे पीएम आवास योजना की राशि आवास बनाने में ही खर्च करें। इस राशि को किसी अन्य काम में खर्च ना करें। सासाराम के समरडीहा निवासी भगमनीया देवी से जिलाधिकारी ने पूछा कि वे कितने दिनों में अपने घर को तैयार कर लेंगी तो उन्होंने जवाब दिया कि वे 100 दिनों में घर बना लेंगी। जिलाधिकारी ने सभी लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें बैंक द्वारा तीन किस्तों में एक लाख बीस हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। पहली किस्त आवास स्वीकृति के उपरांत, दूसरी किस्त प्लिंथ निर्माण के उपरांत और अंतिम किस्त छत ढलाई के उपरांत दी जाएगी। प्रत्येक किस्त 40 हजार रूपए की होगी। मौके पर उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, निदेशक डीआरडीए श्री मनीष कुमार, सासाराम के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी लाभुक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के महत्वपूर्ण बिंदु

ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार द्वारा आवास की आवश्यकता वाले परिवारों के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का कार्यान्वयन कराने का निर्णय लिया गया। उक्त योजना का कार्यान्वयन हेतु लाभुकों का चयन सामाजिक आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना 2011 में आवास विहीन चिन्हित परिवारों की सूची से एवं वर्ष 2018 में आवास प्लस के माध्यम से सर्वेक्षण के उपरांत चिन्हित आवास विहिन परिवारों से किया जाता है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयन सूची से योग्य परिवारों का चयन एवं प्राथमिकता का निर्धारण ग्राम सभा से किये जाने के उपरांत लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी जाती है। आवास निर्माण के क्रम में मनरेगा योजना के माध्यम से लाभुकों को 90 दिनों की अकुशल मजदूरी उपलब्ध करायी जाती है। कुल मजदूरी 90 ७ 245 भता तहत 22050 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में उपलब्ध करायी जाती है। शौचालय निर्माण के उपरांत लाभुकों को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 12000 रुपए प्रोत्साहन राशिं के रूप में उपलब्ध करायी जाती है।आवास का निर्माण 25 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जाना होता है।आवास निर्माण के लिए लाभुकों को वास योग्य भूमि नहीं रहने पर राजस्व विभाग राज्य सरकार के माध्यम से 05 डिसमिल भूमि उपलब्ध करायी जाती है।जो आवास निर्माण के लिए लाभुकों को वास योग्य भूमि नहीं रहने पर मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना के माध्यम से स्वंय भूमि क्रय हेतु लाभुकों को 01 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है एवं मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना के माध्यम से भूमि क्रय हेतु निबंधन में छूट प्रदान की जाती है।

### राष्ट्रीय कुँवर सेना प्रमुख निर्मल सिंह ने शासन- प्रशासन से की बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

आराः राष्ट्रीय कुँवर सेना के राष्ट्रीय सेना प्रमुख निर्मल सिंह शुक्रवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर साहन प्रशासन से बाढ प्रभावित बडहरा एवं शाहपुर विधानसभा त्वरित कारवाई करते हुए बाढ से प्रभावित जनमानस के बीच राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। साथही आवागमन की सुविधा नावका कि ब्यवस्था कराने कि मांग किया। मालुम हो कि बाढ से कोइलवर प्रखण्ड के राजापुर पंचायत बिन्दगाँवा, सेमरा एवं बडहरा प्रखण्ड केपुर्वी बबुरा फुहाँ, विशुनपुर पंचायत के बिन्दगाँवा, बबुरा ,सबलपुर कानूटोला, सिरीसियाँ, इंगलिश, एकवना, बडहरा सहित नेकनामटोला, बखोरापुर, महुदही, नथमलपुर, सबलपुर, दुबेछपरा, पैगा, गुड्डी, गाँव का दौरा कर सिन्हा घाट, केवटियाँ, मौजमपुर, महली घाट, सलेमपुर, शाहपुर के गंगा के कटाव कि विभीषिका से बचाने के साथ सभी प्रभावित गांव के जनमानस सहित पशुचारा ,सहित मानविकी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने बटवाने की मांग की है, ।इस आपदा कि स्थिति मे प्रशासन को मानवीय धर्म का पालन कर नौका उपलब्ध कराने की भी ब्यवस्था त्वरित गति से करनी चाहिए ताकि लोग आवागमन बनाए रखे रहे। बाढ से जरूरत मन्द समान कि ब्यवस्था अपने स्तर पर भी कर सकें।

### एसीएमओ, भोजपुर डॉ के एन सिन्हा की अध्यक्षता में कुष्ठ खोजी अभियान का प्रशिक्षण दिया गया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा :सदर अस्पताल कैंपस के जीएनएम भवन के एक सभागार में लेप्रोसी डिटेक्शन ( कुष्ठ खोजी अभियान) का एक प्रशिक्षण, एसीएमओ, भोजपुर डॉ के एन सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस शिविर में आईसीडीएस विभाग के आरा शहर के तमाम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। डॉ सिन्हा ने बताया कि कुष्ठ एक जटिल बीमारी है, जिसमें चमड़े में सुनता के साथ-साथ बाद में विकलांगता हो जाती है जो बहुत कष्टदायक होता है। इस प्रशिक्षण शिविर में डॉ दयानंद कुमार राय लेप्रोसी ऑफिसर ने विशेष रूप में इस कार्यक्रम तथा लेप्रोसी के बारे में बताया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मॉनिटरिंग के लिए 10 सुपरवाइजर भी बनाए गए जो विभिन्न वार्डों के है। शिविर में लेप्रोसी विभाग के अन्य कर्मी संतोष जी, सुवेश जी, संजीव जी तथा कुमारी प्रियंका एवं डाटा ऑपरेटर भीम जी शामिल होकर आंगनबाड़ियों की समस्याओं के बारे में निदान खोजें। इन लोगों का पहले का बकाया पेमेंट के बारे में भी विचार विमर्श हुआ। विदित हो कि लेप्रोसी खोजी अभियान पखवाड़ा कल दिनांक 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।

### मोहन मिस्त्री के गैरेज में धूमधाम से मना विश्वकर्मा पूजा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। 17 सितम्बर से विश्वकर्मा भगवान का प्रतिष्ठान सुरु हुआ.आपको सूचित कर दें यह पूजा 54 वर्ष पहले स्व मोहन मिस्त्री जो पुराने शाबाद में उनका गैरेज मशहूर था,आज भी आरा जैन स्कूल के पास स्थित है. वहाँ सुबह 10 बजे से पूजा सुरु हुआ उसके बाद 24 घण्टा का अखण्ड रमायण पाठ की सुरुआत हुई, जो आज यानी 18 तारीख शाम तक चली। कल 19 ताः को इस प्रतिष्ठान की पूणार्हुति होगी। इसके बाद विसर्जन का कार्य किया जाएगा.इस शुभ अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में स्थानीय सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, मेयर इंदु देवी, शहर के चर्चित डॉ के एन सिंह, डॉ प्रतीक, आरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा,समाजिक कार्यकर्ता व रंगकर्मी अशोक मानव, टाउन थाना अध्यक्ष देवराज सिंह, अधिवक्ता अंजनी तिवारी, वार्ड पार्षद संतोष पांडे, पार्षद जितेंद्र कुमार, पूर्व पार्षद कान्तु यादव, रंगकर्मी अनिल तिवारी ,(दीपू) साहेब यादव, फुटबॉल संघ के सचिव रविन्द्र कुमार, लाल बहादुर जी, बियय कुमार, रंजीत कुमार, विशाल गौरव, पुष्कर, गोपाल जी, शैलेश गुप्ता, प्रेम, विराट, वियोम, राजवीर, अर्थ दीप, कृष्ण मुरारी, अखिलेश्वर प्रसाद, राणा प्रताप सिंह, नाथू राम, सलिल भारती.गैरेज प्रोप्राइटर रंजीत कुमार आदि थे।

### नगर कार्यालय गड़हनी में एक पेड़ माँ के नाम पर हुआ पौधारोपण

प्रातः किरण संवाददाता



गड़हनी(भोजपुर) ।नगर पंचायत गड़हनी के नगर कार्यालय पर स्वच्छता की सेवा 2024ह्व के बैनर तले वृक्षारोपण स्वकच्छता पदाधिकारी विनीता कुमारी के नेतृत्व में बीते मंगलवार को शुरूआत की गई ।स्वच्छता की सेवा 2024 के मूल वाक्यह्वस्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता ह्व को जीवन का अंग बनाते हुए कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई ।यह कार्यक्रम आगामी 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा ।वृक्षारोपण के बाद उपमुख्य पार्षद एवं सभी वार्ड पार्षद एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वाराह्व एक पेड़ मां के नामह्व के अंतर्गत कुल 50 से ज्यादा पेड़ों का पौधा रोपण कार्यालय परिसर एवं अन्य चिन्हित जगहों पर किया गया। इस अवसर पर शहर के वार्ड संख्या दस स्थित स्वच्छता लक्षित इकाई की सफाई की गई ।इस अवसर पर उपमुख्य पार्षद सुनय कु० परमार उर्फ बब्लू सिंह द्वारा सभी नगरवासियों से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु अपील की गई, तथा अपने आसपास साफ-सफाई एवं स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया गया ।वार्ड पार्षद मुन्ना कुमार राम,अविनाश राव,माधुरी देवी,दीपक ओझा,मो० असलम,राजकिशोर उर्फ टुनटुन,संजय नाजिर पंकज कुमार,अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

## सांसद पप्पू यादव के पिता चंद्र नारायण के निधन पर शोकसभा आयोजित

### सैकड़ों लोगों ने उन्हें नम आंखों से दी विदाई



प्रातः किरण संवाददाता

सासारामन (रोहतास) महान स्वतंत्रता सेनानी आनन्द मार्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सासंद राजेश रंजन पप्पू यादव के पिता चंद्र नारायण प्रसाद यादव के शोक सभा के संबंध में रोहतास जिला के यादव महासभा के तत्वाधान में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी आनंद मार्गी आनंद मार्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय प्रचारक चंद्र नारायण यादव जी के सुख सभा बीपी मंडल स्मृति संस्थान में किया गया। जिसकी अध्यक्षता यादव महासभा के जिलाध्यक्ष और सीनियर सिटीजन के जिला अध्यक्ष सुग्रीव प्रसाद अध्यक्षता में किया गया। उनके सबसे करीबी रहे यदुवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष लाल साहब सिंह के द्वारा उन्होंने कहा कि चंद्र नारायण प्रसाद यादव जाति पार्टी से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया आज उसी का दिन है कि पप्पू यादव और उनकी बहू रंजीता रंजन सांसद हैं दिल्ली से लेकर पटना तक समाज की सेवा में लगे रहते हैं यह बात यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। उन्होंने मानव सेवा के लिए अपनी पूरी जिंदगी लगा दी। वह नासा में बहुत दिनों तक जेल में भी रहे। जिला मुख्यालय बीपी मंडल के स्मृति स्थल पर दो मिनट मौन रख शोकसभा मनाया। अवसर पर यदुवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष लाल साहब सिंह, सुग्रीव प्रसाद सिंह, मृत्युंजय सिंह, कामता प्रसाद सिंह,रोहित आनंद, कामेश्वर सिंह,सतनारायण स्वामी, अरविंद यादव, प्रदेश महासचिव राजन विद्यासागर, प्रवक्ता राजा रवि यादव, महेंद्र यादव, सिकंदर सिंह, शिव मुनि, डीडी यादव राम नेहा, विशाल कुमार, सोमनाथ यादव, पृथ्वी सिंह, सोनू सिंह, आदिश सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें नम्र आंखों से विदाई दी।

## टेलिकॉम कंपनियों के खिलाफ लोगों का हल्ला बोल

## मोबाइल रिचार्ज के बढ़े हुए दाम के खिलाफ टेलीकॉम कंपनी पर आरवाईए का प्रदर्शन

- टेलीकॉम कंपनियां जनता की जेब पर डांका डालना बंद करो-निरंजन केशरी

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। देश के लगभग 120 करोड़ मोबाइल उपभोक्ताओं के 40 % हिस्से को सेवा देने वाली रिलायंस जिओ इन्फोकॉम लिमिटेड , भारत ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है. जिसने वित्तीय वर्ष 2023झ2024 में अनुमानतः 20,607 करोड़ का मुनाफा कमाया है.प्रत्येक वित्तीय वर्ष में लगातार बढ़ते मुनाफे के बावजूद पिछली 3 जुलाई 2024 अन्य कंपनियों के साथ मिलकर अपने टैरिफ प्लान में औसतन 10 -40 % की बड़ी मूल्यवृद्धि की मनमानी घोषणा कर दी जिससे भारत के उपभोक्ताओं और खासकर के छात्र नौजवान पर अतिरिक्त बोझ पड़ गया है. गरीब और निम्न मध्यवर्गीय पृष्ठभूमि से आने वाले करोड़ों लोगों की जेब पर यह कदम बहुत भारी पड़ा है. इससे पिछड़ी व गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रझछात्राओं के लिए जीवन और कठिन हो गया है.

जो निंदनीय है उक्त बाते इंकलाब नौजवान सभा (आरवाईए) द्वारा जिला कमिटी के वक्ताओं ने कतीरा जियो के स्टोर पर आयोजित राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन और सम्बोधन किया गया।

वक्ताओं ने कहा लोक कल्याण के नाम पर चल रही सरकारी योजनाएं, बैंकिंग व अन्य सेवा क्षेत्र और शिक्षा जगत के दूरसंचार तकनीक पर निर्भर होने के कारण लाभुकों के लिए इसका उपयोग अनिवार्य है. महंगा रिचार्ज होने से गरीब लोग भी इससे वंचित हो रहे है. जिसके खिलाफ आज पूरे बिहार टेलीकॉम कंपनी के दफ्तरों पर बढ़े हुए रिचार्ज प्लान को लेकर इंकलाब नौजवान सभा (आरवाईए) विरोध प्रदर्शन आयोजित कर रहा है.

प्रदर्शन के बाद कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी के नाम मांग पत्र सौंपा गया.जिसमे 3 जुलाई 2024 से लागू मोबाइल टैरिफ प्लान की बेतहाशा बढ़ाई गई दरें तत्काल पूरी तरह वापस लेने, छात्रझछात्राओं के लिए सस्ते मोबाइल डेटा प्लान की तत्काल घोषणा करने, महीने का प्लान 30झ31 दिनों तक लागू करने,ळफ्अक द्वारा तय सेवा मानकों का सख्ती से पालन करने सहित अन्य मांगे शामिल था.

इस प्रदर्शन में आरवाई जिला अध्यक्ष निरंजन केशरी,पूर्व राज्य सचिव सुधीर यादव,अमित कुमार बंटी,जिला सह सचिव अजित कुमार,अखिलेश कुमार,दिलीप कुमार,पंकज कुशवाहा, धीरेन्द्र आर्या,विवेक यादव,प्रदीप कुमार,राजेश गुप्ता,धनंजय कुमार,अप्पू यादव,रितेश कुमार,चंदन कुमार,अरविंद कुमार,मनमोहन कुमार सहित दर्जनों नौजवान शामिल थे।

## जन सुराज की भोजपुर जिला कार्यवाहक समिति की हुई घोषणा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा, भोजपुर। जन सुराज की जिला कार्यवाहक समिति की घोषणा बुधवार को स्थानीय नागरिक प्रचारिणी सभागार में की गई। जिला के दूर दराज के सभी प्रखंडों से आए जन सुराजीयों से भरे सभागार में शामिल महिला एवं पुरुषों ने जिला कार्यवाहक समिति और आगामी विस्तारित अभियान की तालिया के साथ जय बिहार के उद्घोष के बीच स्वागत किया। जिला समिति के घोषणा केंद्रीय घोषणा समिति के सदस्य कन्हैया से सहित छपरा जिला अध्यक्ष बच्चा राय, शिक्षा विद नागेंद्र सिंह, खुर्शीद नायर, विनय सिंह और मुन्ना भवानी ने किया। समिति में जिला के सभी प्रखंडों से समान्य भागीदारी के तहत सदस्यों का चयन और पदाधिकारी की घोषणा आपसी विचार विमर्श के बाद तय करने की जानकारी दी गई। सभागार में शामिल घोषणा समिति के केंद्रीय सदस्य कन्हैया सिंह ने कहा कि पार्टी की विधिवत घोषणा के पूर्व ही बिहार की जनता स्वीकार चुकी है बिहार में अगली सरकार जन सुराज की बनेगी। बच्चा राय ने कहा कि बिहार में अब जाति और धर्म की राजनीती अब नहीं होगी। जन सुराज कार्यक्रम समिति के सदस्य शमीम अहमद ने आगामी 2 अक्टूबर को पटना में पार्टी की घोषणा को ले तैयारी के सिलसिले में विभिन्न सवालों पर सभा में शामिल लोगों से राय शुमारी की और हाथ उठाकर सहमति प्राप्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला तिर्थ यात्री का चोरी हुए पर्स पुलिस ने दिलाई

गया। वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निदेशार्नुसार पितृपक्ष मेला 2024 में सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को चोरों,पॉकेटमारों पर विशेष निगरानी रखने एवं सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में, पितृपक्ष मेला 2024 में आई एक महिला तीर्थ यात्री,श्रद्धालु ने अस्थाई थाना को सूचना दी कि उनका पर्स चोरी हो गया है। सूचना प्राप्त होने के आधे घंटे के भीतर, अस्थाई थाना, विष्णुपद मंदिर के द्वारा चोरी हुए पर्स के साथ दो महिला चोरों को गिरफ्तार किया गया है। साथ भी पत्रकार महिला को महिला पुलिस द्वारा भगया जा रहा है गरिब महिला बेसहारा पत्रकार को कोई मदत नहीं गया पुलिस द्वारा,उस महिला तीर्थ यात्री से संपर्क कर उनका पर्स उन्हें वापस किया गया है। इस तत्परता और सेवा भाव के लिए उक्त महिला तीर्थ यात्री ने गया पुलिस का हार्दिक आभार प्रकट किया है।

## प्रधानमंत्री के दीघार्यु के लिए मां दुर्गा से किया गया प्रार्थना

प्रात : किरण संवाददाता



गया। देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के 74वां जन्मदिन भाजपा किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के साथ सह संयोजक डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में चाँद चौराहा मां दुर्गा मंदिर अखाड़ा पर विशेष पूजा और हमन कर और मिठाई बाटकर लंबी दीघार्यु और स्वस्थ रहने की कामना की इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में हुआ था। वे एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं और अपने शुरूआती जीवन में उन्होंने संघर्षों का सामना किया है। उनका बचपन बेहद साधारण परिस्थितियों में बीता, और यहीं से उन्होंने समाजसेवा और राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।नरेंद्र मोदी की राजनीतिक यात्रा भारतीय जनता पार्टी के साथ शुरू हुई है। वे 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और 2014 तक इस पद पर बने रहे। उनके नेतृत्व में गुजरात ने विकास के कई नए आयाम हासिल किए। उनके कार्यकाल को गुजरात मॉडल के नाम से जाना जाने लगा, जिसे बाद में राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता, नीतियों और जनसंपर्क कौशल ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा 2014 में, नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए, जिनमें नोटबंदी, जीएसटी लागू करना, स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और आयुष्मान भारत योजना शामिल हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। विदेश नीति के क्षेत्र में भी नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट और मजबूत रहा है। उन्होंने भारत की छवि को वैश्विक मंच पर और अधिक सशक्त बनाने का कार्य किया है। उनकी नीतियों के चलते भारत ने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, चाहे वह अमेरिका, रूस, या पड़ोसी देशों के साथ हो। नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भारत के आर्थिक, सामाजिक और अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। उनका जन्मदिन न केवल उनके समर्थकों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेकर देश के युवा उन्हें आदर्श मानते हैं। उनके आत्मनिर्भर भारत के सपने ने देश के नागरिकों को एक नई दिशा दी है प्रधानमंत्री मोदी का समर्पण, नेतृत्व, और दूरदर्शिता देश के उज्जवल भविष्य की नींव रख रहे हैं। उनका जन्मदिन भारतीय राजनीति और समाज में उनकी अद्वितीय भूमिका का सम्मान करने का एक अवसर है। बधाई और शुभकामना देने वालों में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर दीपक पांडे अशोक प्रसाद भारती राजीव सिंह कुंदन सिंह महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता।

## डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के अध्यक्षता में सभी विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों से योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को अपने विभाग के कार्यों को ससमय निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को सभी कल्याण विभागीय योजनाओं से संबंधित ससमय त्वरित रूप से निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिले में आँगनबाड़ी केन्द्र बनाने हेतु 52 स्थलों को चिन्हित करने हेतु जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस को निदेशित किया गया साथ ही 48 आँगनबाड़ी स्थलों को एनओसी उपलब्ध कराने हेतु सभी अंचलाधिकारी को निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि रवि खरिफ फसल को विभागीय पोर्टल पर ससमय इन्ट्री कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद को निदेशित किया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था के मद्देनजर जहाँ सीसीटीवी की जरूरत है वहाँ ससमय लगाना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा अवैध शराब की बरामदगी एवं सघन जाँच अभियान चलाकर छापेमारी की संख्या में तेजी लाने हेतु मद्य निषेध विभाग को निदेशित किया गया। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय कृषि सांख्यिकी से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण

अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के निदेशानुसर जिला स्तरीय कृषि सांख्यिकी से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। इस दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा कृषि वर्ष 2024-25 में खरीफ मौसम हेतु संचालित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य फसल के उपज दरों के आंकलन हेतु फसल कटनी प्रयोग की वैज्ञानिक विधि को विस्तार पूर्वक बताया गया। फसल कटनी का प्रयोग किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी द्वार संपादित किया जाता है, जिसका निरीक्षण जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा किया जाता है। साथ ही 11वीं कृषि गणना का फेज-क्क एवं फेज-क्कक्का प्रशिक्षण सभी राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी को दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन, भारत सरकार के प्रतिनिधि, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा पितृपक्ष पिंडदानीयों के लिए विशेष शिविर का किया उद्घाटन



प्रात : किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष मेला 2024 आए हुए पिंडदानियो के लिए अतिथि देवो भव के तहत राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठ के अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा एक महत्वपूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण पहल कर इस पवित्र अवसर पर, संगठन द्वारा एक विशेष स्टाल चाँद चौराहा विष्णु पद रोड मे , पिंडदानियों को निशुल्क चाय, बिस्कुट और पानी प्रदान किया जाएगा जिसका स्टॉल का उद्घाटन गया का लोकप्रिय जिला पदाधिकारी डॉ त्याग राजन एस एम के द्वारा फीता काटकर किया गया इस शुभ उद्घाटन के अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा जिला पदाधिकारी को विष्णु चरण चिन्ह अंग वस्त्र और फूलों का बुके देकर स्वागत किया शिविर के उद्घाटन के अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा पितृपक्ष, एक महत्वपूर्ण हिन्दू धार्मिक अवधि है जिसमें लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए विभिन्न अनुष्ठान और पिंडदान करते हैं। इस समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर आते हैं और इस पवित्र प्रक्रिया में भाग लेते हैं। ऐसे में, लंबी यात्रा और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच, उनके लिए सरल और सहज चाय बिस्कुट और पानीकी व्यवस्था होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उद्घाटन करता गया के जिलापदाधिकारी डॉ त्याग राजन ने कहा राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनके नेतृत्व में यह कदम न केवल मानवता के प्रतिएकमहत्वपूर्ण सन्देश है, बल्कियहश्रद्धालुओं के प्रति सच्ची सेवा और समर्पण को भी दशार्ता है। चाय, बिस्कुट, और पानी का यह स्टाल यात्रियों को आराम और ताजगी प्रदान करेगा, जिससे उन्हें अपने धार्मिक कर्तव्यों को निर्विघ्न रूप से निभाने में सहायता मिलेगी। इस तरह की सामाजिक पहलें समाज में सहानुभूति और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करती हैं और यह दिखाती हैं कि कठिन परिस्थितियों में भी एकजुटता और मदद की भावना कैसे महत्वपूर्ण होती है। इस नेक कार्य के माध्यम से, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा मानवता की सेवा और श्रद्धालुओं की भलाई के प्रति अपने प्रति समर्पण को एक बार फिर साबित किया आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह अतिथियों को स्वागत किया गया है आज के कार्यक्रम में भाजपा गया जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर राष्ट्रीय मानवाधिकार के सदस्य इंदू प्रजापति सुनील बंबईया, वार्ड पार्षद सारिका वर्मा, संजू देवी आशा देवी पूजा देवी हीरा यादव दामोदर बाबा कुन्दन सिंह महेश यादव बबलू गुप्ता अभिषेक कुमार शाहिद भाज्य संख्या में स्लॉट में पिंडदानियो को सेव किया गया है

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से प्रधानमंत्री का मनाया जन्मदिन

### सेवा पखवारा के रूप मे जन-जन तक जाएंगे कार्यकर्ता



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 74 वां जन्मदिन औरंगाबाद शहर के वार्ड नंबर 7 रामराज नगर में भाजपा नेता अरविंद सिंह जी के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। देवी मंदिर एवं हनुमान मंदिर में मोदी जी के दीघार्यु जीवन के लिए हनुमान चालीसा का पाठ कर 74 दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह तथा संचालन भाजपा नेता सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया।पूर्वजिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि मोदी जी का संघर्ष हम सभी कार्यकताओं के लिए ऊर्जा का स्त्रोत है। देश हित में उनके द्वारा किया जा रहा कार्य अतुलनीय है। भारत की शान बढ़ा है। भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि मोदी जी की हरेक सांस अपने समस्त देशवासियों के लिए समर्पित है, उनके दूरदर्शी नेतृत्व में आज भारत समस्त क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पूरे विश्व में भारत की ताकत बढ़ी है। हसपुरा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, रघुनाथ राम, तीर्थनारायण वैश्य, समाजसेवी राजेश्वर सिंह, दीपक कुमार सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी संघर्षों व कठिन परिश्रम से एक साधारण कार्यकर्ता से पीएम पद तक आएं है। भाजपा के हरेक कार्यकताओं के प्रेरणादायक हैं। इस मौके पर विश्वनाथ सिंह, कुश कुमार, अविनाश कुमार, सुनील कुमार सिंह, ललेंद्र शर्मा, रामाकांत सिंह, भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार देवता, बद्री प्रसाद सिंह, सरवन प्रजापति सत्येंद्र सिंह, प्रदीप कुमार राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उदय प्रसाद सिंह, अमर उजाला संतोष सिंह ,हरिओम जी, रामानुज पांडे,शत्रुध्न सिंह मुन्ना, कमलेश शर्मा, धीरेंद्र स्वर्णकार, सुनील राम, संहिता अन्य लोगों उपस्थित थे.

## हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के दूसरे दिन डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा के समग्र साहित्य पर संवाद

औरंगाबाद।



जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के दूसरे दिन औरंगाबाद जिले के महान साहित्यकार,समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा जी के समग्र साहित्य पर संवाद किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि औरंगाबाद जिले में पिछले दो दशक में साहित्यिक क्षेत्र में जो उत्तरोत्तर विकास हुआ है उसके परिणति में एक ही व्यक्ति का नाम है डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्रा। जिन्होंने,अपनी लेखनी के बल पर राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार डॉ शंकर दयाल सिंह के जीवनी पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। स्मृतियों के इलाके संस्करण साहित्य में उनके बारे में अनछुए पलों को उजागर किया। दुनिया तेरे रंग अनेक उनकी उत्कृष्ट संस्मरण साहित्यिक कृति है। जिसमें,कई व्यक्तियों के संस्मरण को याद कर उनके साहित्यिक स्वरूप की व्याख्या की। उनके माध्यम से साहित्यिक वृत्तियों को उजागर करने का कार्य किया। समकालीन जवाबदेही पत्रिका के सात अंकों के निरंतर प्रकाशन में उन्होंने प्रधान संपादक की भूमिका निभाई। कई विशेषांक निकालकर कई विश्वविद्यालयों में इस पत्रिका को प्रतिष्ठित करने का कार्य किया।अंबे,पुण्या मातृका, मग प्रभा जैसे पत्रिकाओं के संपादन में भी उन्होंने माहती भूमिका निभाई। वर्तमान में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष हैं एवं निरंतर साहित्यिक गतिविधियों को मूर्त रूप प्रदान करने में अव्वल स्थान रखते हैं। आज भी उनकी साहित्यिक गतिविधियां कमी नहीं है। वे औरंगाबाद जिले के जितने भी नवोदित साहित्यकार हैं सबको बढ़ाने का कार्य करते हैं। नवोदित साहित्यकारों के पत्रिकाओं की संस्तुतियां लिखकर उन्हें प्रेरणा देने का कार्य करते हैं।उनके कारण हिंदी साहित्य को बढ़ावा मिला। हिंदी साहित्य पढ़ने के लिए लोगों में दिलचस्पी दिखी। हिंदी भाषा के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

## विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला का भव्य उद्घाटन,जिला प्रशासन की हो रही है सराहना

प्रात : किरण संवाददाता



गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष महासंगम 2024 का भव्य उद्घाटन उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और बिहार के मंत्री एवं सांसद,विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया है इस दौरान तर्पण नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया है।इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, बिहार सरकार के मंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा, विधायक विनय कुमार यादव, ज्योति मांझी, अनिल कुमार, एमएलसी कुमुद वर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी,मगध आईजी क्षत्रनील सिंह, गया डीएम डॉक्टर त्यागराजन एसएम , एस एस पी आशिष भारती, डीटीओ गया जिला,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटु,धनराज शर्मा, जैनेन्द्र कुमार, कमलेश सिंह,हम के जिलाध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री सांसद प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज बड़ा ही गौरव का दिन है जहां एक तरफ अनंत चतुर्दशी है वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है और वहीं, विश्वकर्मा पूजा भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान विश्वकर्मा के बेटा बनकर देश के चहुमुंखी विकास में लगे हुए हैं। अवध और काशी की तर्ज पर गया का भी विकास हो रहा है। कॉरिडोर बनाया जा रहा है। पितृपक्ष मेला का आज उद्घाटन हुआ है।इस बार विष्णुधाम में तीर्थ यात्रियों को गंगाजल का उपहार मिलेगा।गया में तीर्थ यात्रियों को गंगाजल का उपहार के लिए लगातार पैकेजिंग हो रही है। बड़े पैमाने पर गंगाजल की पैकेजिंग हो चुकी है। गया धाम में यह पहली बार होगा, जब तीर्थ यात्री पितृपक्ष मेले में यहां से गंगाजल उपहार के तौर पर लेकर जाएंगे। आगे बताया जा रहा है कि 200 एमएल के पैक बन में रहा गंगाजल तीर्थ यात्रियों को उनके घर लौटने के वक्त दिया जाएगा। गंगाजल का उपहार इस बार गया धाम से दिया जाएगा।

## बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया : प्रेम प्रकाश चिंटू

प्रात : किरण संवाददाता



गया। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जयसवाल के गया जिले में पहली बार आगमन पर जिला के नेताओं के दोबारा उनका गर्मजोशी से गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर स्वागत किया। यह जयसवाल प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पहली बार गया जिले में आगमन था।और इस अवसर पर भव्य स्वागत का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह पूर्व सांसद हरी मांझी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जयसवाल जी को पुष्पगुच्छ गदा अंगवस्त्र विष्णु चरण चिन्ह माला फूल और बुके प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया है। स्वागत समारोह में उनके समर्पण और नेतृत्व की सराहना की गई है।इस अफसर का प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा कि उनकी अध्यक्षता में पार्टी को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की बात कही जयसवाल ने इस स्वागत को दिल से स्वीकार किया है और कार्यकताओं को उनके समर्थन और मेहनत के लिए धन्यवाद कहा है। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता प्रदेश के विकास को गति देना और पार्टी के दृष्टिकोण को मजबूत करना है। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से सहयोग और एकता की अपील की जिसमेआगामी चुनावों में सफलता प्राप्त की जा सके।समारोह में उत्साही माहौल देखा गया है और जयसवाल के नेतृत्व में पार्टी के प्रति विश्वास और समर्थन की भावना को दशार्या गया है। आज स्वागत करने वाले में प्रदेश मंत्री अमित दांगी,पूर्व अध्यक्ष धनराज शर्मा, प्रशांत कुमार,जैनेंद्र कुमार, कमलेश सिंह,मनिष पंकज मिश्रा,हरे राम सिंह,कोशल शर्मा राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष गुप्ता संजू साव,ग पप्पू चंद्रवंश अशोक सिंह जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर

## 47 बटालियन सीआरपीएफ ने बड़े धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा पूजा



गया। 47 बटालियन सीआरपीएफ ने मुख्यालय परिसर में मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सांगा के नेतृत्व में असिस्टेंट कमांडेंट अमरेश कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की।इस मौके पर अधिकारियों व जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने पूजा अर्चना की और भजन कीर्तन किया। द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सांगा ने कहा कि 47 बटालियन सीआरपीएफ उनका परिवार है, और इसलिए आज उन्होंने पूरे परिवार के साथ मिल कर हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मनाया है। पूजा अर्चना के पश्चात लंगर व्यवस्था भी की गई, द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सांगा ने सभी अधिकारियों व जवानों और उनके परिजनों के साथ बैठ कर भोजन किया।इस मौके पर 47 बटालियन सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सांगा, अस्टिटेंट कमांडेंट अमरेश कुमार,अस्टिटेंट कमांडेंट प्रदीप कुमार सहित कई अधिकारी व जवान मौजूद थे।

## पितृपक्ष मेला नगर निगम द्वारा सेवा कैपन स्वच्छ गया स्वच्छ पितृपक्ष का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। गया नगर के अंतर्गत विष्णुपद प्रांगण में 15 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा कैंपेन - स्वच्छ गया, स्वच्छ पितृपक्ष अभियान 2024 का शुभारंभ माननीय उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा , मंत्री जल संसाधन विभाग विजय कुमार चौधरी , मंत्री सहकारिता विभाग प्रेम कुमार, मंत्री मत्स्य विभाग संतोष कुमार, माननीय सांसद अभय कुमार कुशवाहा, महापौर गणेश पासवान, उप महापौर चिंता देवी एवम पार्षदगण के कर कमलों द्वारा किया गया है।इसके साथ ही गया नगर निगम के द्वारा स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ गया, स्वच्छ पितृपक्ष का लोगो का भी अनावरण किया गया है।

स्वच्छ गया, स्वच्छ पितृपक्ष नारे के साथ अभियान की शुरूआत की गई एवम 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक विशेष सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया गया है।

नगर आयुक्त गया ,गया नगर निगम के द्वारा सफाई कर्मियों को स्वच्छता कीट का वितरण किया गया है।इस अवसर पर सभी उप नगर आयुक्त,सभी लोक स्वच्छता पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, मुख्य सफाई निरीक्षक, सभी सफाई जोनल प्रभारी एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## रामशिला-प्रेतशिला पथ में लगे स्ट्रीट लाइट:बीरेन्द्र गोप

गया। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एड० बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र कुमार ने गया के जिलाधिकारी डा०एस एम त्यागराजन को पत्र लिखकर रामशिला-प्रेतशिला पथ में पितृपक्ष मेला को देखते हुए स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि दिनांक 17/09से ही गया में लगने वाला अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला का आगाज हो चूका है जिसमें देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं का अपने पितृदोष से मुक्ति के लिए गयाजी में आगमन होता है। ज्ञांत हो कि जो भी श्रद्धालु गयाजी आते हैं वे तर्पण के लिए प्रेतशिला अवश्य जाते हैं।परन्तु अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि रामशिला से प्रेतशिला तक जो स्ट्रीट लाइट लगा हुआ है वह खराब हालत में है या आधे से ज्यादा रास्ते मेंलगाया ही नहीं गया है जिससे गया जी की छवि राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल हो रही है। बीरेन्द्र गोप ने जिलाधिकारी से आग्रह करते हुए कहा है कि उपरोक्त विषय को स्वतः संज्ञान लेते हुए उक्त पथ में यथाशीघ्र स्ट्रीट लाइट लगवाने एवं खराब लाईट को बदलवाने का कष्ट करें ताकि यात्रीगण गयाजी का अच्छा छवि लेकर वापस जायें।

## एक्सिस बैंक ने पीएफआरडीए के साथ शुरू की एनपीएस वात्सल्य योजना

पटना। निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) वात्सल्य शुरू करने के लिए पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) के साथ हाथ मिलाया है, यह 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने पर केंद्रित योजना है। बता दें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 के केंद्रीय बजट के दौरान घोषणा की थी, यह पहल अपने बच्चों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाने में परिवारों को सशक्त बनाएगा।

दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हैदराबाद की सुश्री लांबा कर्णम आदित्री को एक प्रतीकात्मक स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्राण) प्रदान की, जिन्हें बैंक द्वारा चुना गया था। पहल के एक हिस्से के रूप में बैंक ने कुल 17 एनपीएस वात्सल्य खाते खोले और बच्चों को प्रतीकात्मक प्राण सौंपे। एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा कि एक मजबूत पेंशनभोगी भारत निर्माण की दिशा में भारत सरकार के इस मिशन का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व का क्षण है। यह पहल देश की भावी पीढ़ियों को लक्षित करते हुए धन सृजन के लिए एक संरचित और लचीला मार्ग प्रदान करती है, जिससे एक वित्तीय रूप से लचीला समाज विकसित होता है।

## पीआईबी-सीबीसी पटना के कर्मियों ने ली स्वच्छता शपथ एवं राजभाषा प्रतिज्ञा

पटना । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो, पीआईबी, एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सीबीसी, पटना के द्वारा मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा (17 सितंबर से 02 अक्टूबर) तक चलने वाले अभियान के मद्देनजर स्वच्छता शपथ और हिन्दी पखवाड़ा के तहत को राजभाषा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित की गई। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रमुख-सह-उपनिदेशक संजय कुमार ने पीआईबी-सीबीसी के अधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छता और राजभाषा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ लिया कि स्वच्छता की शुरूआत खुद से करेंगे और अपने गलीझमोहल्ले, कार्यालय को स्वच्छ रखेंगे। इस अवसर पर संजय कुमार ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा

## जीबीएम कॉलेज में सेमेस्टर वन की छात्राओं के लिए एनसीसी नामांकन परीक्षा सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में सत्र 2024-26 में एनसीसी कैडटों के चयन के लिए कॉलेज में बी.ए.,बी.एससी,बीकॉम कक्षाओं में सत्र 2024-28 के लिए नवनामांकित सेमेस्टर वन की छात्राओं के लिए नामांकन परीक्षा आयोजित हुई है। परीक्षा का संचालन एनसीसी 6 बिहार बटालियन इकाई, गया से आये एनसीसी अधिकारी सूबेदार राकेश प्रसाद एवं सीएचएम भोला सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेव बाउरी एवं कॉलेज की एनसीसी केयर टेकर आफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी एवं कैडेट मुस्कान कुमारी की देखरेख में हुआ है। सत्र 2024-26 की सीनियर विंग की कैडटों की भर्ती हेतु आयोजित यह नामांकन परीक्षा ह्लरिटेन टेस्टह्व तथा फिजिकल टेस्टह्व के साथ दो चरणों में आयोजित की गयी है। एनसीसी सीटीओ डॉ रश्मि ने बतलाया कि कॉलेज में अध्ययनरत सत्र 2023-27 की बी.ए.,बी. एससी,बीकॉम कक्षा की सेमेस्टर टू की छात्राओं के लिए एनसीसी में नामांकन हेतु परीक्षा 16 जुलाई, 2024 को पहले ही आयोजित की जा चुकी है। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में सत्र 2024-26 के लिए एनसीसी के सीनियर विंग में नामांकन हेतु कुल 53 रिक्तियाँ हैं। कैडटों का नामांकन चयन परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा फिजिकल फिटनेस टेस्ट के आधार पर किया जायेगा। नामांकन परीक्षा में शामिल छात्रा ब्यूटी कुमारी, साक्षी कुमारी, मानसी कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनाली कुमारी, पूजा कुमारी पंडित, राखी कुमारी, रीतिका भारती, सुषमा कुमारी, माहिरा सिद्दीकी, मनीषा कुमारी, रानी कुमारी, पूजा कुमारी, अराधना रानी, अनुषा कुमारी, मुस्कान, शीतल रानी, शबनम कुमारी, ललिता कुमारी, सान्या कुमारी, स्वेच्छा रानी, अमीषा सिंह, अंजली कुमारी, सलोनी कुमारी आदि को प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ बाउरी एवं एनसीसी सीटीओ डॉ. रश्मि ने एनसीसी में उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं है।

## डीएम कुमार गौरव को जनता को हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया:भास्कर कुमार



अरवल। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पूर्व उप प्रमुख भास्कर कुमार ने अरवल जिला पदाधिकारी को ग्रामीण इलाकों में जनता को हो रही कठिनाइयों के बारे में लिखित आवेदन देकर अवगत कराया । उन्होंने बताया कि ग्राम सरौती में जो कि जिला मुख्यालय के नजदीक होने के बावजूद भी यातायात व्यवस्था बिल्कुल जर्जर एवं ध्वस्त है ।वर्षा होने पर मरीज को चारपाई के सहारे मुख्य सड़क पर लाया जाता है, बच्चों को स्कूल आने जाने की व्यवस्था को मजबूर होकर बंद कर दिया जाता है ,यातायात में हो रहे कठिनाइयों के कारण बच्चों का भविष्य निर्माण पर भी असर पड़ रहा है, जिला प्रशासन के उदासीन रवैया से इस गांव का हालत बद से बदतर हो चुकी है इस गांव के घनी आबादी में जिला प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है कि मनुष्य की जो मूलभूत सुविधाएं होती है सड़क शिक्षा स्वास्थ्य इसमें हमारा गांव सरौती पूर्ण रूप से वंचित है। जिला पदाधिकारी श्री कुमार गौरव ने कहा कि जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य कराकर ग्रामीणों का कष्ट को दूर करेंगे एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी ने शराबी पति को भेजवाया जेल

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।अपने शराबी पति के रवैए से अजीज आकर पत्नी ने पति को भेजवाया जेल. मामला शेरघाटी थाना क्षेत्र के राजा बीघा गांव का है. जितेंद्र कुमार शराब के नशे में धुत होकर रोज गाली गलौज हल्ला हंगामा करता था.

उसने मंगलवार को भी कुछ इसी प्रकार का हरकत करना शुरू किया. जिसके बाद गुस्साए पत्नी ने पुलिस को फोन कर उसे गिरफ्तार करवा दिया और उसे जेल भेज दिया. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि महिला के शिकायत पर उसके शराबी पति को जेल भेजा गया है।

### गायब लड़की को पुलिस ने किया बरामद,लड़का को भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब लड़की एवं एक लड़के को पुलिस ने बरामद किया है. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि लड़की के गायब हो जाने की शिकायत पिछले सप्ताह उसके परिजनों ने किया था. परिजनों ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा था कि लड़की घर से पढ़ने के नाम पर निकली थी लेकिन देर शाम तक वह अपने घर नहीं लौटी थी. जिसे पुलिस ने शेरघाटी से बरामद किया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों को न्यायालय के समक्ष 164 का बयान दर्ज कराया जाएगा. तत्पश्चात न्यायालय के आदेश पर मेडिकल आदि की कार्रवाई की जाएगी.

### अरवल में खभैनी मोड़ के पास ट्रक के कुचलने से एक की मौत

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। तेज रफ्तार का कहर जारी है जहाँ ट्रक ने कुचला किशोर कि हुई मौते घटना अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के वालिदाद बजार स्थित खभैनी मोड़ के समीप ठल्139 पर ट्रक ने एक किशोर को कुचल दिया जहां मौके पर उसकी मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग 139 को पूरी तरह आवागमन बाधित कर दियो जानकारी के मुताबिक बीते दिन मौसी कि मृत्यु हो गई थी जहाँ अपने रिश्तेदार मौसी निधन के सूचना पाकर मौसी के घर खभैनी आ रहा था इसी क्रम में ट्रक ने किशोर को कुचला डाला जहाँ उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक को जप्त कर लिया है हालांकि चालक फरार हो गया है घंटो देर जाम के बाद सडक पर आवागमन बहाल हुआ मृत किशोर कि पहचान फेकू बिगहा गाँव निवासी संतोष साहू के पुत्र करीब 7वर्षीय हर्ष कुमार के रूप में की है फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस लाई है इधर परिवार वालों में रो रो कर हाल बेहाल हो गया है।

### कैम्पस ने मुजफ्फरपुर में एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर खुला

मुजफ्फरपुर। खेल और एथलेटिक फुटवियर ब्रांड कैंपस ने शहर के आइकॉन प्लाजा में एक नया एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर लांच किया है। इस स्टोर में कैम्पस के बेहद लोकप्रिय स्नीकर्स और आधुनिक फुटवियर प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें नाइट्रो फ्लाई और नाइट्रो बूस्ट रेंज शामिल हैं।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# पुलिस ने डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी ट्रेन से 12 लाख 50 हजार के विदेशी मूल का पोस्ता दाना किया जब्त

प्रातः किरण संवाददाता

पटना।सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत निवारण शाखा मुख्यालय पटना के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पाटलीपुत्र स्टेशन, पटना पर ट्रेन संख्या- 12423 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के एसएलआर नंबर झठफ153851/उ से 625 किलोग्राम विदेशी मूल का पोस्ता दाना जो 07 प्लास्टिक के बोरा में था को मंगलवार की रात्रि में जब्त किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य रुपए 12,50,000/- है।

इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी मूल का पोस्ता दाना डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के एसएलआर नंबरझठफ153851/उ में रेलवे रसीद के द्वारा दिमापुर से न्यू दिल्ली के लिए बुक किया गया है जो बिहार के रास्ते वगैर किसी वैध कागजात के तस्करी कर ट्रेन से नई दिल्ली ले जाई जा रही है जिसे सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना के अधिकारियों द्वारा जब्त किया गया।

पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) आयुक्ततालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों



सामान जब्त किये गए हैं। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उपरोक्त तस्करी के मामले में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर सीमा शुल्क (निवारण) मुख्यालय पटना के द्वारा की गई।

आयुक्त ने इस सम्बन्ध में बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके। आयुक्त ने यह भी बताया कि तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

## विधि-विधान पूर्वक की गई भगवान अनन्त की पूजा अर्चना

प्रातः किरण संवाददाता



गडहनी। नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर पुरानी बाजार एवं पथार गाँव स्थित मिश्रनाथ महादेव मंदिर के प्रांगण मे मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सामुहिक रूप से क्षीरसागर मे शेषशैया पर विराजमान भगवान अनंत की पूजा अर्चना विधि विधान के अनुसार वैद्दिक मंत्रोचार के साथ की गई।अनंत पूजा के दौरान सैकड़ों भक्तों ने अनंत भगवान की पूजा अर्चना के साथ कथा श्रवण किया।कथा के दौरान पण्डित अभिमन्यु मिश्र सविता नन्द मिश्र एवं अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने भगवान नारायण के स्वरूपों को विस्तार पूर्वक बताया कि भगवान विष्णु के अनन्त रूप की पूजा अर्चना भाद्रपद मास के चतुर्दशी तिथि को मध्याह्न काल मे व्रतोपवास रखकर की जाती है।अनंत पूजा करने से धन के साथ साथ मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।कथा समाप्ति के पश्चात व्रतधारी श्रद्धालुओ द्वारा समुद्र मंथन कर 14 गांठ के धागो से बनी अनन्त को पुरुष दाहिने एवं महिलाएं बांए हाथ में बांधकर सुख समृद्धि की कामना की तत्पश्चात हवनादि से निवृत्त हो आरती वंदना की गई।पण्डित जी ने कहा कि अनंत चतुर्दशी को लेकर गौ माता की पूजा करना, झूठ नहीं बोलना, अतिथि को सत्कार करना एवं पुरोहित को दान करना फलदायक होता है।इस दौरान व्रतधारी श्रद्धालुओ ने भक्तिमय माहौल के बीच भगवान अनन्त के जयकारे लगाते रहे।इस अवसर पर कुमार गौरव, रितेश कुमार मिश्र, दिवाकर मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, हीरानन्द मिश्र, शीतल मिश्रा, खुशी मिश्रा, जया कुमारी, जय, उतम, आलोक, छोटी, निकिता, निधि, शाम्भवी, सुरभि सहित सैकडों श्रद्धालु भक्तों ने भगवान नारायण की पूजा अर्चना की।

## पइन में डूबने से दो महिलाओं की मौत

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। पानी में डूबने से दो महिलाओं की मौत घटना है शहर तेलपा थाना अंतर्गत तेलपा गांव की रहने वाली दो महिलाओं की मौत पइन में डूबने से हो गई है जैसा की निकटवर्ती लोगों ने बताया कि दोनों महिला जयमति देवी पति शिवपूजन चौधरी उम्र 60 वर्ष और दूसरी महिला जयंती देवी पति बिगन चौधरी 55 वर्ष दोनों अपने खेत में काम करने गई थी जहां धान की सोहनी हो रही थी वहां से लौटते वक्त पइन पार करने केदौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूबने से मौत हो गई है महिलाओं की मौत की सूचना लोगों के द्वारा जब उनके परिवार को दी गई। परिवार के साथ ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। महिलाओं की खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दरम्यान एक महिला का शव अस्पताल के बगल से मिला।

## बच्चों को ठीक ढंग से पढ़ाइये और इन्हें आगे बढ़ाइये : नीतीश

प्रातः किरण संवाददाता

- सीएम ने तियरा पंप कैनाल योजना का किया लोकार्पण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को कैमूर जिला अंतर्गत नुआंव प्रखंड स्थित अखनी पंचायत में तियरा पंप कैनाल योजना का लोकार्पण किया तथा निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने मुख्यमंत्री को तियरा पंप कैनाल योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तियरा पंप कैनाल नियमित एवं बेहतर ढंग से फंक्शनल रहे ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। तियरा पंप कैनाल योजना के पूरा होने से तियरा, अखिनी, चिन्तामनपुर, जुझारपुर, तरैथा आदि गांवों को निर्बाध रूप से सिंचाई की सुविधा मिल गयी है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तियरा तथा



आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां पढ़ाई बेहतर ढंग से हो रहा है तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही शैक्षणिक योजनाओं का लाभ भी समय से प्राप्त हो रहा है। विद्यालय प्रांगण में ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तियरा का मुआयना कर मुख्यमंत्री ने वहां सेवारत शिक्षिकाओं से बच्चों की पढ़ाई एवं पोषाहार के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को ठीक ढंग से पढ़ाइये और इन्हें आगे बढ़ाइये। मुख्यमंत्री ने 4.18 करोड़ रुपए की लागत से कैमूर जिला में निर्मित होनेवाले कुल 11 पुलिस भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।

### मोहनिया शहरों के लिए पेयजल आपूर्ति योजना का किया कार्यारंभ

मुख्यमंत्री ने भभुआ एवं मोहनिया शहरों के लिए पेयजल आपूर्ति योजना के शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यारंभ भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक इस योजना का लाभ पहुंचे, इसको ध्यान में रखते हुए कार्य योजना का निर्धारण करें। पेयजल की गुणवत्ता स्वास्थ्य के लिए बेहतर हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखते हुए निर्धारित समय के अंदर योजना को पूर्ण कराएं।।

अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना तथा समेकित मुर्गी विकास योजना की स्वीकृति पत्र एवं मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाभी लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, 12138 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 103 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को 1 करोड़ 3 लाख रुपए का सांकेतिक चेक लाभार्थियों को प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल आदि मौजूद रहें।

## शारदीय नवरात्र में आकर्षक सजावट के बीच होंगे मां आरण्य देवी के दर्शन, कोलकाता के कारीगरों की टीम षष्ठी की रात्रि माता का करेगी श्रृंगार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। मां आरण्य देवी मंदिर के प्रथम तल पर बुधवार को मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट की बैठक हुई। अध्यक्षता मुख्य संरक्षक भीम सिंह ह्यभवेशह्न ने की। जिसमें शारदीय नवरात्र एवं दशहरा पूजा की तैयारियों को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में मंदिर के ग्रांउड फ्लोर पर अस्थायी रुप से रखे गये राधा-कृष्ण की मूर्ति हटाने, सप्तमी से दशमी तिथि तक दान संग्रह के लिए चार अतिरिक्त स्टाफ रखने, शारदीय नवरात्र के एकम तिथि से षष्ठी तिथि तक श्रद्धालु-भक्तों के बीच मूढी और इलाईची दाना प्रसाद के रुप में वितरण किए जाने पर सहमति बनी। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि कि रात्रि में मारवाड़ी समाज द्वारा मां आरण्य देवी की मूर्ति का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। षष्ठी तिथि की शाम संध्या आरती के पश्चात सजावट का कार्य शुरू होगा, जो मध्य रात्रि में करीब दो बजे पूरा हो जाएगा। सप्तमी तिथि की प्रातः 4 बजे मां की मंगला आरती होगी। कोलकाता के प्रसिद्ध फूल-श्रृंगार कारीगर के नेतृत्व में कलाकारों की टीम मंदिर परिसर में सजावट का कार्य करेगी।

सप्तमी के दिन मारवाडी समाज द्वारा माता के मंदिर में श्रद्धालु-भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। अष्टमी से दशमी तिथि तक मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालु-भक्तों के बीच बेसन से निर्मित बुंदिया का प्रसाद वितरित होगा। एकम से नवमी तिथि तक दीप जलाने के व्यवस्था मंदिर के ग्रांउड फ्लोर पर ही होगी। नवमी तिथि के दिन ग्राउंड फ्लोर पर ही भक्त हवन कर सकेंगे।

## उच्च विद्यालय डिभियां में स्काउट व गाइड ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड जिला रोहतास के तत्वाधान में जिला संगठन आयुक्त स्काउट अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में राम नरेश चौधरी उच्च विद्यालय डिभियां के स्काउट और गाइड ने चलाया स्वच्छता अभियान। जिला संगठन आयुक्त ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था, एक महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है। जो भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का लक्ष्य रखता है। इस अभियान के तहत, सरकार ने विभिन्न स्वच्छता उपकरणों की व्यवस्था की है। जो शौचालय, जल संरचनाएं और कचरा प्रबंधन। इसके साथ ही जनता को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जाता है। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके



भारत माता की सेवा करें। मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री विगन राम ने कहा इस स्वछता हमारे लिए बहुत जरूरी है हम सभी को स्वच्छता के बारे में ध्यान रखना चाहिए और साफ सफाई निरंतर करते रहना चाहिए। शिक्षक राजीव रंजन सिंह के साथ सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।स्काउट में ओम कुमार, सत्यम कुमार, अमन राज, प्रशांत कुमार, शेखर कुमार,राज कुमार और गाइड में सोनाली कुमारी, सुगंधा कुमारी, सुहानी, बिभा कुमारी, नंदनी कुमारी, आंचल कुमारी। साथ में विद्यालय के सभी स्काउट और गाइड उपस्थित रहे।

## सृष्टि के प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की बड़े धूमधाम से की गई पूजा अर्चना

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानो मे ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र वास्तुकला के देवता व सृष्टि के प्रथम वास्तुकार और देव शिल्पी शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा आराधना परम्परागत तरीके से भक्तिमय माहौल मे विधि विधान के साथ धुमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर पावर ग्रिड गडहनी मे मधुरेन्द्र दुबे, बियर फैक्ट्री देवढी मे प्रबंधक राज बिहारी मिश्र, दुर्गा ऑटो पार्ट्स मे उमेश कुमार मिश्र, राजदेव इंजीनियरिंग वर्कस मे राजदेव सहित अन्य प्रतिष्ठान के संचालको द्वारा प्रतिष्ठानो को सुसज्जित कर देव प्रतिमा स्थापित किया गया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इस दौरान पुरा प्रखण्ड क्षेत्र भगवान विश्वकर्मा की जयघोष से गुंजायमान होता रहा।वहीं पण्डित अमरेन्द्र कुमार मिश्र के द्वारा भगवान विश्वकर्मा का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आवहनादि प्राण प्रतिष्ठा व षोडशोपचार पूजनादि



कार्य संपन्न किया गया।पण्डित जी महाराज ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था तब से उनकी जयंती को जन्मोत्सव के रूप मे मनाया जाता है।प्रतिष्ठानो को भगवान विश्वकर्मा का स्वरूप मानते हुए मशीनो औजारों की पूजा की जाती है।ऐसी भी मान्यता है कि ब्रह्माजी ने पृथ्वी बनाने के बाद उसे संवारने का काम भगवान विश्वकर्मा को सौंपा था। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान विश्वकर्मा ने आकाश, भवन, पुष्पक विमान और हथियारों का निर्माण किया था।ऐसे में विश्वकर्मा जयंती के दिन उनकी पूजा करने से कौशल में सुधार आता है और नौकरी व्यापार आदि में भी दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की होती है।

## सड़क दुर्घटना में जख्मी महिला की हुई मौत, परिजनों से मिले पूर्व सांसद

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी।बीते दिन रानीतालाब थाना क्षेत्र के पकरंधा चौकी गांव के समीप सोमवार को धान की सोहनी कर घर लौट रही एक महिला को हाईवा के चपेट में आकर जख्मी हो गयी थी जख्मी महिला पारस पासवान की 65 वर्षीय पत्नी चंपा देवी की मंगलवार को पीएमसीएच में ईलाज के दौरान मौत हो गई। विदित हो कि उक्त घटना में पकरधा चौकी के सामने हाईवा के चपेट में आने से एक ही परिवार के दो ( दादी , पोती) लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं चंपा देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई थीं जिनका इलाज चल रहा था। तीनो लोग एक ही घर थे। वहीं पींड़ित परिजनों से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त कर मदद करने की बात कही।

## मुख्यमंत्री व गया संसद नही तोड़ी चुप्पी तो होगा आंदोलन

शेरघाटी। भाकपा-माले के द्वारा शहर में निकाला गया प्रतिरोध मार्च उक्त दौरान जिले में लागातर हो रहे दलितों एवम उनके साथ अत्याचार के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रखंड कार्यालय से मुख्यमार्ग होते हुए जेपी चौक तक गया। उक्त दौरान



मुख्यमंत्री नितीश कुमार और गया सांसद जीतन राम मांझी के द्वारा किसी तरह के कोई प्रतिक्रिया नही दिए जाने व चुप्पी साधे रहने पर कहा कि दलितों पर अत्याचार बन्द करो। उन्होंने कहा कि यदि संसद और मुख्यमंत्री कोई कदम नही उठाये तो उसके खिलाफ आन्दोलन तेज किया जाएगा। उक्त दौरान राम लखन प्रसाद, शिला वर्मा, राजकुमार सिंह, राम बिलास भगत, पारों देवी, महेंद्र मांझी, रेशमी देवी,मो मेराज अहमद ,मो रसीद अनसारी,सिताराम मांझी , कुलेश्वर मांझी,सुरेश वर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## यूनीवार्ता के उप संपादक प्रेम कुमार को मिला ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024



पटना, भारत की अग्रणी संवाद एजेंसी यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार को ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। राजधानी पटना के शंग्री-ला पैलेस में ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 के साथ इंडो-नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय किड्स फैशन शो का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान देने के लिये प्रेम कुमार को ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। प्रेम कुमार को यह सम्मान बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री पूनम ढ़िल्लो ने दिया।

प्रेम कुमार ने ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 मिलने पर अपनी खुशी जाहिर की और इसके लिये नरुलाज एंड कंपनी की संस्थापक, निदेशक और कार्यक्रम की आयोजक शिखा नरूला के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 मिलना मेरे लिये लिये गौरव की बात है। गौरतलब है कि प्रेम कुमार करीब दो दशक से यूनीवार्ता के लिये फिल्म, मनोरंजन, कला एंव संस्कृति से जुड़ी खबरें लिख रहे हैं। प्रेम कुमार को उनके अबतक के करियर के दौरान कई सम्मान मिलें है।

## बिहार सरस मेला का लोकेश कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

- 22 राज्यों की स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमी और परम्परा को लेकर 130 स्टॉल पर है उपस्थित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बुधवार को ज्ञान भवन, पटना में बिहार सरस मेला का शुभारंभ हो गया ' दस दिवसीय सरस मेला 27 सितंबर तक चलेगा ' स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, कलाकृतियों व्यंजन एवं परम्परा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा सरस मेला आयोजित है ' बिहार सरस मेला का विधिवत उद्घाटन लोकेश कुमार सिंह, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग , बिहार ने ज्ञान भवन के मुख्य द्वार पर फीता काटकर किया ' इससे पूर्व सचिव , ग्रामीण विकास विभाग का स्वागत हिमांशु शर्मा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका ने पुष्प गुच्छ देकर किया ' तत्पश्चात सचिव, ग्रामीण विकास विभाग ने मेला परिसर में लगे विभिन्न स्टॉल का भ्रमण किया और ग्रामीण महिला शिल्पकारों द्वारा उत्पादित शिल्प, कलाकृतियाँ, उत्पादों एवं व्यंजनों का अवलोकन किया ' सचिव महोदय ने मुख्य मंच पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरवात की ' आगत अतिथियों का मंच पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया '

स्वागत संबोधन श्री हिमांशु शर्मा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी , बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) ने किया ' आगत अतिथि का स्वागत करते हुए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जीविका ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार बिहार समेत 22 राज्यों की स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमी अपने हस्तशिल्प, कलाकृतियाँ, स्वाद, व्यंजन और परम्परा को लेकर 130 स्टॉल पर उपस्थित हैं ' बिहार के सभी जिला से जीविका से सम्बद्ध स्वयं सहायता समूह से जुडी जीविका दीदियाँ भी अपने विभिन्न उत्पादों तथा देशी, शुद्ध एवं पौष्टिक व्यंजन को लेकर उपस्थित हैं ।

ग्रामीण शिल्प , उत्पाद, लोक कला को एक मंच पर लाकर प्रोत्साहन एवं बाजार उपलब्ध कराना जीविका की प्रतिवद्धता है ' अंत में श्री लोकेश कुमार सिंह , सचिव, ग्रामीण विकास विभाग ने अपना उद्बोधन व्यक्त किया ' सरस मेला के माध्यम से ग्रामीण परिवेश की महिलाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं ' ग्रामीण शिल्प और हस्तकला के सबसे बड़े बाजार में आकर बिहार के देश भर की स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाएं लाभान्वित हो रही है ' ग्रामीण विकास विभाग भी गरीबी उन्मूलन एवं गाँव-समाज के विकास के लिए जीविका के माध्यम से कई योजनायें क्रियान्वित करा रही है ।

# केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने किया एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ

- बिहार के चार प्रमुख जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर भी ऑनलाइन जुडा
- राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार द्वारा पटना में एन.पी.एस.वात्सल्य के 14 प्राण संख्या का वितरण बच्चों के बीच किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

पटना।एन.पी.एस.वात्सल्य योजना का विधिवत शुभारंभ निर्मला सीतारामन, केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा दिल्ली के विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित समारोह में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य मंत्री, वित्त पंकज चौधरी,वित्त विभाग केंद्र सरकार के सचीव, पीएफ आर. डी.ए. के अध्यक्ष एवं अन्य अतिथिगण मौजूद थे।

बिहार राज्य भी एन.पी.एस.वात्सल्य योजना के शुभारंम कार्यक्रम से ऑनलाइन जुडा। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के द्वारा भी वृहत कार्यक्रम बिहार के चार प्रमुख जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर में किया गया।

पटना में यह कार्यक्रम एस.एल.बी.सी. के तत्वावधान में संयोजक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक(दक्षिण बिहार) की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें बिहार के 40 से अधिक बच्चे अपने अभिवावक व शिक्षक के साथ कार्यक्रम में वेबेक्स के माध्यम से विज्ञान भवन दिल्ली से जुड़े, जहाँ पर एन.पी.एस.वात्सल्य योजना का विधिवत शुभारंभ श्रीमती निर्मला सीतारामन, माननीय केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमे भारतीय स्टेट बैंक के पटना मंडल के मुख्य महा प्रबंधक के. वि. बंगाराजु उपस्थित थे क इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिल्ली से हुआ एवं राज्य स्तर पर भी सभी प्रतिभागी वेबेक्स के माध्यम से जुड़कर




इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बने। शुभारंभ के पूर्व पटना में रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक सह संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं पी.एफ.आर.डी.ए. के तत्वाधान में हो रहे इस कार्यक्रम की रूप रेखा से सबको अवगत कराया। उन्होंने नए स्कीम एन.पी.एस. वात्सल्य के बारे में वृहत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले बच्चे अपने अभिवावक के साथ यह खाता बैंको में खोल सकेंगे तथा इससे जुड़ी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना के फलस्वरूप बच्चों में शुरूआत से ही बचत की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा, पेंशन आधारित समाज का निर्माण हो सकेगा और बच्चों के रिटायरमेंट के समय (60 वर्ष) तक काफी अच्छे फंड का व्यवस्था भी हो सकेगी। रबीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने इसके अलावा एन. पी.एस. वात्सल्य के योग्यता, लाभ तथा विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्यों से सभा को अवगत कराया तथा सभी को ज्यादा से ज्यादा इस योजना से खुद जुड़ने तथा अपने परिचित को जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

आयोजन के अंत में राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार द्वारा एन.पी.एस.वात्सल्य के 14 प्राण (ढफ्ळअठ) संख्या का वितरण बच्चों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम में एस एल बी सी, बिहार के सहायक महाप्रबंधक कुमार रणजीत व अन्य अधिकारियों के साथ बिहार राज्य के विभिन्न बैंक के प्रतिनिधि, नाबार्ड के प्रतिनिधि, प्रयास से आए कलाकार तथा मीडियाकर्मी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। मौके पर बच्चों तथा अन्य सम्मानीय अतिथियों ने नाबार्ड तथा प्रयास टीम के द्वारा वित्तीय साक्षरता के विषय पर मंचित नुक्कड़ नाटक का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन भारतीय स्टेट बैंक के नवल किशोर मिश्रा, उप महाप्रबन्धक (एस. एल. बी. सी. एवं आर से टी) के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## झारखन्ड प्रदेश शौंडिक संघ द्वारा 29 को होगा स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

पटना/रांची। बुधवार को अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन वेंकट हाल में झारखन्ड प्रदेश शौंडिक संघ द्वारा दिनाक 29, सितंबर को स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन को लेकर लेक गार्डेन वेंकट हाल का निरीक्षण भ्रमण कर कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम के दिन परफेक्ट डायग्नोस्टीक के निदेशक प्रेम कुमार भगत की स्वास्थमित्रों का दल स्वास्थ शिविर के माध्यम से बीपी , शुगर, थायराइड,इत्यादि जॉच की निशुल्क सेवा देंगे। शिविर में मुख्य रूप से फिजिसीएन डा सिद्धनाथ जैन, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा बेदीका महेश्वरी, शल्य चिकित्सक डॉ नमन महेश्वरी मरीजों की सेवा में नि शुल्क सेवा देने में सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

आज के इस बैठक में सक्रिय भूमिका निभाने वाले उदय साहु, सैलेंद्र कुमार, कुणाल कुमार बंटी, अरूण देव, विद्याधर साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, मुकेश कुमार, प्रेम कुमार भगत, अंकित साहु, उपेंद्र साहु, पंकज साहु, हरी केटरर के हरी नारायण साहु, प्रदीप प्रसाद, संजय साहु, बीरेंद्र साहु को अलग अलग जवाबदेही सुनिश्चित किया गया है।

# 400 टेस्ट विकेट हासिल करने के राह पर टिम साउदी, चाहिए मात्र 20 विकेट

## रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे

**गॉल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी को लगता है कि टेस्ट प्रारूप में 400 विकेट का आंकड़ा छूना आसान नहीं है। 380 विकेट ले चुके साउदी को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 20 विकेट ही चाहिए। ऐसा कर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेने वाले 18वें और रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। हालांकि 35 वर्षीय साउदी को लगता है कि 400 विकेट की उपलब्धि अभी भी उनसे कुछ दौरे दूर है, खासकर एशिया का दौरा, जहां स्पिनर लाल गेंद वाले क्रिकेट पर हावी होने के लिए पसंदीदा हैं।

साउथी ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि हर खेल में आप बाहर जा रहे हैं और अपनी भूमिका निभाने और अपनी टीम के लिए कुछ विकेट लेने की कोशिश कर रहे हैं, और यह अच्छा होगा यदि आप उन मील के पत्थर को हासिल करते हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ, जब आप लंबी अवधि के लिए खेलते हैं, तो मुझे लगता है, आप उसके करीब पहुंचने में सक्षम होते हैं, लेकिन फिर भी 20 विकेट दूर रहने के मतलब अभी आपके सामने बहुत सारे दौरे हैं।

ऐसे में अधिकांश विकेट स्पिनर के पास जाने की उम्मीद है। फिर भी साउथी को लगता है कि श्रृंखला में तेज गेंदबाजों की भूमिका होगी, भले ही यह एक कठिन चुनौती है। साउथी ने कहा कि मुझे लगता है कि ऐतिहासिक रूप से, यहां, विशेष



रूप से गॉल में, स्पिन ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन तेज गेंदबाज के रूप में, यदि आप यहां आकर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, तो यह एक कठिन चुनौती है, लेकिन बहुत फायदेमंद चुनौती है।

न्यूजीलैंड इस साल मार्च के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेगा। ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान बारिश की वजह से श्रीलंका श्रृंखला की तैयारी की उनकी उम्मीदें बर्बाद हो गईं।साउदी ने कहा कि हां, यह निराशाजनक था (अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना), लेकिन हमने फिर भी एक सप्ताह (भारत में) बिताया, जिससे हमें कुछ सकारात्मक चीजें मिलीं। हमें यहां कुछ प्रशिक्षण मिला।

## पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को आईपीएल 2025 सीज़न के लिए अपनी टीम का प्रमुख कोच बनाया है। इससे पहले वह पिछले सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे और दो महीने पहले ही दोनों की राहें जुदा हुई थीं। जानकारी के अनुसार पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ एक से अधिक साल का क़रार किया है और अब वह ही अपने कोचिंग स्टाफ़ के अन्य सदस्यों का चयन करेंगे। फ़िलिहाल पंजाब के कोचिंग स्टाफ़ में ट्रेवर बेलिस (मुख्य कोच), संजय बांगर (क्रिकेट सुधार प्रमुख), चार्ल लैंग्वेल्ट (तेज़ गेंदबाज़ी कोच) और सुनील जोशी (स्पिन गेंदबाज़ी कोच) हैं। अब देखना होगा कि इन्हें पोंटिंग की नई टीम में जगह मिलती है या नहीं। पंजाब किंग्स ने 2024 में 9वें स्थान पर अपने अभियान को समाप्त किया था। 2014 से पंजाब किंग्स की टीम प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाई है। पोंटिंग की पहली चुनौती उन खिलाड़ियों का चयन करना होगा, जो इस साल बड़ी नीलामी से पहले रिटेन किए जाएंगे। इसके बाद बड़ी नीलामी उनकी दूसरी चुनौती होगी। शिखर धवन के संन्यास लेने के बाद कप्तान का चुनाव भी पोंटिंग के लिए एक और सिरदर्द होगा। पिछले साल हर्षल पटेल, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था, वहीं उनके पास जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह और राहुल चाहर जैसे भारतीय खिलाड़ी जबकि सैम करन, लियाम लिविंगस्टन, जॉनी बेयरस्टो और कैगिसो रबाडा जैसे विदेशी नाम हैं। पोंटिंग दिल्ली से पहले मुंबई इंडियन के साथ 2013 से 2016 के बीच सलाहकार और फिर मुख्य कोच के रूप में जुड़े थे।



## वनडे फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे एडम जम्पा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की आगामी वनडे सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा। इस मुकाबले में एडम जम्पा इस फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे। इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब पहुंचने पर जम्पा ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने देश के लिए वनडे में इतने मैच खेल पाएंगे। वे 100 वनडे खेलने वाले 32वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। साथ ही शेन वॉर्न और ब्रैड हॉग के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे सिर्फ तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर बन जाएंगे। इस खास मौके पर उनकी पत्नी हेरिएट, बेटा यूजीन और माता-पिता डैरेन और एलिसन ट्रेंट ब्रिज में मौजूद रहेंगे। जम्पा ने कहा, मैं 100 वनडे मैच खेलने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए इतना खेलूंगा। जब आप देखते हैं कि आजकल लोग कितने वनडे मैच खेलते हैं, तो बहुत कम लोग 100 मैच खेल पाते हैं। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में निश्चित रूप से बहुत अधिक वनडे क्रिकेट खेला जाता था और कोई टी20 मैच नहीं होता था। मैं कुल मिलाकर 200 अंतरराष्ट्रीय मैच (191) खेलने के करीब पहुंच रहा हूं, इसलिए मुझे इतना खेलने की उम्मीद नहीं थी। 99 वनडे मैचों में इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 28.05 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट से 169 विकेट लिए हैं। हालांकि जम्पा 2021 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रमशः टी20 विश्व कप और वनडे विश्व कप विजेता रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिक विश्व कप जीतने की चाह अभी भी उनके अंदर है। खासकर 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप पर उनका पूरा फोकस है।



केएल राहुलः

# टीम इंडिया का क्राइसिस मैन, क्यों बन गया सॉफ्ट टारगेट ?

**चेन्नई, एजेंसी।** टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट गुरुवार (19 सितंबर) से चेन्नई में खेला जाएगा। यह मुकाबला लाल मिट्टी की पिच पर खेला जाएगा, जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। हालांकि, वक्त के साथ-साथ पिच का मिजाज भी बदलेगा। पिच, प्लेइंग-11 और टीम कॉम्बिनेशन को लेकर कई बातें उठी लेकिन इस बीच केएल राहुल का जिक्र भी हुआ। सवाल यह है कि आखिर टीम इंडिया का क्राइसिस मैन, हर किसी का सॉफ्ट टारगेट क्यों बन गया ? दोनों टीमों को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। इन सबके बीच कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस की। पीसी में रोहित से केएल राहुल और सरफराज खान को लेकर सवाल किया गया। रोहित ने सीधे तौर पर राहुल का समर्थन किया। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि हर सीरीज शुरू होने के पहले टीम में केएल राहुल की पोजीशन पर सवाल आखिर क्यों? इसका एक सबसे बड़ा कारण है कि लंबे समय तक खराब फॉर्म से जूझ रहे केएल राहुल को टीम ने हमेशा सपोर्ट किया और उन्हें मौके दिए। हालांकि, वो दौर अब बीत चुका है और केएल राहुल काफी हद तक टीम में जगह बनाने के हकदार हैं। कोच या कप्तान



ने उन्हें इसलिए भी बैक किया था क्योंकि ये वो बल्लेबाज है जो हर पैमाने में खुद को फिट करने की क्षमता रखता है। ओपनिंग से लेकर नंबर-5 तक बल्लेबाजी करना, विकेटकीपिंग संभालना और कई मौकों पर टीम की कप्तानी भी करना। यह सब रोल केएल राहुल निभा चुके हैं। एक समय था जब उन्हें टीम इंडिया का स्टेपनी कहा जाता था। हालांकि, राहुल पिछले कुछ वर्षों में एक सॉफ्ट टारगेट बन चुके हैं, फॉर्मेट चाहे जो भी हो। लेकिन जब-जब राहुल पर सवाल किया गया है उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को जवाब दिया है। इस बल्लेबाज के करियर के शुरुआत दौर में उन्हें अगला विराट कोहली माना जाता था। लेकिन कई मौकों पर उनके शरीर और किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। खास तौर पर इंजरी के बाद कमबैक कर रहे राहुल का बल्ला काफी समय तक खामोश रहा। कई मौकों पर उनकी धीमी बल्लेबाजी भी परेशानी का सबब रही। लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में कई मौकों पर यही बल्लेबाज टीम के लिए खड़ा रहा था।

चाहे विदेशी जमीन हो या घरेलू सीरीज, हर जगह खुद को इतनी बार साबित करने के बाद भी राहुल की तुलना युवा सरफराज खान के साथ करना कितना ठीक है?

## आज कल रिटायरमेंट मज़ाक..., क्या टी20 से संन्यास वापस लेंगे रोहित शर्मा? हिटमैन ने दिया ये जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 से संन्यास ले चुके हैं. भारत को 2024 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया था. इसके बाद रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में टी20 जैसी बैटिंग की, जिसके बाद चर्चा होने लगी थी कि शायद रोहित टी20 से संन्यास वापस ले लें. पर अब उन्होंने संन्यास से यू-टर्न पर मजेदार जवाब दिया है.



बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले रोहित शर्मा ने जियो सिनेमा पर कहा, इन दिनों संन्यास वर्ल्ड क्रिकेट में एक मज़ाक बनकर रह गया है. लोग संन्यास की घोषणा करते हैं, लेकिन फिर खेलने के लिए लौट आते हैं. भारत में ऐसा नहीं हुआ है. हालांकि, मैं अन्य देशों के खिलाड़ियों को देख रहा हूं, वे संन्यास का एलान करते हैं, लेकिन फिर यू-टर्न ले लेते हैं. इसलिए आपको कभी पता नहीं चलता कि वास्तव में किसी ने संन्यास ले लिया है या नहीं. रोहित अपने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास को लेकर कहते हैं, ÷मेरा फैसला अंतिम है और मैं बहुत स्पष्ट हूं. यह टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कहने का सही समय था. मैं संन्यास वापस नहीं ले रहा हूं. रोहित ने यह भी बताया कि टी20 फॉर्मेट खेलना उन्हें काफी पसंद था.

एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्डः

## हरमनप्रीत और पीआर श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया है। वहीं, पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार के लिए नामित किया है। दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और टीम को कांस्य पदक दिलाया था। कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं। अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया था। वहीं, श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है। एफआईएच ने अपनी वेबसाइट पर इस सूची को जारी करते हुए कहा- नामांकन हासिल करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं। इस सूची को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञ समिति को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों के मैच डेटा मुहैया कराए गए थे। इसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर और पेरिस ओलंपिक 2024 के मुकाबले शामिल थे।

## कुलदीप यादव पहली बार खेल सकते हैं लगातार 5 टेस्ट, ये है भारत-बांग्लादेश की संभावित प्लेइंग 11

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 19 सितंबर से खेले जाने वाले मैच से होगी। भारत की नजरें दो टेस्ट मैच की सीरीज जीतकर घरेलू सरजमीं पर अपने दबदबे को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत करने पर टिकी होंगी। भारतीय क्रिकेट टीम 10 टेस्ट के सीजन की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा, जिससे उसका डब्ल्यूटीसी फाइनल का दावा मजबूत बना रहे।

दोनों टीमों के बीच पिछली टेस्ट सीरीज में भारत ने बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया था। चेन्नई की पिच पर भारत को दो स्पिनर्स के रूप में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ खेलने की अनुमति मिल सकती है। बीसीसीआई की घरेलू सीजन में तेज गेंदबाजों को रोटेट करने की योजना को देखते हुए 2-3 संयोजन के साथ बने रहने की संभावना है।



ऐसे में कुलदीप यादव को करियर में पहली बार लगातार पांच टेस्ट खेलने का मौका मिल सकता है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट को यह फैसला करना होगा कि एमए चिदंबरम स्टेडियम की लाल मिट्टी की पिच पर आकाशदीप या यश दयाल में से किसी एक को तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में खिलाए या फिर घरेलू टेस्ट में तीन स्पिनर्स के साथ उतरने की प्रवृत्ति को बरकरार रखते हुए कुलदीप यादव को मौका दे। जसप्रीत बुमराह प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। भारतीय क्रिकेट टीम मोहम्मद सिराज की जगह आकाशदीप को आजमा सकती है। यह इसलिए भी है ताकि एक अनुभवी तेज गेंदबाज उपलब्ध रहे और दूसरा आराम करे। केएल राहुल को मध्यक्रम में सरफराज खान पर तरजीह दी जा सकती है। हालांकि, भारत के बल्लेबाजों को स्पिन के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

## 400 टेस्ट विकेट हासिल करने के राह पर टिम साउदी

**गॉल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी को लगता है कि टेस्ट प्रारूप में 400 विकेट का आंकड़ा छूना आसान नहीं है। 380 विकेट ले चुके साउदी को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 20 विकेट ही चाहिए। ऐसा कर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेने वाले 18वें और रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। हालांकि 35 वर्षीय साउदी को लगता है कि 400 विकेट की उपलब्धि अभी भी उनसे कुछ दौरे दूर है ।

## पुरुषों के बराबर होगी महिला टी-20 वर्ल्डकप की इनामी राशि



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई सचिव जय शाह के आईसीसी के चेयरमैन का पद संभालने से पहले ही बदलाव की शुरुआत हो गई है। क्रिकेट की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीसी ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। आईसीसी ने बताया कि अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप की इनामी राशि इस साल हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के बराबर होगी। यह रकम बीते साल हुए महिला वर्ल्ड कप से दोगुनी है। इसे दोनों वर्ग के बीच समानता के तौर पर देखा जा रहा है।

महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में हारने वाली टीम भी मालामाल हो जाएगी। आईसीसी के ऐलान के मुताबिक महिला टी20 वर्ल्ड कप के उपविजेता को अब 17 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 14 करोड़ 24 लाख रुपये) दिए जाएंगे। पिछली बार उपविजेता को पांच लाख अमेरिकी डॉलर (करीब चार करोड़ 18 लाख रुपये) दिए गए थे।

आईसीसी के अनुसार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम को इस बार करीब 19 करोड़ 60 लाख रुपये मिलेंगे।

## लीजेंड्स लीग में प्रदर्शन के लिए फॉर्म में रहना जरूरी है : रैना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) जैसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को शीर्ष फॉर्म में रहना होता है। एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से शुरू होगा जिसमें शिखर धवन और दिनेश कार्तिक जैसे हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले खिलाड़ी भी भाग लेंगे। रैना ने कहा कि एलएलसी काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है।

आप अलग अलग जगहों पर अलग अलग विकेटों पर खेल रहे हैं। इसमें कई सुपरस्टार हैं। आपको इरफान पठान, युसूफ पठान, क्रिस गेल, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा और मुझे खेलते देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि छक्का लगाने के लिये फिट होना जरूरी है। गेंदबाज को चार अच्छे ओवर डालने हैं।



किसी के लिए ऐसी लीग में खेलना आसान नहीं है। ऐसा नहीं है कि आप रिटायर हुए और इसमें खेलने आ गए। अब इसके लिए भी काफी प्रतिस्पर्धा है। रैना ने इस दौरान बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर भी बात की। उन्होंने कोहली की वापसी पर बात करते हुए कहा कि डब्ल्यूटीसी में भारत लगभग 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इस टेस्ट चक्र में ढेर सारे रन बनाएंगे। रैना बोले- टीम इंडिया के रोहित शानदार कप्तान हैं।

उन्होंने इसे तब साबित किया जब भारतीय टीम ने टी2ओ विश्व कप ट्रॉफी जीती। लेकिन ध्यान विराट कोहली की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी पर होगा। उन्हें टेस्ट मैच पसंद हैं और वे उन्हें बहुत सम्मान देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम विष्णुदेव साय से मिले केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी



**रायपुर , एजेंसी।** राजधानी रायपुर स्थित सीएम आवास में आज केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की. मुख्यमंत्री साय ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी का अपने निवास में स्वागत किया. सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने पर चर्चा : मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की. इस दौरान सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने, दोनों उपक्रमों और राज्य सरकार के मध्य और बेहतर समन्वय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया. मुख्यमंत्री, विष्णु देव साय ने कहा कि सेल व एनएमडीसी के सीएसआर मद के कार्यों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है. नगरनार अंचल में स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के अधिक कार्य किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकें. छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री कुमारस्वामी बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट और भिलाई स्टील प्लांट का निरीक्षण करने के बाद आज राजधानी रायपुर पहुंचे. सेल के चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, एनएमडीसी के सीएमडी अमिताव मुखर्जी, मुख्यमंत्री और खनिज साधन विभाग के सचिव पी.दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और राहुल भगत, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता भी इस मुलाकात के दौरान मौजूद रहे.

### मणिपुर के जिरीबाम जिले में गोलीबारी

**इंफाल, एजेंसी।** पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के चानुंग और सी जौलेन गांव में तलाशी अभियान चलाया तथा कुछ हथियार और गोला बारूद बरामद किए। मणिपुर में जिरीबाम जिले के मोंगबुंग मेइती गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मंगलवार शाम करीब सात बजे अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी की, जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को मौके पर भेजा गया जिसके बाद रात करीब आठ बजे गोलीबारी बंद हुई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों से अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को सहयोग करने का आग्रह किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि गांव में पिछले कुछ दिनों में हवा में कई ड्रोन उड़ते देखे गए हैं। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के चानुंग और सी जौलेन गांव में तलाशी अभियान चलाया तथा कुछ हथियार और गोला बारूद बरामद किए।

### हरियाणाः आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 26.82 करोड़ रुपये की शराब, मादक पदार्थ जब्त

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए 16 अगस्त को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने 26.82 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, शराब और नकदी जब्त की। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को किसी भी तरह के प्रलोभन से प्रभावित होने से रोकने के लिए आयोग सख्त रुख अपना रहा है और विभिन्न एजेंसियां राज्य में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और नकदी की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

# फिर टेंशन में एकनाथ शिंदे सरकार, चुनाव से पहले मनोज जरांगे अनशन पर बैठे

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपने समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। जरांगे का एक साल से अधिक की अवधि में यह छठा अनशन है। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर जालना जिले के अपने पैतृक स्थान अंतरवाली सराटी गांव में मध्य रात्रि से अनशन शुरू किया। अपने आंदोलन से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर समुदाय को जानबूझकर आरक्षण नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि मराठा अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'एक और मौका' दे रहे हैं।



उन्होंने सत्तारूढ़ दलों को चेतावनी भी दी कि यदि समुदाय की मांगें पूरी नहीं की गईं तो उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में इसके परिणाम भुगतने होंगे। जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है और उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण दिया गया है।

जरांगे ने कहा कि वह यह भी चाहते हैं कि उनके आंदोलन के दौरान मराठा समुदाय के कई सदस्यों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा, मराठा समुदाय मेरे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन सरकार जानबूझकर आरक्षण नहीं दे रही है। इसके अलावा, वे कहते हैं कि हम राजनीतिक भाषा बोल रहे हैं...मैं अब राजनीतिक भाषा नहीं बोलूंगा, लेकिन यह उप मुख्यमंत्री फडणवीस के लिए एक और मौका है।

उन्होंने कहा, मेरा समुदाय राजनीति में प्रवेश नहीं करना चाहता। सरकार को अध्यादेश पारित करना चाहिए कि मराठा और कुनबी एक ही हैं। 2004 में पारित अध्यादेश में सुधार किया जाना चाहिए। 'रक्त संबंधियों' की अधिसूचना तुरंत लागू की जानी चाहिए। जारी किए गए प्रमाण पत्रों के आधार पर जो भी इसकी मांग करता है, उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए। आंदोलनकारियों पर दर्ज मामले वापस लिए जाने चाहिए।

जरांगे ने कहा कि फडणवीस का समर्थन करने वाले नेताओं को उनसे बात करनी चाहिए। समुदाय देख रहा है कि आरक्षण कौन देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बाद में किसी भी परिणाम के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। पिछले वर्ष एक सितंबर के बाद से यह उनका छठा अनिश्चितकालीन अनशन है। जरांगे ने 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) अधिसूचना के मसौदे पर सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए पूर्ववर्ती हैदराबाद और सतारा रियासतों तथा बॉम्बे प्रेसीडेंसी के दौर के गजट को लागू करने की मांग की।

उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी से (शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए) फॉर्म भरने वाले छात्रों को बिना किसी कारण के हटाया जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और सामाजिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़ों (एसईबीसी) के लिए सभी तीन विकल्प खुले रखे जाने चाहिए।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उचाना क्षेत्र में दो चौधरियों की साख दांव पर लगी



**चंडीगढ़, एजेंसी।** उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है।

हरियाणा का उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है। भाजपा ने इन दोनों चौधरियों के बीच अपने युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री को मैदान में उतारकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इसलिए राज्य की उचाना कलां सीट प्रदेश की हॉट सीट बन गई है। वजह, इस सीट पर दुष्यंत चौटाला और बीरेंद्र सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

दुष्यंत चौटाला या बृजेंद्र दोनों में से जो कोई भी हारा उसके परिवार के राजनीतिक भविष्य पर संकट गहरा सकता है। तो वहीं दूसरी तरफ, भाजपा के युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री के लिए यह स्वर्णिम मौका है। देवेंद्र अत्री अगर इन दोनों दिग्गजों को हराकर जीत हासिल करने में कामयाब रहे, तो वह हरियाणा की राजनीति में एक बड़े चेहरे के रूप में स्थापित हो जाएंगे। इस सीट पर पिछले 15 साल से चौटाला परिवार और बीरेंद्र सिंह के परिवार के बीच ही मुकाबला होता रहा है। दो बार चौटाला परिवार और एक बार बीरेंद्र सिंह का परिवार यहां से चुनाव जीता है।

## महाराष्ट्र वालों की बल्ले-बल्ले, 3 रूटों पर शुरू हो गई हैं वंदे भारत

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रेल लगातार वंदे भारत ट्रेनों की संख्या में इजाफा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से महाराष्ट्र के लिए तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की हैं। इसके साथ ही राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस की कुल संख्या 11 हो गई है। भारतीय रेलवे के अनुसार, नई लॉन्च की गई ट्रेनें नागपुर-सिकंदराबाद, कोल्हापुर-पुणे और पुणे-हुबली रूट पर चलेंगी।

इन ट्रेनों की शुरुआत से पहले महाराष्ट्र में पश्चिम रेलवे और केंद्रीय रेलवे द्वारा संचालित आठ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही थीं। इन ट्रेनों में पश्चिम रेलवे मुंबई-अहमदाबाद और मुंबई-गांधीनगर रूट पर वंदे भारत को संचालित करता है, जबकि केंद्रीय रेलवे मुंबई-मडगांव, मुंबई-सोलापुर, मुंबई-साईं नगर शिरडी, मुंबई-जालना, नागपुर-रायपुर, और नागपुर-बिलासपुर रूट पर वंदे भारत ट्रेनों का संचालन करता है। अब जब नई ट्रेनें फिर से खुल गई हैं तो इन क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी यात्रियों के लिए और सुलभ हो गई हैं।

यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। पुणे से यह 2:15 बजे दोपहर को रवाना होगी और कोल्हापुर 7:40 बजे शाम को पहुंचेगी। वापसी में कोल्हापुर से यह 8:15 बजे सुबह रवाना होकर पुणे 1:30 बजे दोपहर को पहुंचेगी। इस वंदे भारत ट्रेन का पड़ाव मिराज, सांगली, किर्लोसकरवाडी, कराड, और सातार जैसे स्टेशनों पर होगा। यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार, शनिवार और सोमवार को चलेगी। पुणे से यह 4:15 बजे शाम को रवाना होकर हुबली 11:40 बजे रात को पहुंचेगी। वापसी में हुबली से यह 5:00 बजे सुबह रवाना होकर पुणे 1:30 बजे दोपहर को पहुंचेगी। इस ट्रेन का सातार, सांगली, मिराज, बेलगावी, और धारवाड़ में स्टॉपेज होगा।

**नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेसः** यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। नागपुर से यह 5:00 बजे सुबह रवाना होकर सिकंदराबाद 12:15 बजे दोपहर को पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन सिकंदराबाद से 1:00 बजे दोपहर को रवाना होकर नागपुर 8:20 बजे रात को पहुंचेगी। सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्लारशाह, रामगुंडम, और काजीपट जैसे स्टेशनों पर पर इस ट्रेन का पड़ाव है।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नई राह में 90 मीटर जमीन बनी अड़चन, सड़क बनने से बचेगा 10 किमी का चक्कर

**नोएडा-ग्रेटर , एजेंसी।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नया रास्ता बनाने के लिए हिंडन पुल को सड़क से जोड़ने का काम चल रहा है। इस सड़क को बनाने के लिए 90 मीटर जमीन नहीं मिलने परियोजना में अड़चन बन रही है। किसान ने सीधे प्राधिकरण को जमीन देने से इनकार कर दिया है।



नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच आने-जाने के लिए अभी एक्सप्रेसवे, डीएससी रोड, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और बिसरख होते हुए मुख्य रास्ते हैं। इन सभी रास्तों पर वाहनों का दबाव काफी रहता है। इसके कारण परी चौक पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए कुछ वर्ष पहले सेक्टर-146 हिंडन पुल के जरिये नई कनेक्टिविटी देने का निर्णय लिया गया था। यह सड़क सीधे ग्रेटर नोएडा के एलजी गोलचक्कर पर मिलेगी। इसके लिए नोएडा की ओर करीब 800 मीटर सड़क बनाने का काम किया जाना है। इसमें दो कलवर्ट भी बनाए जाने शामिल हैं। इस परियोजना पर करीब 32 करोड़ रुपये का खर्च आना अनुमानित है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सड़क बनाने का काम चल रहा है। यहां करीब 200 मीटर हिस्से में मिट्टी और पत्थर डालने का काम पूरा किया जा चुका है। बीते दिनों लगातार बारिश की वजह से आगे के हिस्से में मिट्टी नहीं डाली जा सकी है। अभी तक करीब 20 प्रतिशत काम हो चुका है। इस काम को अगस्त 2025 तक पूरा करने की डेडलाइन है। इस सड़क के काम में रफ्तार मिलने में 90 मीटर जमीन अड़ंगा बन गई है। जिस हिस्से में यह सड़क बननी है, उसमें जमीन का यह टुकड़ा आड़े आ रहा है। झट्टा गांव के एक किसान की यह जमीन है। प्राधिकरण के अधिकारियों और किसान के बीच पिछले छह महीने में चार-पांच बैठक हो चुकी हैं, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। प्राधिकरण इस जमीन को सीधे बैनामा के रूप में लेना चाहता है, जबकि किसान इसके बदले दूसरी जगह जमीन और अन्य मांग कर रहा है। इस पर प्राधिकरण तैयार नहीं है।

## जानलेवा हमले से बाल-बाल बचे डोनाल्ड ट्रंप ने की कमला हैरिस की तारीफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने प्रतिद्वंद्वी और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तारीफ की है। ट्रंप ने कहा कि उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद कमला हैरिस ने उन्हें फोन किया था। हम दोनों के बीच बहुत अच्छी बातचीत हुई। बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने खुद पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और कमला हैरिस की आलोचना की थी। ट्रंप समर्थक और टेक अरबपति एलन मस्क ने तो सोशल मीडिया पर बाइडेन और कमला हैरिस पर विवादित पोस्ट करते हुए कहा था कि उन दोनों पर हमले क्यों नहीं हो रहे हैं

बीते रविवार की दोपहर डोनाल्ड ट्रंप जब फ्लोरिडा में अपने ही एक गोल्फ क्लब में गोल्फ खेल रहे थे, तभी उनसे 400 गज दूर एक हमलावर एके-47 रायफल के साथ छिपा हुआ था। गनीमत से सुरक्षाकर्मी ने उसे देख लिया। हालांकि गोलीबारी के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी को पकड़ लिया गया। मामले की जांच एफबीआई कर रही है। जांच एजेंसी का कहना है कि ट्रंप पर जानलेवा हमले का प्रयास था लेकिन, सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी से विफल कर दिया गया। ट्रंप ने भी बाद में हमले के बाद कहा कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी और वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने समर्थकों को अपने संदेश में कहा कि वे इस तरह की घटनाओं से सरेंडर नहीं करेंगे।

## अफ्रीकी देश में माली में आर्मी ट्रेनिंग कैंप पर आतंकी हमला

**बमाको , एजेंसी।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बामको में आतंकियों ने एक आर्मी ट्रेनिंग कैंप पर हमला कर दिया। एक बयान में माली सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। मंत्रलाय ने कहा है कि राजधानी बमाको में एक जेंडरमेरी कॉम्प्लेक्स पर हमला करने के आतंकवादियों के प्रयासों को विफल कर दिया गया है, स्थिति नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार सुबह राजधानी बामको में आतंकियों ने फलाडी में जेंडरमेरी स्कूलों टारगेट किया गया था। हालांकि सुरक्षा बलों की कड़ी जवाबी कार्रवाई के चलते आतंकी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, माली के रक्षा मंत्रालय बयान जारी कर जनता को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। सरकारी बयान मे कहा गया, स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।



वहीं मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, गोलीबारी बमाको शहर से लगभग 15 किमी दक्षिण में मोदिबो कीता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक जेंडरमेरी शिविर के आसपास हुई और स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5 बजे शुरू हुई। इलाके में सड़कें अवरुद्ध की गईं। वर्ष 2012 से, माली स्वतंत्रता-समर्थक और जिहादी विद्रोह के साथ-साथ अंतर-सांप्रदायिक हिंसा के रूप में एक गहरे, बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं और सैकड़ों हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया, मंगलवार को, सशस्त्र चरमपंथियों ने माली की राजधानी बमाको में हवाई अड्डे के पास एक सैन्य प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया, जिसके कारण हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद हो गया। विस्फोटों की सूचना मिली, और सरकार ने हवाई अड्डे को बंद करके जवाब दिया। एक सुरक्षा अधिकारी ने अनिर्दिष्ट हताहतों और क्षति का उल्लेख किया, जबकि फलादी जेंडर स्कूल में घुसपैठ करने का प्रयास करने वाले बंदूकधारियों के बाद एक स्वीप ऑपरेशन शुरू किया गया था। सेना ने पुष्टि की कि हमलावरों को बेअसर कर दिया गया था। सेना के प्रमुख ओमार दियारा ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषणा की कि स्थिति नियंत्रण में है। हमला कई स्थानों पर हुआ, हालांकि विवरण प्रदान नहीं किए गए। अल-कायदा से जुड़े जेएनआईएम ने अपने मीडिया आर्म अज़ल्लाका के माध्यम से जिम्मेदारी का दावा करते हुए, महत्वपूर्ण नुकसान और विमान क्षति का दावा किया। एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने शिविर और हवाई अड्डे के बाहरी इलाके से दो विस्फोट और धुआं उठता देखा। एक सुरक्षा अधिकारी ने पुष्टि की कि हमलावर प्रशिक्षण शिविर में प्रवेश कर गए, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ। घटना के दौरान कम से कम 15 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने रिपोर्टरों से बात करने के लिए अधिकार न होने के कारण गुमनाम रूप से बात की। हमले के बाद, माली के अधिकारियों ने हवाई अड्डे को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया।

## गाजा ने इजरायली हमलों में मारे गये 34,344 लोगों की पहचान जारी की

**रामल्लाह , एजेंसी।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इजरायली हमलों में मारे गए 34,344 फिलिस्तीनियों की पहचान जारी की है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने नाम, आयु, लिंग और पहचान संख्या की एक सूची प्रकाशित की है, जिसमें अब तक युद्ध में मारे गए 80 प्रतिशत से अधिक फिलिस्तीनियों के नाम शामिल हैं। सूची में शामिल नामों के अलावा इजरायल के साथ संघर्ष में मारे गये शेष 7,613 लोगों को मिलाकर मृतकों की संख्या अब 41 हजार से अधिक हो गई है। उनके शव अस्पतालों और मुर्दाघरों में रखे गए हैं, लेकिन अब तक पहचान नहीं हुई है।

पहचाने गए लोगों में 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास हमलों के बाद पैदा हुए 169 बच्चे भी शामिल हैं। उसी हमले के बाद इजरायल की जवाबी कार्रवाई शुरू हुई जिसे अब लगभग एक साल हो गये हैं। साथ ही 1922 में पैदा एक व्यक्ति भी इस संघर्ष में मारा गया जिसने एक सदी से अधिक के अपने जीवन में कई युद्ध देखे थे।

गाजा के अधिकारियों द्वारा जारी दस्तावेज 649 पन्नों का है। मृतकों की सूची मुख्यतः उम्र के हिसाब से दी गई है। गाजा की आबादी युवा है। सूची में फिलिस्तीनी मरने वाले बच्चों के नामों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

इजरायली अधिकारी गाजा में अधिकारियों द्वारा दी गई मौतों की संख्या पर सवाल उठाते रहे हैं। उनका तर्क है कि चूंकि हमास वहां की सरकार को नियंत्रित करता है, इसलिए गाजा के स्वास्थ्य अधिकारी आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर बता रहे हैं।

हालांकि, इस क्षेत्र के डॉक्टरों और सिविल सेवकों के पास पिछले युद्धों का विश्वसनीय रिकॉर्ड है। साल 2009 और 2021 के बीच कई संघर्षों के बाद, संयुक्त राष्ट्र के जांचकर्ताओं ने मृतकों की अपनी सूची तैयार की और पाया कि वे गाजा द्वारा दी गई सूचियों से काफी मिलते-जुलते हैं। इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनी अधिकारी नियमित रूप से पुष्टि किए गए मृतकों की सूची अपडेट करते रहे हैं। हालांकि वे आम नागरिकों और लड़ाकों की संख्या अलग-अलग जारी नहीं करते हैं। जिन 34,344 मृतकों की सूची दी गई है, उनमें 11,355 बच्चे; 60 साल या उससे अधिक आयु के 2,955 लोग; और 6,297 महिलाएं शामिल हैं।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129